■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित    www.navbihartime.com    ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 277
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
9 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1822 :** चार्ल्स एग ग्राहम ने पहली बार नकली दांतो का पेटेंट कराया।

**1860 :** जापान ने पहली बार अमेरिका में अपना राजदूत नियुक्त किया।

**1860 :** जापान ने पहली बार अमेरिका में अपना राजदूत नियुक्त किया।

**1861 :** 50, 100 और 1000 डॉलर की मुद्रा को शामिल किया गया।

**1916 :** जर्मनी ने पुर्तगाल के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

**बुद्धि ईश्वर का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ वरदान है इसका इस्तेमाल पूरी ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ करना चाहिए : चाणक्य**

# हमने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया : नीतीश

## 'नारी शक्ति सम्मेलन' कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके जदयू की महिला सेल की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वे शुरू से ही महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहे हैं। इस दौरान लालू-राबडी राज पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पहले जो नेता थे, उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया था। हम लोगों ने महिलाओं के लिए सबकुछ किया है। आज सभी जगह भारी संख्या



में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने पंचायतों और सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के उत्थान के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके और उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके। जदयू का नारी शक्ति सम्मेलन महिलाओं के उत्थान

**■ महिला कार्यकर्ताओं ने '2025 फिर से नीतीश' के लगाए नारे**

और सशक्तीकरण को समर्पित था। इसमें पूरे प्रदेश से आई महिला कार्यकर्ताओं ने '2025 फिर से नीतीश' के नारे लगाए। महिला दिवस समारोह के लिए जदयू के महिला सेल ने अच्छी खासी तैयारी की थी। पूरे प्रदेश से महिला कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पोस्टर, बैनर तो लगे ही थे, फूल, माला, बुके, शॉल इन सारे चीजों का इंतजाम था। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के साथ नीतीश कुमार कार्यक्रम में पहुंचे थे। पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष भारती मेहता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया।

## मुजफ्फरपुर को केन्द्र सरकार ने दिया 75 करोड़ का तोहफा

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी में पर्यावरण अनुकूल विकास को बढ़ावा देने के लिए सिटीज 2.0 के तहत कार्यों की शुरुआत अगले छह महीने के भीतर होगी। 2026 तक शहर में कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था लागू हो जायेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 75 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। नगर निगम 18.75 करोड़ रुपये अपने आंतरिक स्रोतों से खर्च करेगा। इसके अलावा भारत स्वच्छ अभियान से 16 करोड़ रुपये मिलेंगे। सिटीज 2.0 के वर्कशॉप में शामिल होकर अहमदाबाद से लौटने के बाद शनिवार को नगर आयुक्त विक्रम विरकर ने प्रेस कांफ्रेंस की। नगर आयुक्त विक्रम विरकर ने बताया कि मुजफ्फरपुर शहर की आबादी 4-5 लाख के बीच होने के कारण राशि कम मिली है। पहले स्मार्ट सिटी की तरफ से 135 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मुजफ्फरपुर के जनप्रतिनिधियों और आम लोगों का सकारात्मक सहयोग मिलने से इतनी ही राशि में बेहतर कार्य होंगे। सिटीज 2.0 के तहत केंद्र सरकार की ग्रीन व क्लीन सिटी बनाने की जो परिकल्पना है, वह साकार हो जायेगी।

## अश्विनी वैष्णव ने रखी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर की आधारशिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**महबूबनगर (तेलंगाना)।** केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महबूबनगर जिले के दिविटिपल्ली इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में चार नई निर्माण इकाइयों की आधारशिला रखी। इस दौरान अमारा राजा कंपनी के गीगा फैक्ट्री-1 की आधारशिला रखी गई, जबकि लोहुम कंपनी की क्रिटिकल मिनरल्स रिफाइनिंग एवं बैटरी रीसाइक्लिंग इकाई, स्केल एनर्जी का सेल केसिंग प्लांट और अल्टमिन की पहली गीगा फैक्ट्री के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सरकार की प्राथमिकता में है और हम देश में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय नवाचार और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय द्वारा इएमसी 2.0 योजना के तहत 377.65 एकड़ भूमि



पर इस क्लस्टर की स्थापना को मंजूरी दी गई थी। अमारा राजा एडवांस्ड सेल टेक्नोलॉजीज इस क्लस्टर की एंकर यूनिट के रूप में कार्य करेगी और 262 एकड़ भूमि पर 16 गीगावॉट की सेल निर्माण इकाई तथा 5 गीगावॉट बैटरी पैक प्लांट स्थापित करेगी। इस परियोजना में अगले 5 वर्षों में 9,500 करोड़ रू का निवेश किया जाएगा, जिससे 4,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर इएमसी में 307.47 एकड़ भूमि पर 4 कंपनियां (अमारा राजा, अल्टमिन, लोहुम और स्केल एनर्जी) अपनी इकाइयां स्थापित करेंगी, जिनमें 10,574 करोड़ रू. का निवेश होगा और 19,164 नौकरियों का सृजन होगा।

## पटना में युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बेउर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना दशरथा गांव स्थित मुर्गी फार्म के पास हुई है। परिजन ने दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। गोली से घायल टिशु कुमार को पहले पटना एम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फुलवारीशरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि परिजन से पूछताछ में पता चला है कि टिशु कुमार को उसके दोस्तों ने बुलाकर गोली मारी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

● **पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने अश्लील भोजपुरी गाने एवं दोहरे अर्थ वाले भोजपुरी गानों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। अपराध अनुसंधान विभाग और कमजोर वर्ग प्रभाग ने एक पत्र जारी करते हुए बिहार के सभी रेंज के महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक से ऐसे अश्लील गानों के प्रसारण के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## सीएम ने चार मॉडल ट्रैफिक पोस्ट का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राजधानी पटना में चार मॉडल ट्रैफिक पोस्ट का उद्घाटन किया। इसमें चिड़िया घर गेट नंबर-2, सगुना मोड़, नवीन सचिवालय मोड़ और हड़ताली मोड़ पर मॉडल ट्रैफिक पोस्ट कार्यरत होंगे। इस मॉडल ट्रैफिक पोस्ट में महिला सिपाहियों की नियुक्ति होगी। पुलिस अधिकारी दीक्षा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शनिवार को चार मॉडल ट्रैफिक पोस्ट का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। इन पोस्ट में महिलाओं का पदस्थापन किया जाएगा। यहां महिलाएं ड्यूटी देंगी और क्विक रिस्पॉन्स दे सकेंगी। ऐसे 54 मॉडल ट्रैफिक पोस्ट की



स्थापना की जानी है। एक अन्य महिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन मॉडल ट्रैफिक पोस्ट में महिलाएं ही कार्य कर रही हैं।

## दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रू मिलेंगे

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली सरकार ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला समृद्धि योजना लांच कर दी। इसमें बीपीएल (गरीबी) परिवार की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने योजना शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले शनिवार सुबह दिल्ली कैबिनेट की बैठक में योजना को मंजूरी दी गई।






# अब राज्य में ही कम खर्च पर कैंसर का इलाज संभव : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सभी 38 जिलों के लगभग 45 हजारों गांवों के 8387 पंचायतों के लिए निःशुल्क ग्रामीण कैंसर जांच कार्यक्रम का लोकार्पण स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने डॉ. प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के प्रांगण में किया। इस दौरान ग्रामीण कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के लिए समर्पित नए ऐप व बिहार का पहला स्लीप इंस्टीट्यूट के लोकार्पण के साथ ही ऑन को-मीट 2025 का भी उद्घाटन किया।



अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में कैंसर के खिलाफ अभियान की सख्त जरूरत है। खासकर ग्रामीण व सुदूर इलाकों में बसने वाली आबादी पर फोकस जरुरी है। डॉ. प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ प्रभात रंजन ने इस अभियान को निःशुल्क चलाने का निर्णय लिया है। इससे निश्चित तौर पर बिहार के सुदूर इलाकों में रह रहे लोगों को लाभ मिलेगा। यदि पहले ही कैंसर की जांच करके उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर ली जाए तो इलाज करना संभव है। श्री मंगल पांडे ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां सर्वाइवल कैंसर के बचाव के लिए महिलाओं को टीके लगाए जाते हैं। प्रदेश में इस बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। हमारा लक्ष्य है कि महिलाओं में होने वाली इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए जन-जागरुकता में तेजी आए। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है जिससे राज्य की जनता लाभान्वित हुई है। एक दौर था जब कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पाड़ता था। मगर हमारे मुख्यमंत्री की सोच व निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि आज राज्य में कैंसर की बीमारी का समुचित इलाज हो रहा है। मुजफ्फरपुर में भी 425 करोड़ की लागत से कैंसर का बड़ा अस्पताल खुलने जा रहा है। वहीं पटना में चल रहे महावीर कैंसर अस्पताल को राज्य सरकार ने खुलकर सहयोग प्रदान की। राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम की समुचित व्यवस्था कर दी गयी है। 2005 के बाद स्वास्थ्य सेवा में काफी काफी सुधार हुआ है।

# सांसद रविशंकर प्रसाद के होली मिलन समारोह में पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना साहिब के भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय, नितिन नवीन सहित स्थानीय विधायक, वकील और डाक्टर भी शामिल हुए। इनके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय जनता भी पहुंची थी। समारोह में होली के पारंपरिक गीतों के साथ ही नृत्य की भी झलक दिखी। इस अनुशासित होली मिलन में उपस्थित जनसमूह केवल चंदन और फूलों की होली खेलते नजर आए। गीतों और नृत्यों में भी गांव खुशबू, फगुआ का



बयार और होली के सांस्कृतिक और पारंपरिक झलक देखने को मिली रविशंकर प्रसाद ने सभी मीडिया कर्मियों को भी चंदन लगाया और कहा होली सद्भावना का, प्रेम का मिलन का कार्यक्रम है। समारोह में उस समय बड़ी अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छूने को झुके। रविशंकर प्रसाद ने उनको रोका। फिर पास खड़े सांसद संजय झा ने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़ा। इसके बाद नीतीश कुमार ने रविशंकर प्रसाद को गले लगा लिया। मुख्यमंत्री रविशंकर प्रसाद से चार साल बड़े हैं। नीतीश कुमार मंत्री विजय कुमार चौधरी और संजय झा के साथ वहां पहुंचे थे। रविशंकर प्रसाद ने गेट पर उनका स्वागत किया। फिर गुलाल का टीका लगाया। मुख्यमंत्री ने गुलाल का टीका लगाने की जगह फूलों से उनका अभिनंदन किया।

# महिला दिवस पर पारस एचएमआरआई ने लांच किया विशेष पैकेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना ने महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने और समय पर जांच के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने एक महीने तक मुफ्त ओपीडी परामर्श और किफायती कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज की घोषणा की, जो मार्च 2025 तक वैध रहेगा। इस अभियान के तहत अस्पताल द्वारा निःशुल्क हेल्थ पास भी वितरित किए जाएंगे जिससे महिलाएं मुफ्त परामर्श प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मोशर्रत शाहीन, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रश्मि प्रसाद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. प्रगति अग्रवाल और डॉ. नेहा राय ने महिलाओं को समय पर जांच और सही उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

# बिहार विद्यापीठ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में संपन्न हुआ जिसमें समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सशक्तीकरण पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं एआईसी बिहार विद्यापीठ के सीईओ विजय प्रकाश ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने



ऐतिहासिक दृष्टांतों के माध्यम से महिला और पुरुष के बीच जैविक विविधताओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में स्त्री और पुरुष के बीच किसी प्रकार के भेदभाव की अवधारणा नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार के निर्माण में दोनों की भूमिका समान है। महिलाओं को त्याग की प्रतिमूर्ति बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समानता के सिद्धांत को बनाए रखना और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में निरंतर बदलाव आ रहा है। महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने बिहार सरकार की 'पोशाक योजना' और 'साइकिल योजना' की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने बालिकाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने एक व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा जब हम किसी की ओर एक उंगली उठाते हैं तो तीन उंगलियां हमारी ओर मुड़ती हैं।

# मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 148 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य सेवा विधि प्राधिकरण के निर्देश पर मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जहां पर चार बेंच गठित किए गए जिसमें एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी, मुंसिफ नवीन कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नवीन कुमार गौतम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सत्यप्रकाश रहे जहां कुल 148 मामले का निष्पादन किया गया। एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने कहा अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली उपकरण है। यहां पक्षकारों की त्वरित और कम खर्च पर न्याय दिया जाता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबे समय तक चलने वाले कानूनी लड़ाई को समाप्त कर या रोकर वादियों को राहत देने का काम किया जाता है। ऐसे में राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध है। वादों के निपटारों में पक्षकारों के हार जीत नहीं होती है इसका फैसला अंतिम चुनौती रहित होती है।

# बी डी कॉलेज में मना होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बी डी कॉलेज में होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर एवं गुलाल और गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं मालपुआ एवं विभिन्न पकवान खिलाकर बधाई दी गई। मौके पर प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह ने कहा कि होली जिसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है, सामाजिक मतभेदों से ऊपर उठकर लोगों को एक साथ लाता है। होली का त्योहार हमें यूनिटी और एकजुटता की भावना रखना सिखाता है। होली एक खूबसूरत त्योहार है जो हमें अपने प्रियजनों के प्रति अपना प्यार,



कृतज्ञता और स्नेह का इजहार करने का मौका देता है। एक-दूसरे को खूबसूरत रंगों से सराबोर करने से रिश्तों में खुशहाली आती है और एक दूसरे से लगाव बढ़ता है। श्री सिंह ने कहा कि होली एक-दूसरे को क्षमा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। होली खेलना नई शुरुआत का प्रतीक है। इस त्योहार की सुंदरता एकजुटता और आपस में शेयर किये गए खुशी के मौकों को दर्शाता है। सभी ने उत्साह के साथ होली मिलन के कार्यक्रम का आनंद लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का होली मिलन, फगुआ की बही बयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में महिला दिवस के मौके पर महिलाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया जहां नारी उत्थान समिति की ओर से होली मिलन कार्यक्रम हुआ जहां पर ढोलक के थाप पर झाल मंजीरे के धुन पर देसी तड़के के साथ कमरतोड़ डांस करते हुए सभी महिलाओं ने होली मिलन में फगुआ गीत गाये। कार्यक्रम में मसौढ़ी के भूतपूर्व विधायक पूनम देवी भी पहुंची। उन्होंने कहा कि जब एक नारी आगे बढ़ती है तो पूरा परिवार, समाज और देश प्रगति करता है। वहीं कार्यक्रम संयोजक विद्या देवी ने कहा कि नारी सिर्फ सृजन का आधार ही नहीं, बल्कि समाज की धुरी भी है। इस अवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह में महिलाओं ने देसी तड़का के साथ खूब डांस मस्ती की और एक-दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली खेली गई। वहीं दूसरी ओर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां फाग गीत गाये। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री आशा किरण सिंह समेत अन्य शामिल रहे। इसके अलावा नारी उत्थान कार्यक्रम में मसौढ़ी के पूर्व विधायक पूनम देवी, डॉ राखी रानी, विद्या देवी, रौली देवी, उषा देवी, कुंती देवी, वीणा देवी, नीलम देवी, बेबी देवी आदि शामिल रही।

# गंदगी के खिलाफ जारी है जंग, स्वच्छता के हैं चार रंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिला दिवस के अवसर पर पटना नगर स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा जेडी विमेंस कॉलेज में महिला दिवस सह स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत केक काटकर की गई। पटना नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी श्वेता भास्कर ने सभी उपस्थित लोगों को क्यूआर कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के संबंध में जरूरी जानकारी दी। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और लोक गायिका डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने गीत गाकर लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि ठान लें तो असंभव को भी



संभव कर सकती हैं। गंदगी के खिलाफ जंग में महिलाओं की विशेष भूमिका है। सूखा कचरा और गीला कचरा यदि घर पर ही अलग कर दिया जाए तो उनका डिस्पोजल बहुत आसान हो जाता है। पटना नगर निगम की ओर से अलग-अलग तरह के कचरा के लिए अलग-अलग रंग के डिस्पोजल बिन की व्यवस्था की गई है। उनका प्रयोग करना है और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी ओर से योगदान देना है। इस अवसर पर डॉ श्री सुमन, डॉ हिना रानी, डॉ अमर कुमार पंत, अमित कुमार गिरी, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. वीणा अमृत, डॉ मंजरी नाथ, श्वेत प्रीति, डॉ अमित सिंह, पूनम, इबराना नाम, सुधा अम्बष्ठ, प्रीति, शिवानी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता के होली मिलन में रंग और संगीत के साथ हुई मस्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होली के पावन अवसर पर लायंस क्लब पटना अनंता द्वारा आयोजित 'रंगोत्सव' होली मिलन समारोह पटना के क्रेसेंट टॉवर, अनीसाबाद में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मेजबानी बबिता सिन्हा ने की जिसमें 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और जमकर होली का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में पीडीजी लायन संजय अवस्थी, पीडीजी मधुसूदन कुमार, पीडीजी आरआर सहाय सहित पूरे बिहार से लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन की मेजबानी अनंता टीम ने की जिन्होंने



पूरे कार्यक्रम को शानदार तरीके से संचालित किया। इस भव्य आयोजन में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और फिर शुरू हुई डांस और मस्ती की महफिल। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग थिरकते नजर आए, वहीं बच्चों और युवाओं ने धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया। हंसी-ठिठोली, डीजे की धुनों पर गरबा और बॉलीवुड बीट्स पर ठुमकों ने पूरे माहौल को और भी रंगीन बना दिया। इस बार होली के साथ एक नया ट्विस्ट भी देखने को मिला। नाचते-गाते रंगों से सराबोर मेहमानों ने अचानक रैंप वॉक करना शुरू कर दिया। पारंपरिक और मॉडर्न अंदाज में सजी-धजी महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़ों में जबरदस्त अंदाज में वॉक किया जिसे देखकर सभी झूम उठे। रंगों और मस्ती के बीच स्वादिष्ट पकवानों की खुशबू ने हर किसी को अपनी ओर खींच लिया। ठंडाई, गुजिया, दही वाड़ा, पापड़ी चाट और अन्य लजीज व्यंजनों का सबने भरपूर आनंद लिया। होली के रंग, मस्ती और अनोखे अंदाज के साथ 'रंगोत्सव' पटना की यादगार होली बन गया। अंत में बबिता सिन्हा ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 5वें लाइनमैन दिवस पर बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सांविधिक निकाय, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के सहयोग से नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' के 5वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह खास दिवस भारत के बिजली क्षेत्र की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर देश भर के 45 से अधिक सरकारी और



प्राइवेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन, जेनरेशन और ट्रांसमिशन कंपनियों के 180 से अधिक लाइनमैन निर्बाध बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के अपने अनुभव, चुनौतियों और महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करने के लिए एक साथ आए। इसके अलावा यह कार्यक्रम विचारों के आदान-प्रदान, सर्वोत्तम सुरक्षा कार्य प्रणालियों पर चर्चा करने तथा प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीख को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच भी बना। इस अवसर पर बिजली मंत्री एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि बिजली की विश्वसनीय पहुंच उद्योगों की संपन्नता, समृद्ध व्यवसायों और जीवंत समुदाय की जीवन रेखा है। लाइनमैन हमारे मूक नायक हैं जो मौसम, आपदा या प्रतिकूल स्थिति जैसी किसी भी चुनौती का सामना करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। लाइनमैन दिवस उनके अटूट समर्पण का जश्न मनाता है और ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा, सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देता है। उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने के लिए समर्पित एक दिन, विशेष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान, उनकी सुरक्षा और कल्याण के महत्व को रेखांकित करता है।

# स्कॉलर्स एबोड स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शनिवार को पटना के स्कॉलर्स एबोड स्कूल प्रांगण में होली मिलन व महिला दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंध निदेशक राणा राहुल सिंह, प्रधानाचार्या स्मृति रावत व समस्त शिक्षक परिवार अत्यंत हर्षोल्लास के साथ अपनी भागीदारी दर्ज की। साथ ही समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का आनंद उठाया। विभिन्न कार्यक्रमों जैसे रैम्प वॉक, टैलेंट राउंड, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि में शिक्षक परिवार ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम का आनंद उठाया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक



राणा राहुल सिंह ने सर्वप्रथम समस्त विद्यालय परिवार को होली की शुभकामना दी और साथ ही महिलाओं के विकास हेतु महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में शामिल करने को अनिवार्यता दी। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई देता हूं और उनकी शक्ति और सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध हूं। अंत में शिक्षकों के मध्य अबीर गुलाल का वितरण हुआ। चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के मध्य अबीर व मिठाइयों को वितरित किया गया। साथ ही समस्त विद्यालय परिवार ने हल्के भोज्य व्यवस्था का लुफ्त उठाया।

# बासा वाइफ एसोसिएशन ने किया महिला दिवस सह होली मिलन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनकम टैक्स चौराहा स्थित बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन (बासा भवन) में बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाईफ्स एसोसिएशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध रेडियोलाजिस्ट डॉ. शिखा आनंद ने किया। होली के गीतों पर जमकर मस्ती की और रंग - गुलाल उड़ाए। डॉ. शिखा आनंद ने कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। वहीं बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाईफ्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए उनके हौसले और जज्बे को सलाम किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन की सचिव राखी, कोषाध्यक्ष छाया, सदस्य सुनीता, कविता, मोनिका भारती, विशाखा, निहारिका वर्मा, पुष्पा, नूतन वर्मा, प्रीति वर्मा, स्वाति झा समेत एसोसिएशन से जुड़ी सभी महिलाएं मौजूद रही।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़ के प्रागण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एकदिवसीय जागरूकता एवं ई किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, संगीता कुमारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बख्तियारपुर, डा. अर्चना, दंत चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, राणा बिगहा, बिपीन कुमार सिंह, परियोजना समन्वयक, बी.डब्लू.डी.एस, पटना, नागेश्वर दास, परियोजना समन्वयक, बी.डब्लू.डी.एस,



पटना, पूनम कुमारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, बाढ़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच का संचालन डा. पुष्पम पटेल, वैज्ञानिक (उद्यान) एवं धन्यवाद ज्ञापन संगीता कुमारी, वैज्ञानिक पीबीजी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीत के माध्यम से शिक्षा का महत्व, मानव तस्करी एवं बाल विवाह पर जागरूक किया गया। डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने अपने संबोधन में बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2015 से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का प्रारंभ किया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** रिखियासन जीवनशाला मंथन सामाजिक संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका थीम 'नारी देश की शान है, हर घर की अभिमान है' रहा। इस आयोजन में दूर-दराज के 800 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। संस्थान के निदेशक फादर डॉ. टी. निशांत के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आकांक्षा श्री, विशिष्ट अतिथि बैकुंठ मांझी, कान्ती खाखा, फादर अल्बर्ट तिर्की, राजकुमारी देवी आदि के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। फादर निशांत ने अपने संबोधन में महिलाओं की मेहनत और संघर्ष को सराहा और शिक्षा को सशक्तिकरण का प्रमुख माध्यम बताया। मुख्य अतिथि आकांक्षा श्री व विशिष्ट अतिथि बैकुंठ मांझी ने भी शिक्षा के बल पर हक-अधिकार प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने नाटक, भाषण, विचार-विमर्श और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।

# शक्तिधाम राणीसती मंदिर में दादीजी होली मिलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शक्तिधाम राणीसती मंदिर में दादीजी होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया। शक्तिधाम मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन दादीजी होली मिलन महोत्सव आयोजित किया जाता है। आज दादीजी का श्रृंगार देशी एवं विदेशी फूलों से बड़े हीं मनमोहक ढंग से किया गया था। दादीजी का श्रृंगार अति मोहक एवं दर्शनीय लग रहा था। भक्तगण दादीजी का दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। दादीजी मंदिर की शकुन्तला अग्रवाल, रेखा मोदी, सरिता बंका, सरोज बंका,



प्रेमलता गोयल, अनुसुईया खेतान, रिमझिम सर्राफ, रेणु बजाज, रेणु अग्रवाल, इंदिरा खंडेलवाल, ममता अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, संगीता गोयल सहित सैकड़ों महिलायें भक्ति भाव से भजन कीर्तन कर रही थी। महिलायें 'दादी फागुन की आयो बहार, बुला रहा है सांवरा अपने अपने द्वार' 'उत्सव में उड़े गुलाल मईया म्हारो अंगनियां में आज' 'मैयाजी थ्हारी बेटी हूं मै रखियो मेरी लाज' आदि भजन गा रही थीं। महिलायें इन गीतों पर खूब झूमी और अबीर गुलाल उड़ाए। दादीजी होली मिलन समारोह में उत्साह, उमंग के बीच आस्था का रंग भी दिखा। रंग बिरंगे चकाचक परिधानों में सजी महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। होली मिलन के दौरान होली खेलने से पहले श्रद्धालु महिलायें दादी जी की चरणों में अबीर गुलाल अर्पित कर रहे थे। अमर अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन 9 मार्च रविवार को दिन में दस बजे से निशान शोभा यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट, एक्जीविशन रोड से निकलकर भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या, विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग शक्तिधाम मंदिर पहुंचेगी।

# शराब के साथ बाइक जब्त, मुसहरी में जावा महुआ को किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत चल रहे अभियान के तहत एक्साईज पुलिस ने नदौल चेक पोस्ट के पाह एक पल्सर बाइक के साथ 80 लीटर देसी शराब को जब्त किया है। हालांकि बाइक सवारी दूर से ही पुलिस को देख बाइक छोड़कर फरार हो गया, वही संघत पर मुसहरी में छापेमारी के दौरान 17 हजार जावा महुआ को नष्ट किया गया है। वही 4 हजार देसी शराब को नष्ट किया गया। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि होली पर्व को लेकर लगातार छापेमारी चल रही है वही लहसुना थाने की पुलिस ने बांसडीह मुसहरी कमलेश मांझी के साथ 17 लीटर देसी शराब को जब्त किया है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसके अलावा कई भट्ठियों को ध्वस्त की जा रही है। बहरहाल होली पर्व को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# साइबर धोखाधड़ी मामले में तीन गिरफ्तार, तीनों के खाते से 68 लाख का ट्रांजक्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला साइबर थाना की पुलिस ने तीन साइबर ठगों को शनिवार को गिरफ्तार किया। तीनों के खाते से दो माह के दौरान 68 लाख का लेन देन किया गया है। सरगना की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। डीएसपी सह साइबर थाना अध्यक्ष स्वीटी सिंह ने बताया कि रोहतास साइबर थाना को 6 मार्च को गुप्त सूचना मिली कि फर्जी तरीके से बैंक ऑफ महाराष्ट्रा और उत्कर्ष स्माल फिनास बैंक में खाता खुलावाकर साइबर फॉड की बड़े पैमाने पर राशि मंगवाई जा रही है जिसमें कई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों की टीम बनाया गया। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष स्माल फिनांस बैंक से करगहर थाना के कुशडिहरा निवासी धनु कुमार के नाम खाता की जांच की गई तो इसमें 3031569 रुपए के लेन देन किए गए थे। इस खाते पर ठगी की 7 शिकायतें दर्ज है। वही इसके एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्रा खाता का सत्यापन किया गया। इस खाते में 13,52, 755 रूपये तथा दो शिकायतें मिला था। उन्होंने बताया कि शिवसागर थाना के निमियां निवासी रामप्रवेश कुमार के उसी बैंक उत्कर्ष स्माल फिनांस बैंक खाता की जांच की गई। इसमें 2479438 रुपए की लेनदेन किया गया था। उन्होंने बताया कि जांचोपरांत संदिग्ध खाता धारक धनु कुमार व रामप्रवेश कुमार से पूछताछ में बताया कि साइबर अपराध के लिए ये अपने खाता खुलवाकर चेनारी थाना के छितराटांड़ गांव निवासी नंदलाल कुमार व उसी थाना के उर्दा गांव निवासी प्रवीण कुमार उर्फ गौतम कुमार को देते हैं जिसके बदले प्रत्येक खाता के लिए पहले पांच हजार रूपया दिया जाता है। उसके बाद साइबर फ्रॉड का पैसा आने पर और पैसा देने की बात की गई। उन्होंने बताया कि दोनों की निशानदेही पर साइबर फॉड में संलिप्त प्रवीण कुमार उर्फ गौतम कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि दिनारा थाना क्षेत्र के इंदौर गांव निवासी प्रिंस कुमार गिरोह का मुख्य सरगना है जिनके द्वारा खाता में साइबर अपराध का पैसा मंगवाते हैं। वे एटीएम और यूपीआई या आईएमपीएस के माध्यम से पैसा निकाल लेते हैं। एक दिन में एक खाता का प्रयोग करते हैं तथा उस दिन उस खाते में लगभग बीस से पच्चीस लाख रूपया मंगवा लेते हैं। एक खाता का प्रयोग करने के बाद खाता को वापस लौटा देते हैं। उन्होंने बताया कि सरगना की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता में छापेमारी टीम में पुनि ज्योति कुमार, निखिल राय, अनुपम कुमारी, विक्की कुमार व अमित कुमार मौजूद थे।

## साइबर फ्रॉड से बचने के टिप्स अपनाएं : स्वीटी सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर पुलिस पोर्टल पर जिला साइबर थाना की स्थापना के बाद वर्ष 2024 से अब तक कुल 1598 मामले दर्ज हुए जिसमें साइबर थाने व अन्य स्थानों में कुल 214 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी स्वीटी सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित व्यक्तियों की शिकायत पर वर्ष 2024 से फरवरी 2025 तक 2 करोड़ 20 लाख 61881 रूपयों को विभिन्न बैंकों और एजेंसियों के माध्यम से पुट आन होल्ड कराया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस द्वारा वर्ष 2024 से अब तक कुल 52 लाख 71351 रुपए वादी के खातों में वापस कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ हो रहे साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जिले के अन्य स्थानों पर साइबर थाना के द्वारा साइबर अवेयरनेस कर महिला दिवस पर महिलाओं को साइबर ठगी से बचने के टिप्स दिए गए। उन्होंने बताया कि महिलाओं को बताया गया है कि अपना पासवर्ड, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। मुफ्त उपहार के चक्कर में व्यक्तिगत जानकारी किसी को न दें। उन लोगों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें जिसे आप नहीं जानते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर व्यक्तिगत जानकारी जैसे मोबाइल नंबर ईमेल आईडी साझा न करें। किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर हेल्प डेस्क नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# मुकदमों में सुलह कराकर एकजुटता को बहाल कराता है राष्ट्रीय लोक अदालत : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुकदमों में सुलह कराकर समाज एवं परिवार में आये दिन बढ़ रही वैमनस्यता को दूर कराने एवं समाज में शांति बहाल कराने में लोक अदालत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अदालतों में दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे छोटे एवं सुलहनीय मामलों का त्वरित निष्पादन कर न्यायालयों के बोझ को कम करना है जिससे समाज में शांति व्यवस्था बनी रहे। उक्त बातें शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम के दौरान जिला जज अनुज कुमार जैन ने कही। जिला मुख्यालय स्थित सासाराम व्यवहार न्यायालय में शनिवार को सुबह दस बजे जिला जज अनुज कुमार जैन, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम शैलेन्द्र कुमार पांडा, रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार, रोहतास बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुक्ति नारायण तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव सुरभि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी, न्यायालयकर्मी, अधिवक्ता एवं सैकड़ों की संख्या में फरियादी मौजूद थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर फरियादियों के सुविधा हेतु कुल 12 बेंचों का गठन किया गया था जिनके माध्यम से कुल 688 मामलों का निबटारा किया गया। इस दौरान बैंकों, बीमा कंपनी एवं अन्य विभागों के लगभग साढ़े पांच करोड़ रूपयों का पक्षकारों से सेटलमेंट किया गया। लोक अदालत में प्रत्येक बेंच में मुकदमों के निबटारे हेतु एक न्यायिक पदाधिकारी एवं एक अधिवक्ता मौजूद थे। आमदिनों की अपेक्षा शनिवार को कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी काफी चुस्त-दुरुस्त नजर आई। पक्षकारों की सुविधा का भी बखूबी ध्यान रखा गया था।

# मुखिया व कांगड़ा जिला के पदाधिकारियों ने कल्याणकारी योजनाओं की ली जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के भैंसहां पंचायत में हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा का पंचायत के मुखिया एवं कांगड़ा जिला के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पंचायत में बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली, सबसे पहले पंचायत के मुखिया मंजू देवी ने अतिथियों का अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर उनका सम्मान किया। वहां के मुखिया तथा पदाधिकारी ने यहां चल रहे योजनाओं में प्रमुखता मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्टेट लाइट योजना के बारे में तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाई जा रही योजना तथा बिहार में नल जल की योजना के बारे में बिहार सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पंचायत में पुस्तकालय की भी समीक्षा की तथा स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत कार्यालय की अधिकतम जानकारी तथा सबसे बड़ी बात यहां जो पंचायत लोक निवारण केंद्र के स्तर पर जो पंचायत की समस्या सुलझाई जाती है उससे लोग अत्यधिक प्रभावित हुए। मौके पर बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव बिंदा चंद्रवंशी तथा जिला परिषद से अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार, चंदन कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी नरदेवेश्वर लाल, उप मुखिया लोकनाथ यादव, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, धनंजय सिंह, बिहारी चौधरी, रवींद्र कुमार, बलजीत सिंह, तकनीकी सहायक अमित कुमार, रवि कुमार, पंचायत सचिव आरके पोद्दार, कार्यपालक सहायक प्रतिमा सिंह, संगीता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, संजीव कुमार, सुनीता ठाकुर, डिपार्ट आदित्य कुमार, शशिकांत हिमाचल प्रदेश कांगड़ा जिला से जिला पंचायत पदाधिकारी नीलम कोटक, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर मुकेश कुमार, जिला परिषद के सदस्य रितिका शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, हीरापल सिंह, राजीव सिंह, रवि कुमार, आशा देवी, आशा द्विवेदी, शिवदयाल राकेश कुमार, लक्ष्मी देवी, धनी देवी, रितेश कुमार, अजय डोगरा, पंचायत इंस्पेक्टर संजय कुमार, पंचायत सचिव नीलम कुमारी, सुरेश ठाकुर, 32 मुखिया समेत अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## आज की नारी शक्ति पुरुषों से कम नहीं : सुमित्रा देवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** महिला मुक्ति संगठन जिला कमिटी रोहतास के बैनर चले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सासाराम में कुशवाहा सभा भवन के पास कार्यक्रम व सभा किया गया। सभा की अध्यक्षता सुमित्रा देवी के द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सुमित्रा देवी ने कहा कि आज का दिन महिलाओं और पुरुषों में समानता लाने और महिलाओं के उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए इसको मनाया जाता है। आज की महिला आत्मनिर्भर है। वह पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। आज की नारी शक्ति किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। फिर चाहे वह प्रौद्योगिकी हो या अंतरिक्ष। घर, समाज, शिक्षा, विज्ञान, राजनीतिक, खेल, संगीत, दफ्तर हर जगह महिलाएं अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे कि रानी लक्ष्मीबाई सावित्रीबाई फुले इंदिरा गांधी, प्रतिमा पटेल मदर टेरेसा जैसे अनेक महिलाओं ने मेहनत और काबिलियत के दम पर सफलता में कई ऐसे मुकाम हासिल किए हैं। सभा में उपस्थित महिला मुक्ति संगठन के सदस्य माजदा खातून, राजपति देवी, चिंता देवी, तेतरी देवी, सौडेश्वरी देवी, सविता देवी, फुलवंती देवी, उषा देवी, देवंती देवी, कमला कुंवर, जीरा देवी, रीता देवी, कलावती देवी, संगीता देवी, चारमुना देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, कुसमी कुमार, शर्मा कुमार, लालती देवी, शोभा देवी, रजिया देवी, प्रियंका देवी इत्यादि सैकड़ों महिला शामिल थी।

# महिलाओं के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं : अर्चना कुमारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** देश और समाज के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। महिलाओं के बिना इस सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। आज पूरे दुनिया में महिलाओं की आत्मनिर्भरता बढ़ी है जिसके कारण चारों ओर विकास का दौर जारी है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए अनुमंडल न्यायालय डिहरी की न्यायिक पदाधिकारी अर्चना कुमारी ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने अपने निजी जीवन की घटनाओं को साझा करते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह हो जाने के बावजूद उन्होंने अपने सपने को टूटने नहीं दिया और उसके बाद विधि विज्ञान स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के उपरांत न्यायिक सेवा में आने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अकोढीगोला प्रखंड की अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना ने भी यहां उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में सारे संघर्षों के बावजूद अपने उड़ान को जारी रखने की अपील की। उन्होंने आह्वान किया यह जीवन ही संघर्ष है खासकर महिलाओं के लिए, लेकिन उससे डिगना नहीं चाहिए और अपने उद्देश्यों की प्राप्ति से कोई समझौता नहीं करनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मैडम कुलाधिपति शैल सिंह ने की जबकि अतिथियों का स्वागत प्रतिकुलपति डॉक्टर प्रोफेसर जगदीश सिंह ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने की। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने भी संबोधित किया एवं कहा कि अपने संस्कार और संस्कृति की रक्षा महिलाओं के हाथों में ही निहित है। भारत अनादि काल से महिलाओं की पूजा करते आया है और महिलाओं का सम्मान करता रहा है जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सभी संकायों के अध्यक्ष, वरिष्ठ शिक्षक गण, छात्र-छात्राएं, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, शैक्षणिक निदेशक सुदीप कुमार सिंह, डॉक्टर संगीता कुमारी, डॉक्टर आकांक्षा, निरुपमा सिंह, डॉक्टर मोनिका सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला रेलकर्मियों ने संभाला आरक्षण काउंटर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय रेल की गति और प्रगति में नारी शक्ति महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। पूर्व मध्य रेल का डीडीयू मंडल नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिला रेल कर्मियों को प्रगति के समान अवसर उपलब्ध करा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला रेल कर्मियों द्वारा डीडीयू जंक्शन के आरक्षण कार्यालय का संचालन करते हुए नारी शक्ति का संदेश दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाजसेवियों ने हंसा को दिया संबल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवियों ने हंसा और उसके परिवार को आवश्यक सहायता प्रदान कर एक अनुकरणीय मिसाल पेश की। हंसा, जो विगत आठ वर्षों से कठिन परिस्थितियों में अपने तीन छोटे भाई-बहनों की देखभाल कर रही है, आज भी जीवन के संघर्षों से जूझ रही है।

**संघर्षों से भरा हंसा का जीवन**

हंसा का जीवन संघर्षों से भरा हुआ है। वर्ष 2016 में माता के निधन के बाद उसके पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गए और घर छोड़कर कहीं दूर चले गए। तब से हंसा अपने तीन भाई-बहनों के साथ तिलौथू में एक अधूरे कच्चे मकान में रह रही है। सरकारी जनवितरण प्रणाली से उसे केवल 13 किलो अनाज मिलता है और ट्यूशन पढ़ाकर जो थोड़ा बहुत पैसा आता है, उसी से किसी तरह गुजारा होता है। दिन में तीनों वक्त चावल बनाना ही उसकी मजबूरी है–कभी चावल-सब्जी, कभी चावल-नमक तो कभी केवल चावल और माड़। दाल और पोषणयुक्त भोजन उनके नसीब में नहीं होता। दबंगों का अत्याचार और प्रशासन की निष्क्रियता सरकारी जमीन पर बने इस मकान को दबंगों द्वारा हड़पने की कोशिशें लगातार जारी है जिससे हंसा और उसके भाई-बहनों का जीना मुश्किल हो गया है। हालांकि पंचायत के मुखिया ने साफ कहा कि यह जमीन उनकी है, लेकिन आए दिन होने वाले उत्पीड़न से वे असुरक्षित महसूस करते हैं।

**समाजसेवियों ने बढ़ाया मदद का हाथ**

जब यह खबर समाजसेवी सत्यानंद कुमार और रितेश कुमार को मिली तो वे तुरंत हंसा के घर पहुंचे और उन्हें एक महीने का राशन, 56 प्रकार की खाद्य सामग्री तथा आवश्यक घरेलू सामान सौंपा। इस मौके पर किराना दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने आटा और चावल जबकि संघ के सचिव रामचंद्र प्रसाद गुप्ता ने फल, दूध और मिठाई उपलब्ध कराई। धर्मार्थ समर्पण न्यास के प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार ने इस अवसर पर आसपास की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि समाज में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि महिलाओं के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य करें जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और उन्हें एक सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिल सके। समाज का यह सहयोग हंसा के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है, लेकिन उसे अभी भी निरंतर सहायता और संरक्षण की आवश्यकता है। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह संकल्प लेना आवश्यक है कि समाज की हर हंसा को उसका हक मिले और वह सम्मानपूर्वक जीवन जी सके।

## शपथ पत्र

मैं नितिश कुमार, पिता स्व. विजय प्रसाद सिंह ग्राम पोस्ट- कोईलवां, थाना-हसपुरा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) पिन नं.- 824115 सत्य एवं निष्ठा पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।

जनक देवी मेरी माता है जो मेरे माता के नाम से खाता नं.-17. एराजी-15.5 डी. जमीन मौजा कोईलवां के केवाला नं.-6848 जो मुल केवाला था जो दिनांक 27.02.2025 को पचरुखिया से हसपुरा जाने के क्रम में गिर कर खो गया है।

शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है।

**शपथकर्ता**
**नितिश कुमार**

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नायिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** शनिवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास के निदेशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाहरणालय स्थित डी०आ०डी०ए० सभागार में नायिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद, काराकाट-सह-अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), जिला पदाधिकारी रोहतास, पुलिस अधीक्षक रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास एवं अन्य जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी तथा गणमान्य अतिथियों के उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य, प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं गैर सरकारी संस्थाओं से महिलाओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली बालिका सुरभी प्रकाश को नायिका पुरस्कार, स्मार्ट वाच एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तीन गैर सरकारी संगठन यथा सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज से नामित कुमारी मीना, जीविका से पुष्पा देवी एवं परिर्वतन विकास संस्था से सबिता डे को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट, सराहनीय कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र, स्मार्ट वाच सम्मनित किया गया। साथ ही जीविका के एस एच जी ग्रुप से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त पांच महिलाओं एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास द्वारा विद्यालय छोड़ी हुए छात्राओं को पुनः नामांकन कराने कराने में अपना योगदान देने वाली पांच चिन्हित छात्राओं यथा सिमरन कुमारी, काजल कुमारी, नेहा खातुन, रौशनी कुमारी एवं संध्या कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित करते हैं।

**क्र० सं० 1, निविदा सूचना सं० : टी.सी. – 42–2025–एस.पी.जे., कार्य का नाम :** दौरम मधेपुरा में अतिरिक्त अनलोडिंग स्पर एवं स्टेबलिंग लाईन का प्रावधान।, **निविदा लागत (रुपये में) :** 31465468.30, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 307300.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 09 माह।, **क्र० सं० 2, निविदा सूचना सं० : टी.सी. – 43–2025–एस.पी.जे., कार्य का नाम :** (1) सहरसा में रनिंग रूम का पेंटिंग एवं विशेष मरम्मत (2) बनमनखी में रनिंग रूम का पेंटिंग एवं लिकी रूफ का मरम्मत, **निविदा लागत (रुपये में) :** 5563724.69, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 111300.00, **कार्य समाप्ति अवधि :** 06 माह।, **क्र० सं० 3, निविदा सूचना सं० : टी.सी. – 44–2025–एस.पी.जे., कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न समपारों का बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन।, **निविदा लागत (रुपये में) :** 19211963.04, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 246100.00, **कार्य समाप्ति अवधि :** 09 माह।, **क्र० सं० 4, निविदा सूचना सं० : टी.सी. – 45–2025– एस.पी.जे., कार्य का नाम :** दौरम मधेपुरा में अतिरिक्त अनलोडिंग व्हार्फ (600 मी. X 15 मी.) का प्रावधान तथा मौजूदा व्हार्फ के चौड़ीकरण सहित पहुँच पथ का सुधार।, **निविदा लागत (रुपये में) :** 75098938.90, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 525500.00, **कार्य समाप्ति अवधि :** 09 माह।

**(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय :**– 28.03.2025 को 12.00 बजे तक।, **(2) ई – निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 28.03.2025 को 12.00 बजे के बाद।, **(3)** वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाईट : **www.ireps.gov.in** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन / परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय, पू.म.रेल, समस्तीपुर**
पीआर/02260/एसपीजे/ईजी./टी/24–25/64

# महावीर ग्राम परिवर्तन एसएचजी संघ को मिला 4 लाख रुपये का वित्तीय अनुदान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बंजारी (रोहतास)।** सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा महावीर ग्राम परिवर्तन स्वयं सहायता समूह संघ को 4 लाख का वित्तीय अनुदान प्रदान किया गया। यह संघ 14 स्वयं सहायता समूहों का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें 140 महिलाएं शामिल हैं। इस सहयोग से 30 महिला उद्यमियों को अपने सूक्ष्म-उद्यम शुरू करने या विस्तार करने का अवसर मिला है जिससे ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर बकनौरा गांव में एक आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन भी किया गया जो समुदाय के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषण एवं शिक्षा सेवाएं प्रदान करेगा। यह केंद्र समुदाय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही किसानों एवं पशुपालकों को विभिन्न कृषि एवं पशुपालन संबंधी इनपुट वितरित किए गए जिनमें शामिल हैं- 70 कृषि बैटरी स्प्रेयर पंप, 30 वर्मीकंपोस्ट बैग, 90 एजोला बैग, 200 साइलाज बैग आदि। डालमिया भारत फाउंडेशन स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। यह वित्तीय सहयोग और संसाधन वितरण ग्राम परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत महिलाओं एवं किसानों की आय में वृद्धि करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में मदद करेगा। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, रोहतास पूनम कुमारी एवं सुरभि क्लब (लेडीज़ क्लब, आरसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष अंशु तिवारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

## पत्रकार बद्रीनाथ दूबे के निधन पर बोस फाउंडेशन ने जताया शोक

**सासाराम (नबिटा सं.)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन के तत्वाधान में शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर में शोक सभा का आयोजन कर जिले के वरिष्ठ पत्रकार बद्रीनाथ दुबे के निधन पर शोक प्रकट किया। अध्यक्षता मंगल कुशवाहा ने की। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर बद्रीनाथ दुबे के दिवंगत आत्मा की शांति और उनके चाहने वाले लोगों एवं शोक संतप्त परिजनों को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने अपने शोक संदेश में कहा कि पत्रकार बद्रीनाथ दुबे के अचानक चले जाने से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है जिसे निकट भविष्य में भरपाई नहीं किया जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में अभयानंद राय, उपेंद्र राय, गौतम राय, धनंजय राय, अरुण, हरे राम सिंह, जितेंद्र शाह, निरंजन कुमार उपाध्याय सहित कई बुद्धिजीवी शामिल थे।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता नारायण युवोत्सव का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता नारायण युवोत्सव 2025 का आज मशाल प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर डिहरी अनुमंडल न्यायालय की न्यायिक पदाधिकारी अर्चना कुमारी, अकोढ़ीगोला प्रखंड की अंचल अधिकारी निधि ज्योत्सना, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ प्रोफेसर जगदीश सिंह ने संयुक्त रूप से मशाल जलाया एवं खिलाड़ियों को सौंपा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायों के छात्र-छात्राएं खिलाड़ी के रूप में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से अंतर संकाय प्रतियोगिता आरंभ हो गई है तथा टीमों का चयन कर लिया गया है। खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, रस्साकसी के अलावे इंडोर खेलों में शतरंज, कैरम बोर्ड, लूडो आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हो रहे हैं। इसके अलावा कविता पाठ लेखन, हास्य व्यंग स्टैंडी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता के साथ-साथ कला एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिताएं चल रही हैं। आयोजन के समन्वयक के अनुसार आगामी 10 मार्च को नारायण युवोत्सव 2025 का समापन होगा तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, डॉक्टर संगीता कुमारी, डॉक्टर मोनिका सिंह, शैक्षणिक निदेशक सुदीप कुमार सिंह, विभिन्न संकायों के अध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# जिला परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**नवादा।** जिला परिषद सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी की अध्यक्षता में सामान्य बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, नवादा ने सभी उपस्थित सम्मानित जिला परिषद सदस्य, प्रमुख एवं अधिकारियों का परिचय कराते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया और एजेंडा-वार बैठक की कार्यवाही का शुभारंभ किया। उन्होंने एजेंडा 1 से 7 तक बिंदुवार संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की एवं पूर्व बैठक की पुष्टि की। बैठक में वित्त, अंकेक्षण और योजना समिति की कार्यवाही एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक अनुमानित बजट के अनुमोदन पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2024-25 के 15वें वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड योजना मद में प्राप्त प्रथम किस्त की राशि के संबंध में जानकारी दी गई। जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय समीक्षा, पंचम एवं छठे राज्य वित्त आयोग की योजनाओं, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के चयन तथा जिला परिषद, नवादा के आंतरिक आय-स्त्रोत को बढ़ाने पर चर्चा की गई। सभी प्रमुख बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श के बाद संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए और सभी जिला परिषद सदस्य एवं प्रमुखों को संतुष्ट किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं।

विधायक, नवादा, विभा देवी ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नल जल योजनाओं में सुधार लाने तथा सभी चापाकलों एवं नल जल संयंत्रों की मरम्मत का निर्देश दिया। बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना पर भी व्यापक चर्चा की गई, साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं के चयन पर विचार-विमर्श किया गया।

टीचर ट्रेनिंग स्कूल, नवादा के गेट के उत्तर एवं दक्षिण स्थित जिला परिषद की जमीन पर दुकानों के निर्माण पर चर्चा की गई। इसके अलावा, जिला परिषद के तहत मनरेगा से किए जाने वाले कार्यों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, विद्युत विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, डीआरडीए, पंचायती राज विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त, के नेतृत्व में जिला परिषद कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिला परिषद अध्यक्ष, विधायक नवादा, विधायक हिसुआ सहित सभी जिला परिषद सदस्य शामिल हुए। उप विकास आयुक्त ने प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, नवादा की छात्राओं को फूल एवं आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष उपहार के रूप में जिला परिषद 'महिला सीएनजी बस सेवा' प्रारंभ करेगी। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सशक्त एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज सामान्य सभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि एक विशेष 'महिला सीएनजी बस' शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। यह बस सब-डिवीजन मुख्यालयों को जोड़ेगी और विशेष रूप से महिलाओं के लिए समर्पित होगी, जिससे उनकी यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह बस सीएनजी ईंधन से संचालित होगी। इससे कामकाजी महिलाओं, छात्राओं एवं अन्य महिला यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। बैठक में विधायक, नवादा; विधायक, हिसुआ; सभी निर्वाचित सदस्य, जिला परिषद, नवादा; सभी पंचायत समिति प्रमुख, नवादा; जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नवादा; जिला उद्यान पदाधिकारी; जिला शिक्षा पदाधिकारी; जिला कल्याण पदाधिकारी; कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा सम्मानित जिला परिषद सदस्य एवं प्रमुख आदि उपस्थित थे।

## 'नारी शक्ति सम्मेलन सह होली मिलन समारोह' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'जन सुराज' के तत्वावधान में 'नवादा नारी शक्ति सम्मेलन सह होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'बिहार-व्यवस्था परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका' रहा, जिसमें जिले की प्रबुद्ध महिलाओं ने अपने विचार साझा किए। यह आयोजन भोजपुरी सिटी पैलेस, मेन रोड, प्रसाद बिगहा, नवादा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कार्य समिति सदस्य, बिहार सरला कर्ण ने की। साथ ही, जिले की प्रमुख महिला पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी इसमें शामिल हुईं, जिनमें प्रमुख रूप से गायत्री देवी (जिला महिला अध्यक्ष, जन सुराज पार्टी, नवादा) मीना कुमारी (जिला उपाध्यक्ष, जन सुराज पार्टी, नवादा) अविदा खातून (जिला महिला अल्पसंख्यक संघ संयोजक, जन सुराज, नवादा) रानी पांडेय (नगर महिला अध्यक्ष, जन सुराज पार्टी, नवादा)।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने पर बल दिया और बिहार में सुशासन एवं व्यवस्था परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही, होली मिलन समारोह के माध्यम से सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया।

यह कार्यक्रम जन सुराज की उस विचारधारा को सुदृढ़ करता है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में कार्यरत है।

## जन संवाद कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** बुधौली हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की जन आरोग्य समिति ने शनिवार को महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता ने की। कार्यक्रम का उदघाटन सीएचसी प्रभारी के अलावा विद्यालय के प्रभारी डॉ. रंजन आर्य, हेल्थ मैनेजर मो. हसीबुर रहमान, पॉपुलेशन फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि नवीन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शिल्पा रानी ने केंद्र में उपलब्ध सेवाओं और उनके लाभों पर प्रकाश डाला। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक हसीबुर रहमान ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रसव सेवा बहाल करने एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के चहारदीवारी निर्माण हेतु पंचायत के मुखिया से समन्वय कर यथोचित सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रखंड लेखापाल ने जननी बाल सुरक्षा योजना एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत लाभार्थियों को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि को अब तक भुगतान किए जाने की जानकारी दी एवं किसी भी भुगतान के बकाया हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरी वर्मा से संपर्क करने को कहा। इस अवसर पर बीसीएम विश्वजीत देवगन सहित विद्यालय के शिक्षक, आशा, आंगनबाड़ी सेविका सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने राशन डीलरों के साथ की बैठक,जल्द ई- केवाईसी पूरा करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोविंदपुर (नवादा)।** गोविंदपुर के बीडीओ कुमार शैलेंद्र ने शुक्रवार को प्रखंड के राशन डीलरों के साथ प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान एमओ अजीत कुमार मौजूद थे। एमओ ने बताया कि सभी राशन कार्डधारियों का या उसके मेंबर का बायोमीट्रिक ई-केवाईसी कराना है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन पाने वाले शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी में गति लाएं। यह कार्य अति आवश्यक है। इसमें लापरवाही बरतने वाले पीडीएस डीलरों पर कार्रवाई होगी। यह निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार शैलेंद्र ने शुक्रवार को गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के डीलरों को दिया।

वही डीलरों की दुकान पर चल रहे ई-केवाइसी कार्यों की समीक्षा करते हुए इसकी धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के डीलरों को इस काम को गंभीरता पूर्वक करने को कहा।

बीडीओ से सभी डीलरों को 15 दिनों में इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने को कहा। ई-केवाईसी के लिए प्रत्येक लाभुकों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बताया कि लाभुकों को यह बताएं कि राशन कार्ड में अंकित जिन सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं किया जाएगा वे भविष्य में खाद्यान लाभ से वंचित होगें। जो लाभुक बाहर हैं उनके परिवार के मुखिया को उन्हें बुलाकर ई-केवाईसी के लिए कहें। बैठक में सदर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजीत कुमार सहित पीडीएस डीलर, विकास मित्र, रोजगार सेवक मौजूद थे।

## एक नजर

### 31 मार्च तक हर हाल में राशन उपभोक्ताओं का केवाईसी कराने का निर्देश

**कौआकोल।** नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में शनिवार को बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में डीलरों एवं विकासमित्र सहित अन्य सम्बंधित कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी डीलरों को डोर टू डोर जाकर राशन कार्ड के उपभोक्ताओं का केवाईसी करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि सभी डीलरों को हर हाल में 31 मार्च तक डोर टू डोर जाकर उपभोक्ताओं का केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। वहीं विकासमित्रों एवं अन्य सम्बंधित कर्मियों को लाभुकों के बीच जाकर उन्हें जागरूक कर केवाईसी कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### बुनियाद केंद्र, रजौली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**रजौली।** बुनियाद केंद्र, रजौली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन केंद्र प्रबंधक प्रेम शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं को बुनियाद केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई तथा उनके सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि महिलाएं समाज को सुदृढ़ एवं प्रगतिशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और महिलाओं को समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, कार्यपालक सहायक शशि कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर गौरव कुमार, सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट, जुली कुमारी, केयर गिवर, एवं सुदीप कुमार, तकनीकी (स्पीच एंड हियरिंग) के साथ-साथ कई महिलाएं भी उपस्थित रहे।

### मधुरापुर गांव में निकाली गई साक्षरता रैली

**कौआकोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के मधुरापुर गांव में साक्षरता रैली निकाली गई। एजुकेट गर्ल की सहायता से ग्राम निर्माण मंडल द्वारा संचालित प्रगति परियोजना के अंतर्गत प्रखण्ड के पांच प्रखंडों कौआकोल, पकरीबरावां, रोह,अकबरपुर एवं रजौली में महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि साक्षरता रैली के अलावे रंगोली,चित्रांकन,खेल-कूद,गीत संगीत आदि का आयोजन कर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अपने अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा जीवन में शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### जैविक आधारित सब्जी की बिक्री को लेकर लगाया जा रहा हाट

**कौआकोल।** प्रखण्ड के महुडर पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ गांव में जैविक आधारित सब्जी की बिक्री को लेकर प्रत्येक शनिवार को हाट लगाया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि ग्राम निर्माण मण्डल के पहल से महुडर एवं पहाड़पुर पंचायत के आदिवासी एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य कई गांवों में 400 किसानों के द्वारा जैविक आधारित सब्जी की खेती की जा रही है। किसान बगैर खाद के जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन कर रहे हैं। स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान, प्रखण्ड के कई अधिकारियों की मौजूदगी में प्रत्येक शनिवार को करमाटांड़ गांव में इन सब्जियों की बिक्री को लेकर हाट लगाने का निर्देश दिया गया था।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पेंशनर भवन में सगोष्ठी का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को पेंशनर भवन में संगोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा भारतीय महिलाएं समाज का स्तम्भ हैं। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपने जीवन में कुशल पूर्वक उत्तरदायित्व को निभा रही है। वह सेना के क्षेत्र में पायलट, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष समेत अन्य विभागों में कर्तव्यों को भलीभांति निर्वाह में लगी हुई है। वस्तुतः महिलाएं सृष्टि का आधार है। यह पूरी दुनिया उसी के सहयोग से बसा हुआ है। आज अपनी कौशल व विश्वास के आधार पर चुनौतियों को सामना करने हेतु सभी क्षेत्रों में कामयाब हो रही है। कहा गया विधान मंडल व संसद में देश का प्रतिनिधित्व कर रही है। संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर दी गई है।

## बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** वीरायतन के महाप्रबंधक, बिहारशरीफ नगर निगम के पार्षद एवं मॉर्निंग वॉक टीम के अध्यक्ष अंजनी कुमार के द्वारा अपने वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 31 के सभी पांच आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। अंजनी कुमार ने बताया की वैसे तो लोग शादी की सालगिरह में परिवार के साथ खूब मौज मस्ती करते हैं और खाने-पीने का दौर चलता है पर मुझे लगा कि अगर गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और खुशी देखने को मिल जाए तो इससे बड़ा सुखद अनुभूति और कुछ हो नहीं सकता है। इसलिए मैं पिछले वैवाहिक वर्षगांठ से कुछ अलग ही कर रहा हूं। अंजनी कुमार स्वयं उनकी पत्नी शालिनी कुमारी और पुत्र आर्यन लाल तीनों ने मिलकर सभी पांचो आंगनबाड़ी केदो में जाकर बच्चों को पठन-पाठन सामग्री यथा स्लेट, पेंसिल, किताब, वॉटर बॉटल, बिस्कुट और टॉफी वितरित किए। कुल लगभग डेढ़ सौ बच्चों के बीच यह सामग्री वितरित किया गया।

## बीपीआरएस यूनियन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा शहर के एक निजी होटल बीपीआरएस यूनियन नवादा के लोगों ने बड़े धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया लोगों ने एक से एक बढ़कर होली गीत प्रस्तुत किया एवं रंग अमीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा था इस होली मिलन समारोह में यूनियन के द्वारा कई तरह का व्यंजन का बनाया गया लोगों ने इसका खूब आनंद लिया इस मौके पर उपस्थित सचिव हिमांशु शेखर, अध्यक्ष मुरारी मोहन, धारू भगत, बबन पांडे, राजेश कुमार, राजीव कुमार, अमरनाथ कुमार, रणधीर कुमार, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, सानू, रवि कुमार, पांडे एवं सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन एवं सुलहनीय वादों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** शनिवार को प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व्यवहार न्यायालय, नवादा में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन एवं कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से आज 08.03.2025 को पूर्वाह्न 10बजे से व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें पक्षकारों के वादों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। इस अवसर पर विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां से कोई भी पक्षकार निराश होकर नहीं लौटता। पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39(ए) में समान न्याय एवं निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए वर्ष में चार बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि देश के विभिन्न न्यायालयों में बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जिससे न्याय मिलने में देरी होती है। लोक अदालत के माध्यम से वादों का निष्पादन सुलह के आधार पर किया जाता है, जिससे न्याय त्वरित रूप से मिलता है और न्यायालयों पर अतिरिक्त भार भी नहीं बढ़ता। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुमारी सरोज कीर्ति ने कहा कि लोक अदालत न्यायालयों के बोझ को कम करने का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। इस अदालत में सभी वादों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है, जिससे कोई भी वादी-प्रतिवादी निराश होकर नहीं लौटता। व्यवहार न्यायालय, नवादा में कुल 787 मामलों का निष्पादन किया गया।

## प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** बिहार दिवस को लेकर शनिवार को बीआरसी राजगीर में प्रखंड स्तरीय विभिन्न तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में वर्ग 1 से 5 तक में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय पिलखी के अंशु राज, वर्ग 6 से 8 तक में प्रथम स्थान आदर्श मध्य विद्यालय राजगीर के अदिति महिमा एवं वर्ग 9 से 12 तक में प्रथम स्थान उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भूई के राजेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह क्विज प्रतियोगिता में वर्ग 1 से 5 तक में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय पिलखी के सिमरन कुमारी, वर्ग 6 से 8 में प्रथम स्थान अश्विनी कुमार एवं वर्ग 9 से 12 तक में प्रथम स्थान उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भूई के नाजिया प्रवीन ने प्राप्त किया। चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में वर्ग 1 से 5 तक में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय पिलखी के खुशी कुमारी, वर्ग 6 से 8 तक में प्रथम स्थान मध्य विद्यालय गांधी आश्रम अंजली कुमारी एवं वर्ग 9 से 12 तक में प्रथम स्थान उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भूई के रूप कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने से लेकर अन्य प्रतिभागी को वरीय बीआरपी कुमार महेश प्रसाद सिंह गहलौत एवं बीपीएम अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र दिए। श्री गहलौत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें 9 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर बीआरपी राजू कुमार, बीआरपी स्वीटी कुमारी, बीआरपी दीपक कुमार, डाटा ऑपरेटर मि. हक सहित अन्य प्रधानाध्यापक लोग उपस्थित हुए।

## केवीके में महिला दिवस पर किसान चौपाल का आयोजन



**कौआकोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के द्वारा कृषि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह ने महिला सशक्तिकरण, महिला के अधिकार एवं नारी शक्ति पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्राकृतिक खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को पपीता का पौधा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार, सलोनी कुमारी, पिंटू पासवान,सरवन रविदास आदि मौजूद रहे।

## धमकी देने वाला युवक बंदूक के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चेरो ओपी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के खरुआरा गांव से एक युवक को दोनाली बंदूक और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेसवार्ता कर बताया कि 7 मार्च को चेरो ओपी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के धोबा नदी के समीप नासी खंधा में खरुआरा गांव के अवधेश यादव के पुत्र सूरज कुमार को गांव के ही स्वर्गीय राम लखन सिंह के पुत्र सत्यप्रकाश ने कनपटी पर दोनाली बंदूक सटाकर धमकी दी थी। इस घटना के बाद पीड़ित सूरज कुमार ने चेरो ओपी थाना में शिकायत दर्ज कराई।

## अवैध देसी रायफल कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के सूरत बिगहा गांव में एक देशी राइफल, एक देसी कट्टा एवं पांच जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है। थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में सूचना प्राप्त हुआ की सूरत बिगहा गांव निवासी शिव गोप के दो पुत्र कमलेश गोप एवं बाढ़ु गोप अवैध हथियार के साथ बधार से गांव के तरफ जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया और घटनास्थल पर छापेमारी अभियान चलाया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने तरीके से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शहर के एसयू कॉलेज के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोविज्ञान विभाग के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम का आगाज किया।प्राचार्य डॉ गजेंद्र प्रसाद गदकर ने महिलाओं को क्रांति,शक्ति और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति बताया। महिलाओं विशेष कर छात्राओं को आत्मनिर्भर और उनके सशक्तिकरण पर विचार विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक युग में महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रहीं हैं। उनके बेहतरी के लिए समाज और सरकार के द्वारा और कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ पिंकी कुमारी, प्रो. लूसी कुमारी ने भी महिला दिवस की सार्थकता पर अपनी बात रखी।इस मौके पर कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुत दी।मंच संचालन श्रीमती वंदना रानी ने किया। मौके पर सांस्कृतिक विभाग के समन्वयक प्रो. पीसी चौरसिया, डॉ अशोक कुमार, डॉ शिव प्रसाद ठाकुर, डॉ पूर्णेन्दु शंकर, प्रो. सम्राट सरकार, प्रो बी के मंडल, प्रो0 राजमणि कुमार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ राजीव नयन सिंह, मधुसूदन कुमार, राजा कुमार, गुड्डू कुमार, महिला कर्मी सुभद्रा सिन्हा, कुमारी सुनीता सिन्हा व सकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### महिला दिवस पर महिला चेतना संगोष्ठी का आयोजन

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा प्रखंड के केशोपुर एवं कपसियावां गांव में शनिवार को स्वंय सेवी संस्था ज्वायंट एक्शन नेटवर्किंग जन के तत्वाधान में महिला चेतना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन अंजू कुमारी और अमृता कुमारी ने किया। ज्वायंट एक्शन नेटवर्किंग जन के सचिव रमाकान्त शर्मा ने महिला प्रतिनिधियों का स्वागत किया और उन्होंने कहा कि आज महिलाओ की स्थिति में काफी वदलाव हुआ है। बेटी प्रतिदिन नयी कृतिमान स्थापित कर रही है। संसद और विधान सभा और पंचायतो में भी महिलाओ के मुद्दे उठा रही है। समाज की सोच को और सकारात्मक बनाने की जरूरत है। आज हर परिवार में नौकरी करने वाले वहू की तलाश हो रही है। नौकरी तभी मिलेगी जब हमारी बेटी बढ़ेगी। वही अमृता देवी ने कहा कि महिलाओं को तकनीकि शिक्षा लेना चाहिए। बेटी को बेटा के समान समझना चाहिए। लिंग विभेदीकरण पर रोक लगना चाहिए। इस मौके पर अंजू कुमारी, सुनीता कुमारी, नीभा कुमारी ,आशीष कुमार सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थे।

# नारी के बिना संसार अधूरा : डॉ. प्रेम कुमार

## गया में भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया जिले के भैरो स्थान सामुदायिक भवन में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भव्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष करुणा सिंह ने की जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। इस अवसर पर बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नारी के बिना संसार की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि नर और नारी एक-दूसरे के पूरक हैं। लिंग के आधार पर भेदभाव अब नहीं चलेगा। हर व्यक्ति मातृत्व और पितृत्व के भाव के साथ जिए, तभी समाज में प्रेम और समरसता बढ़ेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए बताया कि बिहार सरकार ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया है। पुलिस भर्ती में महिलाओं को 35% आरक्षण दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा, मेडिकल, इंजीनियरिंग और खेल विश्वविद्यालयों में 33% आरक्षण की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण महिलाओं को दिया जा रहा है। केंद्र सरकार 'लखपति दीदी' और 'ड्रोन दीदी' जैसी योजनाओं के जरिए महिला उद्यमियों को सशक्त बना रही है। लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद और राज्यसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण दिलाने के लिए संविधान में संशोधन किया गया है। मंत्री ने बताया कि बिहार में 2 करोड़ 10 लाख जीविका दीदी रोजगार कर रही हैं जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सभी अवगुणों को त्यागकर आगे बढ़ना चाहिए और समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रभावती देवी, राखी सेठ, ममता देवी, अनुराधा कुमारी, निर्मला मिश्रा, मनीषा , मालती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस कार्यक्रम ने महिलाओं को जागरूक और सशक्त करने का संदेश दिया।

## एक नजर

### नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, मगध प्रमंडल स्तरीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में तृतीय दिन शनिवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, मस्तीचक छपरा से आए डॉक्टर वेद प्रकाश के देखरेख में निःशुक्ल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 200 मरीजों ने अपनी-अपनी नेत्र की जांच करवाई। डॉक्टर यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को आंखों की देखभाल और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करना है। हमें उम्मीद है कि हमारा शिविर लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा और वे अपनी आंखों की देखभाल के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। वहीं शिविर का नेतृत्व कर रहे सासाराम उपजोन के उपजोन समन्वयक नीरज कुमार सिंह ने कहा कि आंख जांच शिविर में हमारे अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने बड़ी संख्या में लोगों की आंखों की जांच की। हमने पाया कि कई लोगों को आंखों से संबंधित समस्याएं हैं जिनमें दृष्टि दोष, कैटरैक्ट, ग्लूकोमा और अन्य आंखों की बीमारियां शामिल हैं और उनका रजिस्ट्रेशन करवाकर उन्हें निःशुल्क नेत्र का ऑपरेशन मस्तीचक छपरा में बुलाकर की जाएगी जिनको आने और जाने से लेकर तमाम सुविधाएं दी जाएगी।

### विशेष प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** आईजी मगध क्षेत्र गया क्षेत्रनील सिंह के द्वारा शनिवार को दीप प्रज्ज्वलित कर पुलिस कार्यालय, गया के सभागार में, एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी आनंद कुमार, एसपी अरवल, सीटी एसपी तथा अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपने अनुभव व ज्ञान को साझा किया। इस महत्वपूर्ण सत्र में मगध क्षेत्र के सभी डीएसपी एवं समकक्ष अधिकारियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य अधिकारियों को नए अपराधिक कानून के अनुपालन, नवीनतम कार्यप्रणालियों, कानून व्यवस्था में सुधार और व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। साथ ही इस दौरान अनुभवों के आदान-प्रदान और आपसी संवाद पर विशेष जोर दिया गया जिससे मगध क्षेत्र में पुलिस बल को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाया जा सके।

### एनसीसी बी प्रमाण पत्र की प्रैक्टिकल परीक्षा सम्पन्न

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** गया ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश द्वारा आयोजित बी सर्टिफिकेट परीक्षा एवं 27 बिहार बटालियन एनसीसी गया के समादेशी पदाधिकारी कर्नल अमर पारकर के देख-रेख में शनिवार को 6 बिहार के 187 कैडेट्स, 27 बिहार बटालियन एनसीसी के 175 कैडेट्स कुल 362 एन सी सी कैडेट्स जो कि विभिन्न कॉलेज के कंपनी से सम्बंधित थे परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में जेजे कॉलेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एसपी वाई कॉलेज, एसएस वाई कॉलेज, महाबोधि कॉलेज, टीएस कॉलेज के कैडेट्स इस परीक्षा में सम्मलित हुए। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए कम से कम 75 प्रतिशत परेड एवं कम से कम एक कैम्प में सम्मलित होना होता है। प्रैक्टिकल एग्जाम में फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, विपन ट्रेनिंग, ड्रिल, कम्युनिकेशन इत्यादि टॉपिक से सबंधित प्रश्न मौखिक कैडेट्स से पूछा गया था। ज्ञात हो कि यह बी सर्टिफिकेट का एग्जाम पास करने से सेना भर्ती के जेनरल ड्यूटी में 10 मार्क्स की छूट मिलती है। साथ ही साथ सर्टिफिकेट एग्जाम से कैडेट्स को आगे चलकर नौकरी के अलावे अन्य निजी क्षेत्रों में भी वरीयता दी जाती है। इस परीक्षा में ट्रेनिंग ऑफिसर जीबी क्षेत्री, 6 बिहार एओ कर्नल विशाल शर्मा, 27 बिहार से लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित चौहान, सूबेदार अभिरंजन, सूबेदार संजय कुमार यादव, सूबेदार मनोज राणा, सूरज उरांव, नायब सूबेदार आशित कुमार, हवलदार दीपक, हवलदार वाई.के.यादव, रॉबिन, गुडु,रंजन, ललित, हवलदार विनोद, प्रमोद एवं सिविल स्टॉफ मौजूद थे।

### घर सहित चार दुकानों में चोरी

**टिकारी(गया)(नबिटा ब्यूरो)।** पंचानपुर थाना क्षेत्र के बाजार व अन्य चोरों ने शुक्रवार की रात जमकर आतंक मचाया व एक साथ एक घर सहित चार दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने टिकारी प्रखण्ड के उप प्रमुख गया दत्त शर्मा की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दी। पुलिस द्वारा घटना की जांच की गई। हालांकि कोई सफलता हाथ नहीं लगी। जानकारी के अनुसार पंचानपुर बेला मुख्य मार्ग स्थित रविकांत कुमार रवि के घर में चोरों ने जेवर गहना समेत सात लाख रुपये की चोरी कर ली। रविकांत घटना की जांच पड़ताल कर ही रहे थे कि उन्हें पता चला कि उनके घर के निचले तल्ला में किराए पर लगे सीमेंट की दुकान की भी शटर चोर तोड़ चुके हैं। जानकारी मिलने पर पहुंचे किरायेदार ब्रजेश कुमार ने जांच की तो देखा उनके दुकान मां इंटरप्राइजेज से चोरों ने चार लाख नगदी की चोरी की। साथ ही घर में लगे दुकान व घर के डीवीआर भी ले उड़े। वहीं पंचानपुर गोह मुख्य पथ स्थित श्याम सिमेंट्री व प्रखण्ड उपप्रमुख गयादत्त शर्मा की दुकान गणेश इंटरप्राइजेज से 15 हजार रुपये की व रघुनाथ सिंह की सीमेंट दुकान में चोरी कर ली।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा वितरण शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने किया और मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री सह टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार शामिल हुए। बेघर परिवारों को भूमि बंदोबस्ती कर 36 लोगों के बीच पर्चा वितरण किया गया। पूर्व मंत्री सह टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सौजन्य से महत्वाकांक्षी योजना के तहत भूमिहीन गरीब परिवारों के बीच बंदोवस्ती कर पर्चा वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वेक्षण प्रखंड स्तर पर कराया जा रहा है जिसमें किसी कर्मियों के द्वारा या बिचौलियों के द्वारा धांधली कतई बर्दाश्त नहीं होगा। मौके पर बीडीओ विपुल भारद्वाज, प्रमुख मनी देवी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी लक्की सिंह, लोजपा नेता कमलेश शर्मा, हम नेता अजित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दक्षिण पूर्व रेल में हर्षोल्लास के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय, गार्डन रीच में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, विभिन्न विभागों के प्रधान और महिला कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। डॉ. महुआ वर्मा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व रेलवे ने समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर 55 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे में कार्यरत 7,661 महिला कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और विशेष रूप से पुरस्कृत महिलाओं की निष्ठा, समर्पण और परिश्रम की प्रशंसा की। उन्होंने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'एक्सेलरेट एक्शन' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने का संदेश देता है। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे में महिला कर्मचारी ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, गार्ड, स्टेशन मैनेजर जैसी महत्वपूर्ण सुरक्षा श्रेणियों में भी कार्यरत हैं। महिला आरपीएफ कर्मी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। बीते वर्षों में मुख्यालय, सभी मंडलों और कार्यशालाओं में लैंगिक जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, अग्निशमन, महिलाओं के अधिकारों पर सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने पूरे समारोह को और भी खास बना दिया। इस आयोजन ने दक्षिण पूर्व रेलवे में महिला कर्मचारियों की भूमिका और उनके योगदान को उजागर किया और उनके उत्साह को और भी बढ़ाया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण में तथा कॉलेज की एनएसएस इकाई एवं सेहत केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में एक्सलरेट ऐक्शन थीम के तहत इक्वल राइट्स, इक्वल ऑपरच्युनिटी, इक्वल पावर विषय पर एक एक-दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में डीएसपी सह साइबर थानाध्यक्ष साक्षी रॉय की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यशाला का शुभारंभ मंचासीन कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ सहदेब बाउरी, डीएसपी साक्षी रॉय, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष-सह-जन संपर्क अधिकारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ जया चौधरी, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे मांझी एवं कार्यक्रम का संचालन कर रहीं एनएसएस पदाधिकारी एवं सेहत केन्द्र की जिला नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके तथा मां शारदे के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के निर्देशन एवं नेतृत्व में छात्रा अन्या, स्तुति भारद्वाज, तान्या सिन्हा, शैली पाठक एवं दीपशिखा मिश्रा ने हारमोनियम पर महाविद्यालय कुलगीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। प्रभारी प्रधानाचार्य ने श्रीमती रॉय का स्वागत अंगवस्त्र तथा पुष्पगुच्छ प्रदान करके किया। छात्रा शैली पाठक एवं दीपशिखा मिश्रा ने महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की भावना को मुखरित करते गीत मुझेगा क्या बेचेगा रुपइया पर ओजपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साक्षी रॉय ने छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को आज के कम्प्यूटर तथा स्मार्ट फोन से संचालित युग में साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। डीएसपी रॉय ने कहा कि महिलाओं को अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है, तभी वे अपने जीवन को प्रसन्नता के साथ जी सकती हैं तथा सुरक्षित रह सकती हैं। कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि डॉ प्रियंका के संयोजन में कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के तहत 7 मार्च को पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन एवं आर्टिकल राइटिंग कम्प्टीशन तथा 8 मार्च को रंगोली मेकिंग कम्प्टीशन का आयोजन किया गया था। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शैली पाठक, द्वितीय स्थान पर दीपशिखा मिश्रा एवं तृतीय स्थान पर अंशु कुमारी एवं शिल्पा कुमारी रहीं। वहीं लेख प्रतियोगिता में प्रथम शालिनी कुमारी, द्वितीय हर्षिता मिश्रा, तथा तृतीय शिल्पा कुमारी तथा नैना कुमारी रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अंशु एवं आरती एवं द्वितीय स्थान पर ज्योति कुमारी रहीं। तीनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ. जया चौधरी, डॉ नगमा शादाब, डॉ पूजा, डॉ पूजा राय, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ शुचि सिन्हा, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल शामिल थीं। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।प्रभारी प्रधानाचार्य एवं उपस्थित प्रोफेसरों ने छात्राओं को जागरूक तथा सावधान रहने कहा। कार्यक्रम में डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ आशुतोष पांडेय, माया, निशा, निशि, सिंकू, जस्सी, आरती, नैना व अन्य छात्राओं की उपस्थिति रही।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, बिहार प्रदेश के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक भव्य महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन मैत्री मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजक राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, बिहार प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा किया गया। इस विशेष अवसर पर समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के पूर्व सांसद रामजी मांझी भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्वी विजय मांझी नवादा विधि कॉलेज के सचिव कलादेवी ठाकुर, गौरव सिंह, भाजपा नेता अखोरी निरंजन प्रसाद, शंभू केसरी, अनिल शर्मा, उपस्थित रहे। साथ ही शहर के अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे। समारोह में महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को सराहते हुए उन्हें विशेष रूप से अंग वस्त्र और फूलों की माला देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने महिलाओं की समाज में बढ़ती भूमिका, उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने महिलाओं के सम्मान को प्राथमिकता देने और समाज में उनकी स्थिति को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि समाज की वास्तविक प्रगति का संकेत है।

## महिला दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के नामचीन विद्यालय में शुमार देश के प्रत्येक क्षेत्र से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार तक प्राप्त कर अपने नाम का कृतिमान स्थापित करने वाले आदर्श मध्य विद्यालय सह उच्च माध्यमिक विद्यालय सरबहदा में महिला दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमें प्रथम वर्ग से +2 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महिलाओं की सशक्तिकरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत गीत के साथ बच्चों के कार्यक्रम की शुरुआत की गई बच्चों ने एक से बढ़ कर एक नृत्य अभिभाषण एकल नृत्य सामूहिक नृत्य संगीत नाटक सामाजिक कुरूतियों पर कुठाराघात जैसी कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

## 5 साल से कम उम्र के बच्चों को कैम्प लगाकर की गयी जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम द्वारा शनिवार को प्रभावती अस्पताल परिसर में बने डीईआईसी भवन में श्रवण श्रुति के तहत बहरापन जैसी समस्याओं वाले 5 साल से कम उम्र संबंधित बच्चों को कैम्प लगाकर उनकी जांच की गई। कुल 50 बच्चों की जांच की गई जिसमें 6 बच्चे ओएई पॉजिटिव पाए गए इनमें 3 बच्चे पूरी तरह बहरेपन पाए गए जिन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता को देखा गया। डीएम स्वयं खड़े रहकर बच्चों को किये जाने वाले जांच की प्रक्रिया को देखा। कैम्प में अतरी, इमामगंज, डुमरिया जैसे दूरस्थ क्षेत्र से लोग अपने छोटे बच्चे की इलाज हेतु आये थे। डीएम से बच्चों के परिजनों से जानकारी भी किया और स्वास्थ्य विभाग के टीम को अच्छे से उपचार करवाने का निर्देश दिए हैं। अब तक कुल 70 बच्चों को एसएन मल्होत्रा इंस्टीट्यूट कानपुर में कॉकलियर इंप्लांट किया जा चुका है। लगभग 4.5 लाख बच्चों को स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इस माह मार्च में 12 बच्चों को कॉकलियर इंप्लांट किया जाना है। आज 01 बच्चे की कानपुर में कॉकलियर इंप्लांट लगाया गया है। डीएम ने डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार को निर्देश दिया है कि हर माह के अंतिम शनिवार को इसी तरह छोटे बच्चों के लिये कैम्प लगाए और उनका बेहतर इलाज सुनिश्चित करवाये। डीपीएम ने कहा कि हर प्रखंड में आरबीएसके के टीम मौजूद हैं, कोई अभिभावक चाहे तो अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपने बच्चों की बहरेपन का जांच करवा सकते हैं।

## भूमिहीन परिवारों के बीच बांटा जमीन का पर्चा

**इमामगंज (नबिटा सं.)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को महिला दिवस के मौके पर महिला प्रखंड प्रमुख व अंचलाधिकारी ने भूमिहीन परिवारों के बीच जमीन का पर्चा वितरण किया। वहीं इस संबंध में प्रखंड प्रमुख कलावती देवी एवं अंचलाधिकारी सुनिता कुमारी ने बताई कि इमामगंज प्रखंड के मंझौली पंचायत के उमान गांव के चार भूमिहीन परिवारों के बीच पांच डिसमिल जमीन और सलैया पंचायत के बोदिया गांव के चार भूमिहीन परिवारों के बीच पांच-पांच डिसमिल जमीन का पर्चा वितरण किया गया है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी अंचल अधिकारी सुनीता कुमारी, बीपीआरओ शोभा कुमारी सहित मुखिया उत्तमदीप यादव, सलैया पंचायत मुखिया सहित पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।


**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice, (Short Notice)**

**Tender Ref. No.-21/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 06.03.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C Road from Khodhi Ambedkar Chowk to Sohdag Siwana Road, under block Chhattarpur, Palamu. | Rs. 7612100.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road from Nawa NH - 98 main road to Harijan tola via piprahi tola at Chhattarpur, Palamu | Rs. 5562200.00 | 03 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17-03-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-03-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 26-03-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- पहला *Call* का पी0आर0 संख्या:– *PR.NO. 340791 Building(24-25):D*
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.***

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Daltonganj**

PR 348139 Building(24-25)#D


## राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्य स्मृति में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर (गया)।** राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन जगजीवन महाविद्यालय गया के सभागार में 26 और 27 अप्रैल को किया जाएगा। यह आयोजन मां निर्दोष सेवा केंद्र, मगध विश्वविद्यालय का हिंदी विभाग एवं जगजीवन महाविद्यालय के आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया जाना है।

कार्यक्रम के आयोजक इं. हिमांशु शेखर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देशभर के दो सौ प्रबुद्धजनों को साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभागाध्यक्ष प्रो सुरेश चंद्र द्वारा लिखित पुस्तक 'संवाद के उजाले में' एवं रामेश्वर उच्च विद्यालय, बेलागंज के प्राचार्य अबरार आलम द्वारा लिखित पुस्तक 'अल्फाज का सफर' का विमोचन किया जाना सुनिश्चित है। आयोजन की चर्चा करते हुए श्री शेखर ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्धन शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में देश भर के साहित्यकार, कवि एवं शोधार्थी आयेंगे एवं स्कूली बच्चों को राष्ट्रकवि दिनकर की लिखी हुई कविताओं का काव्य पाठ करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। मगध विश्वविद्यालय बोधगया के पूर्व कुलपति प्रो कुसुम कुमारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया है। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, मानपुर वेद प्रकाश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में साहित्य से लगाव पैदा करने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता पूर्णेंदु सावर्णेय, पत्रकार संजय अथर्व, छायाकार रूपक सिन्हा, सीयूएसबी के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रामचंद्र रजक, सीयूएसबी शोधार्थी रुद्रचरण मांझी ने कहा कि यह कार्यक्रम हिन्दी और रामधारी सिंह दिनकर को लेकर शोध करने वाले छात्रों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।


**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com**

**Very Short Tender Notice**
**e-Procurement Very Short Notice**

Tender Reference No.- **UDHD/MMC/40/2024-25** Date :- **08/03/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Indoor Stadium Complex in ward no. 23 at Medininagar |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 4,73,77,734/- |
| 3 | Time of Completion | 18 Month |
| 4 | Bid Security* (Rs.) | 4,73,777/- |
| 5 | Cost of Document (Rs) | 10,000/- |
| 6 | Date of Publication of Tender on Website | 11/03/2025 AT 10:00 AM |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 11/03/2025 AT 10:00 AM |
| 8 | Pre-bid meeting | 15/03/2025 AT 03:00 PM |
| 9 | Last Date/Time of Submission of Bids | 18/03/2025 AT 02:00 PM |
| 10 | Date Of Bid Opening | 19/03/2025 AT 02:00 PM |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | e-Procurement Cell Municipal Commissioner–Cum-Administrator Medininagar Municipal Corporation |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**Note-** Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.in Any change can be seen on Website http:// jharkhand tenders.gov.in Any other information can be seen on http://jharkhand tenders.gov.in

**Sd./-**
**Municipal Commissioner –Cum- Administrator**
**Medininagar Municipal Corporation**

PR.NO.348140 District(24-25):D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

पत्रांक– 211/ दिनांक– 07.03.2025

**अति–अल्पकालीन बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 17/2024–25**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 20.03.2025 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय के सभागार में की जायेगी।

| क0 सं0 | सैरात का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र का बस/407 /607/सभी मालवाहन/ जिप/टैक्सी/ठेला /फुटपाथ टॉल टैक्स संकलन | 986700.00 | 98670.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत मझिऑव द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि दिनांक 19.03.2025 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान किया जायेगा।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत मझिऑव से दिनांक .17.03.2025 से 18.03.2025 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार) रूपये का ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन शुल्क Non-refundable होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत मझिऑव**

PR 348142 Urban Development(24-25)#D

संपादकीय

# मुंडे के इस्तीफे के मायने

महाराष्ट्र में मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे से जहां देश में राजनीतिज्ञों और अपराधियों का भयानक गठजोड़ उजागर हुआ है, वहीं इसको लेकर महायुति में बदलते राजनीतिक समीकरणों का संदेश भी गया है। मुंडे अजित पवार कोटे से हैं। उन पर आरोप है कि राज्य में पिछले साल बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की निर्मम हत्या करने का मुख्य आरोपी वाल्मीक कराड मुंडे का करीबी रहा है। लिहाजा इस हत्याकांड का साया मुंडे पर भी पड़ रहा था। हालांकि पुलिस ने कराड और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में कराड ने माना कि उसकी धनंजय मुंडे से नजदीकी है। यह खुलासा होने के बाद मुंडे पर पद छोड़ने का दबाव बना हुआ था, लेकिन किन्ही कारणों से मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री अजित पवार उन्हें बचा रहे थे। इस घटनाक्रम के चलते सत्ता पक्ष के लोगों का मानना है कि इससे सरकार की छवि खराब हो रही थी। इस प्रकरण के भी पहले मुंडे अपनी पहली पत्नी द्वारा कोर्ट में दायर मामले में भी उलझे हैं। पुलिस की पूछताछ में यह भी उजागर हुआ कि मुंडे की हत्या के मुख्य आरोपी के साथ पार्टनरशिप है। वेंकटेश्वर चीनी मिल में कराड और धनंजय पार्टनर हैं। कराड के नाम पर करोड़ों की संपत्ति और उसका धनंजय से कनेक्शन है। इसके अलावा भी धनंजय पर घोटालों के कई आरोप हैं। उधर मुंडे के इस्तीफे पर उनकी चचेरी बहन और गोपीनाथ मुंडे की राजनीति विरासत की दावेदार महाराष्ट्र मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि धनंजय का इस्तीफा बहत पहले ही हो जाना चाहिए था। हालांकि मुंडे की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित) के एनडीए में आ जाने से धनंजय और पंकजा में कटुता काफी कम हो गई थी, लेकिन लगता है कि पंकजा को धनजंय के सभी गोरखधंधों की जानकारी थी। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश के बाद धनंजय मुंडे ने कहा कि वो अंतरात्मा की आवाज पर इस्तीफा दे रहे हैं। हत्या के जिस मामले में मुंडे का नाम आया है, वह बहुत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक कराड के एक साथी सुदर्शन घुले ने 2024 में एक रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को अगवा कर ने 2 करोड़ रू. की फिरौती मांगी थी। इसकी रिपोर्ट केज पुलिस थाने में की गई थी। लेकिन संतोष देशमुख ने अपराधियों का प्लान फेल कर दिया। जिसका बदला उन्होंने संतोष देशमुख को पेट्रोल पंप से अपहृत कर क्रूर हत्या कर लिया। संतोष देशमुख की निर्मम हत्या के वायरल वीडियो ने पूरे महाराष्ट्र को हिलाकर रख दिया। बावजूद इसके मंत्री मुंडे का बचाव बड़े नेता करते रहे। बंजारा समुदाय के तीर्थ भगवानगढ़ के महंत ने भी मुंडे का यह कहकर बचाव किया कि जो हुआ, अनजाने में हुआ। इस बीच धनंजय की बढ़ती मुश्किलों और विपक्ष द्वारा फडणवीस सरकार की लगातार आलोचना के बाद उन्हें पद से हटाने का फैसला किया गया। मुंडे को भले ही हत्या के प्रकरण में हटाया गया हो, लेकिन इसने महायुति में अजित पवार और उनकी पार्टी को शह दे दी है। संकेत साफ है कि गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में भाजपा ही है और सरकार में वही रहेगा, जिसे भाजपा चाहेगी। वैसे भी भाजपा विधायक सुरेश धस मुंडे के पीछे पहले से लगे हुए थे। मुंडे को हटाकर फडणवीस ने सरकार के एक प्रमुख घटक शिवसेना (शिंदे) को मौन संदेश दे दिया है। माना तो यह भी जा रहा है कि महाराष्ट्र के इस राजनीतिक घटनाक्रम का संदेश बिहार तक जाएगा, जहां भाजपा गठबंधन की सरकार में है। दूसरा सवाल मुंडे की जगह भरने का है। उनके इस्तीफे से राष्ट्रवादी कोटे की एक जगह खाली हुई है। उनकी जगह कौन मंत्री बनता है, यह देखने की बात है।

# ऋषियों और संतों के देश में बाबा संस्कृति

**हमारे देश में महाराष्ट्र में कई बाबा हुए. बाबा के रूप में संत श्री गाडगे बाबा का नाम लिया जाता है. परमपूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज भारत के सिद्ध संतों में एक थे. उनका अद्भुत जीवन संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श रूप था जिन्हें कामाख्या में मां जगदंबा के आराधक के रूप में प्रतिष्ठा मिली. उनके समकालीन संतों में पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज थे. देवरहा बाबा, भारत के उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में एक योगी, सिद्ध महापुरुष एवं संतपुरुष थे. देवरहा बाबा की आयु के बारे में भी अनेक मान्यताएं हैं. बाबा की उम्र कोई कहता है वे 250 वर्ष से अधिक जिये थे तो कोई इनकी आयु 500 या 800 वर्ष से भी अधिक बताता है. गोरक्षनाथ बाबा, को भला कौन नहीं जानता? महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी के जन्म और कर्म दोनों दिव्य हैं. ऐसा कहा जा सकता है कि जो बाबा गोरक्षनाथ को नहीं जानता वह भारत को नहीं जानता.**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

भारत आध्यात्मिक देश है. यह इसकी विशेषता है. यह इसके प्राचीन गौरव गाथाओं में उद्धृत है. हमारे देश में वेद, पुराण, उपनिषद्, ऋचाएं, गीता, रामायण, श्रीरामचरित मानस और पंचतंत्र की कथाओं को पढ़ते हुए यह महसूस होता है कि हम क्या थे, हम क्या हैं, और हम किस और बढ़ रहे हैं? लोग आज सवाल करें कि भारत में का बा? तो इसका बहुत अच्छा उत्तर है जो भारत भारत के लोगों को ही नहीं, पूरे विश्व को दे सकता है. भारत में वह सबकुछ है जो अन्य देशों में नहीं है. हमारी भारतीय संस्कृति में जिस प्रकार का जीवन, आचार-व्यवहार है वह दुनिया में मुश्किल से ढूँढने पर मिलेगा.

कालांतर में भारत अगर अपना आंकलन करे तो उसे अब ज़रूर सोचना पड़ सकता है कि वह अपने अतीत को छोड़ दे तो आज किस पर गर्व करे? क्या आज़ हमारे देश में ऐसी कोई बड़ी मिसाल है जिसे हम सम्पूर्ण विश्व में ले जा सकते हैं. मनमोहनसिंह की सरकार ने अहिंसा दिवस जैसा गौरवानुभूति का दिवस दिया तो नरेंद्र मोदी सरकार ने योग दिवस दिया. यह दोनों भारत के आभूषण हैं जिस पर सभी भारतीय गर्व कर सकते हैं. भारतीय आगे क्या ऐसा उदाहरण दे सकते हैं? अगर बौद्धिक समाज आज सोच रहा है तो हमारे देश में बाबा-संस्कृति का जो उभार हुआ, उससे न अहिंसा सम्हल पा रही है और न ही योग-साधना. भारत में बाबा संस्कृति इतना शर्मिंदा करने वाली उभार पाएगी, किसी ने सोचा नहीं था. अब पूरे विश्व में जब भारत का आकलन होगा, और उसमें यह प्रश्न आएगा कि भारत में का बा? तो क्या उत्तर यही मिलेगा कि भारत में बाबा, बा.

हमारे देश में महाराष्ट्र में कई बाबा हुए. बाबा के रूप में संत श्री गाडगे बाबा का नाम लिया जाता है. परमपूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज भारत के सिद्ध संतों में एक थे. उनका अद्भुत जीवन संपूर्ण समाज के



लिए एक आदर्श रूप था जिन्हें कामाख्या में मां जगदंबा के आराधक के रूप में प्रतिष्ठा मिली. उनके समकालीन संतों में पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज थे. देवरहा बाबा, भारत के उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में एक योगी, सिद्ध महापुरुष एवं संतपुरुष थे. देवरहा बाबा की आयु के बारे में भी अनेक मान्यताएं हैं. बाबा की उम्र कोई कहता है वे 250 वर्ष से अधिक जिये थे तो कोई इनकी आयु 500 या 800 वर्ष से भी अधिक बताता है. गोरक्षनाथ बाबा, को भला कौन नहीं जानता? महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी के जन्म और कर्म दोनों दिव्य हैं. ऐसा कहा जा सकता है कि जो बाबा गोरक्षनाथ को नहीं जानता वह भारत को नहीं जानता. अघोराचार्य बाबा श्री कीनाराम उत्तर भारतीय संत परंपरा के एक प्रसिद्ध संत चंदौली जिले के ग्राम रामगढ़ थे. सियाराम बाबा का आश्रम खरगोन जिले में नर्मदा नदी के तट पर तेली भट्यान में है, उनके बारे में सभी जानते हैं कि विगत दिसंबर में ही 110 साल की उम्र उनकी मृत्यु हुई, वह किस प्रकार के संत थे. नीम करौरी बाबा की गणना बीसवीं शताब्दी के सबसे महान संतों में होती है. भारतीय संतों की सघन चर्चा अविरल होती रही है, पूरब से लेकर पश्चिम तक, उत्तर से लेकर दक्षिण तक नदी तट, कंदराओं, गुफाओं, हिमालय और पीठों में हमारे अनेक बाबा हुए जिन्हें भारत के लोग प्रणाम करते हैं और उनकी महिमा का गुणगान करते हैं. ऐसे ही हमारे देश की साध्वी थीं, महिला संतों का नाम भी गरिमा के साथ लिया जाता है.

लेकिन अब भारत में बाबा जैसी उपाधियाँ धारित करने वाले लोगों की संख्या जो बढ़ी है. बाबागिरी के माध्यम से सम्पूर्ण भारत को समझने और अभिव्यक्त करने की कोशिश भारत को ठगने की कोशिश है. देखने में आया है कि अब बाबा स्वघोषित स्वयंभू, विज्ञ और सर्वश्रेष्ठ कहलाने के लिए सतत कार्य कर रहे हैं. उन्हें अपने अपमान की चिंता है. वह वैयक्तिक हानि को देश की हानि बताने से नहीं चूकते. ऐसे बाबा लोगों ने देश को सबसे ज्यादा असहिष्णु बनाने का काम किया है. लोगों में सहनशक्ति समाप्त हुई है. क्रूरता उनका आभूषण बन चुकी है. ये किसी शंकराचार्य से क्षमा मांगने में स्वयं का अपमान समझते हैं. ये सत्ता का गुणगान करते हैं. इसके लिए उन्हें छल, छद्म, षड्यंत्र या असत्य का सहारा लेना पड़े तो उसे करना अपना धर्म समझते हैं. यह इस देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है.

हमने अतीत से बहुत कुछ सीखा, अर्जित किया. बहुत कुछ बताने के लिए था लेकिन अब बाबा की खेप ने भारत की छवि को धूल-धूसरित कर दिया है. हाल ही में, एक नए बाबा महाकुंभ में उपजे. उन्हें आईआईटियन बाबा के नाम से जाना गया. उन्हें अभी एक मीडिया हाउस द्वारा आमंत्रित किया गया. उनके साथ अपने तरह का शास्त्रार्थ करने आए बाबाओं ने खूब गाली-गलौज किए. वह धरने पर बैठ गए. उन्हें एक बाबा ने पाकिस्तानी एजेंट तक कह दिया. आगे उन्हें क्या-क्या कहा जाएगा, यह भविष्य के गर्त में है. खैर, उनके बाबा होने की अपनी यात्रा है. इस नई-नई शुरू हुई बाबा यात्रा से हमारे देश की मीडिया ने खूब मुनाफा कमाया. अब कूड़ा पीठाधीश्वर, कचरा महामंडलेश्वर, कम्प्यूटर बाबा, एआई बाबा जैसे बाबाओं का उभार इस सदी की चुनौती बनते जा रहे हैं. कुछ समय बाद बाबाओं के पाने देश होंगे. देश का एक बाबा अब अपना एक देश बना लिया और सुनने में आया है कि उस देश को संयुक्त राष्ट्र ने मान्यता दे दी. उसके रीप्रेजेंटेटिव संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं. बाबाओं की यह नई पीढ़ी वेद नहीं जानती. लबेद जानती है. यह गाली-गलौज वाली बाबा पीढ़ी है जो भारत के सनातन को अपने तरह का सनातनी परिभाषा गढ़ रही है. इस भोग-विलास वाली बाबा-संस्कृति से हमारे देश का जो पतन होने जा रहा है, उससे देश को चिंता नहीं हो रही है, इससे बड़ा संतोष क्या हो सकता है? बाबा अब त्याग, तपस्या, करुणा, दया, प्रेम और सौहार्द्र को तिलांजलि देकर प्रोफेशनल बाबा हैं. बाबा अब सत्ता सुख, काम सुख, नाम सुख, सम्मान सुख, महिमागान के भूख से तृप्त नहीं होते. ऐसे बाबा भारत के लिए अभिशाप व भारतीय संस्कृति के लिए कब हिंसक संस्कृति के ध्वजवाहक बनकर भारत को मटियामेट कर देंगे, इसका अंदाज़ा कदाचित किसी को नहीं है, नहीं तो इसका विरोध होता. संसद में इसके लिए एक बिल लाया जाता कि भारत में बाबा होने की यह श्रृंखला देशहित में नहीं है और इसके लिए कोई एक आचार-संहिता होनी ही चाहिए. लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि भारत में बाबा संस्कृति से सत्ता सुख की जो भूख मिटाने में मदद मिल रही है, वह ऐसा होने ही नहीं देगी.हमारे देश में हम क्या थे, और क्या हो गए? हमने जिन संतों के छाँव तले भारतीय संस्कृति को सृजित किया उस पर अब तेज धार वाली आरी चल रही है. हमारे लिए एक अभिशप्त समय दस्तक देने जा रहा है. हमारे ऋषियों, मुनियों, संतों की प्राच्यकाल से चली आ रही परंपरा को आज का छद्म बाबा समाज इस प्रकार कलंकित करेगा, किसी ने सोचा नहीं था. ऐसे में, आज क्या ऐसा हो, इस पर विचार आवश्यक है. यदि देश के सच्चे शिक्षक, सच्चे संत, सच्चे साधक, बौद्धिक वर्ग ने इन स्व-घोषित स्वयंभू बाबाओं से देश को बचाने के लिए प्रतिरोध नहीं किया तो हम उस अँधेरे की ओर जाकर डूब जाएंगे, जहाँ से उबरना भारत के लिए बहुत मुश्किल होगा.

अध्यात्म

## क्रोध की वजह से इंसान के सभी गुण खत्म हो जाते हैं



पुराने समय में अंबरीष नाम के एक राजा थे। वे भगवान विष्णु के परम भक्त थे। एक दिन उन्होंने एकादशी का व्रत किया। राजा के राज्य में ऋषि दुर्वासा आए हुए थे। राजा ने ऋषि को अपने यहां भोजन के लिए आमंत्रित किया।उस समय एकादशी पर ब्राह्मण को भोजन कराने के बाद ही व्रत करने वाला खाना खाता था। ऋषि दुर्वासा ने राजा अंबरीष से कहा कि मैं स्नान करके आता हूं, उसके बाद भोजन करूंगा। राजा ऋषि का इंतजार करने लगा, लेकिन उन्हें आने देर हो रही थी और एकादशी पर पारण करने का मुहूर्त बीत रहा था। तब राजा के कुलगुरु ने कहा कि आप तुलसी के पत्तों के जल ग्रहण कर लें, इससे व्रत का पारण भी हो जाएगा और ऋषि दुर्वासा से पहले भोजन करने का पाप भी नहीं लगेगा।गुरु का बात मानकर राजा अंबरीष ने तुलसी दल के साथ पानी पी लिया। जब ऋषि दुर्वासा वहां पहुंचे तो उन्हें मालूम हो गया कि राजा ने अकेले ही व्रत का पारण कर लिया है। इससे ऋषि क्रोधित हो गए। उन्होंने अपने तप बल से एक राक्षस को प्रकट किया और राजा अंबरीष को मारने का आदेश दे दिया। विष्णुजी ने राजा अंबरीष की रक्षा में सुदर्शन चक्र छोड़ रखा था। सुदर्शन चक्र ने उस राक्षस को मार दिया और ऋषि दुर्वासा के पीछे लग गया। ऋषि दुर्वासा अपने प्राण बचाने के लिए ब्रह्माजी, शिवजी और इंद्र के पास पहुंचे, लेकिन सभी ने कहा कि वे सुदर्शन चक्र से उनकी रक्षा नहीं कर सकते हैं। तब ऋषि भगवान विष्णु के पास पहुंचे। विष्णुजी ने कहा कि मैं तो खुद भक्तों के अधीन हूं। आपको राजा अंबरीष के पास ही जाना चाहिए, वे आपके प्राण बचा सकते हैं। ऋषि दुर्वासा तुरंत ही राजा अंबरीष के पास पहुंचे और क्षमा मांगी। तब राजा ने दुर्वासा के पैर छुए और सुदर्शन चक्र शांत हो गया। क्रोध की वजह से ऋषि मुनियों के पुण्य भी प्रभावहीन हो जाते हैं। क्रोधी इंसान की मदद भगवान भी नहीं करते हैं। इसीलिए गुस्से से बचना चाहिए। गुस्सा हमारी सोचने-समझने की शक्ति खत्म कर देता है। इससे बचेंगे तो जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

# अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या चिंतनीय

**देश की न्याय व्यवस्था कई महत्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं।**

**प्रियंका सौरभ**

भारत में, 'लंबित मामलों' का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ 'न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है' कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को ख़त्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को ख़त्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को ख़त्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या



दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेज़ीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेज़ी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है। वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। मध्यस्थता अधिनियम (2023) वाणिज्यिक और नागरिक विवादों में मध्यस्थता को अनिवार्य बनाकर इसका समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य अदालती लंबित मामलों को कम करना है। एक मज़बूत लोकतंत्र न्याय के त्वरित और प्रभावी वितरण पर निर्भर करता है। न्यायिक देरी से निपटने के लिए, न्यायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, मौजूदा रिक्तियों को भरना, ऐआई-संचालित केस प्रबंधन को अपनाना और वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना आवश्यक है। न्यायिक जवाबदेही को दूरदर्शी नीति ढांचे के साथ जोड़कर, भारत की न्याय प्रणाली अधिक निष्पक्ष, सुलभ और समय पर बन सकती है। यह आशा की जाती है कि सभी हितधारक-न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, सरकारें और कानूनी पेशेवर-न्याय वितरण प्रणाली को मज़बूत करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। भारतीय अदालतों में लंबित मामलों से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ-साथ प्रशासनिक, कानूनी और बुनियादी ढाँचे में सुधार शामिल हो। हालाँकि प्रगति हुई है, लेकिन कानूनी प्रणाली में विश्वास बहाल करने और विवादों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास महत्वपूर्ण हैं। भारतीय न्यायपालिका मूल कारणों से निपट सकती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभिनव समाधान लागू कर सकती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा समय बितायेंगे। आय में वृद्धि होने से काम में मन लगा रहेगा। तकनीक पर कार्यरत लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है।

**वृषभ**
अनचाहे खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है। आपकी थोड़ी सी सावधानी बड़ी सफलता के मार्ग खोल सकती है। मन में कुछ अज्ञात भय सा रहेगा।

**मिथुन**
अपनी योग्यता का बखूबी लाभ उठायेंगे। आपकी निष्ठा और कार्यक्षमता लोगों के लिये प्रेरणा बनेगी। छोटे व्यापारियों के लिये दिन काफी अच्छा है।

**कर्क**
सभी कार्य समय पर पूर्ण होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। सहकर्मी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी और बच्चों के प्रति आज दिन समर्पित रहेगा।

**सिंह**
मन में आत्मविश्वास की कमी रहेगी। बड़ी कम्पनी में जॉब कर रहे लोग अपनी नौकरी से असन्तुष्ट रहेंगे। आज आपको घर पर आराम करना चाहिये।

**कन्या**
आज आपको बाहर का भोजन करने से भी बचना चाहिये। सादा और सात्विक आहार ही लें। किसी पर भी आँख मूँदकर भरोसा न करें।

**तुला**
दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। पुराने दोस्तों के साथ इन्टरनेट पर मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक**
आपकी सोच में सकारात्मकता रहेगी। किन्तु झूठ बोलने के कारण परेशानी झेलनी पड़ेगी। नौकरी में बदलाव करने के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु**
सम्पत्ति को लेकर हो रहे विवादों का निपटारा होगा। अपने निजी जीवन को लेकर दूसरों से सलाह न लें। धार्मिक आयोजन की योजना बना सकते हैं। बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी।

**मकर**
टूटे हुये सम्बन्धों को दोबारा जोड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। सम्पत्ति के मामलों में धन निवेश सावधानी पूर्वक ही करें। विद्यार्थियों को करियर के अच्छे मौके मिल सकते हैं।

**कुंभ**
अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकता है। धन सम्बन्धी परेशानियों का निराकरण हो सकता है। प्रियजनों के सम्बन्ध में कोई शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है।

**मीन**
ऑफिस में टीमवर्क के कारण काम समय पर पूर्ण होंगे। पारिवारिक जीवन में थोड़ी कलह की स्थिति बन सकती है। घर की महिलाओं का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाना : प्रभारी जिला जज

## सैकड़ों सुलहनीय मामलों का किया गया निष्पादन, उमड़ी रही लोगों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** राष्ट्रीय लोक अदालत आपसी सुलह के आधार पर मामलों के निष्पादन के लिये सबसे बड़ा माध्यम है। जहां लोगों को किसी भी प्रकार की राशि खर्च नहीं करनी पड़ती है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचना है। यहां जब किसी मामले का निपटारा कर दिया जाता है तो इसकी सुनवाई कहीं दूसरी जगह नहीं हो सकती है। उक्त बातें शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा शेखपुरा न्यायालय परिसर में आयोजित




राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला एवम सत्र न्यायाधीश मधु अग्रवाल ने कही। इसके पूर्व मंच का संचालन विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रितु कुमारी ने की। इस मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सर्वेंद्र कुमार सिंह, विधिज्ञ संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, सचिव विपिन कुमार आदि ने संबोधित किया। इसके पूर्व इस लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

**एक करोड़ से अधिक की राशि की हुई वसूली**

न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के इस मौके पर सिविल मैटर, सार्टिफिकेट, क्रिमिनल कम्पाउंड, बैंक ऋण सहित अन्य प्रकार के सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें ऑनस्पॉट 1,48,88,568 राशि वसूली की गयी। जिसमें विभिन्न बैंकों के 157 बकायेदारों का सेटलमेंट हुआ। वहीं, कोर्ट केस 113, नीलाम वाद केस 42 एवं माप तौल केस 5 का निष्पादन किया गया। पीठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ ही अधिवक्ताओं को भी शामिल किया गया था। जहां आपसी सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर में जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मामलों के निष्पादन के लिये विभिन्न बेंचो के समक्ष भीड़ जुटी रही जो कि शाम तक जारी रहा।

## बरनाव पंचायत में कार्यक्रम आयोजित

**जगदीशपुर/भोजपुर (नबिटा संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखंड के बरनाव पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायत भवन बरनाव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मुखिया प्रियंका देवी ने महिलाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के उद्देश्य की जानकारी दी। कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध होने के लिए वित्तीय जागरूकता भी जरूरी है। इस दौरान वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता बरनाव पंचायत के मुखिया प्रियंका देवी ने किया। मौके पर मौजूद रहे पंचायत सचिव दिलीप पासवान, कार्यपालक सहायक जावेद अख्तर, ग्रामीण महिला शुभांति देवी, ज्योति देवी, कंचन देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, भगरासानी देवी, मीरा देवी, पनापति कुंवर, मनोरमा देवी समेट अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : बदलते भारत की बात हो या अपने बिहार की, सभी के पीछे महिलाओं की अहम भूमिका : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाहरणालय के मंथन सभागार में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अधिकार, समानता एवं सशक्तिकरण थीम पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन, पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी, डीडीसी संजय कुमार, जिला परिषद अध्यक्षा निर्मला सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी का स्वागत आईसीडीएस के कार्यक्रम पदाधिकारी किरण शर्मा के द्वारा प्रतीक चिन्ह, शाल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई विद्यालय के बच्चियों एवं महिलाओं के अधिकार एवं



समानता के महत्व को अपने गीत, नृत्य एवं लघु नाटक से प्रस्तुत की, जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं गीत पर अपनी प्रस्तुति दी वही कस्तूरबा बालिका विद्यालय गगौर की छोटी बच्चियों ने खरीदेगा रुपया मुझे गीत पर नृत्य के माध्यम से दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त संदेश दिया। वही रजनीकांत, संगीत शिक्षक के द्वारा 'बेटी है वरदान' गीत पर अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**'अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' थीम पर हुई चर्चा**

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के द्वारा आज के थीम 'अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' पर चर्चा करते हुए कहा गया कि ये सभी एक दूसरे के पूरक है। महिलाओं को अगर उनका अधिकार दिया जाए तो निश्चय ही वे पुरूषों के बराबर स्वयं को खड़ा रह पाने में सक्षम होगी और तभी वास्तविक रूप से सशक्त होगी। महिला सशक्तिकरण की बात घर के अंदर और बाहर दोनों होनी चाहिए। प्रत्येक चाहे वो पुरुष हो यह घर की महिलाएं सभी का दायित्व बनता है कि किसी भी महिला के अधिकारों का हनन न हो, उन्हें पूर्ण सम्मान मिलें। चाहे वे बदलते भारत की बात हो या अपने बिहार की, ये सभी के पीछे कही न कही महिलाओं की अहम भूमिका है। वहीं, पुलिस अधीक्षक के द्वारा आज के समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की चर्चा करते हुए कहा गया कि आज महिलाएं न केवल घर के अंदर, बल्कि घर के बाहर भी अपने दायित्वों का पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों के साथ निभा रही है। निश्चय ही वे अपने आप में परिपूर्ण है। निश्चय ही वे हमसे आगे है।

## जीविका दीदियों को किया गया सम्मानित

**जगदीशपुर/भोजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीविका के सभी जीविका महिला संकुल संघों, ग्राम संगठनों, समूहों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार को जगदीशपुर नया टोला में अंतरास्ट्रीय महिला दिवस पर शक्तिमान जीविका महिला विकास स्वालम्बी सहकारी समिति लि0 के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अध्यक्ष नीलम देवी व बीडीओ क्रांति कुमार, बीपीएम सत्येंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप दीप प्रज्वलित कर किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीविका दीदियों को किया गया सम्मानित। मौके पर मौजूद रहे नूर आलम, मधुसूदन, नमिता, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सद्‌भावना, प्रेम और समागम का प्रतीक है होली : सुमन श्रीवास्तव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** कायस्थ परिवार के प्रदेश संयोजक सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कायस्थ समाज द्वारा कायस्थ समागम सह होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता शिवपूजन लाल व संचालन वरीय अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा के द्वारा किया गया। उक्त मिलन समारोह स्टेशन रोड स्थित आदर्श गौशाला के प्रांगण में किया गया, जिसमें जिले के सम्मानित कायस्थ समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे। समारोह में कायस्थ संरक्षण मंडल के संरक्षक धन्नू लाल प्रेमातुर, भाजपा नेता डॉ0 संजय सहाय, शशी भूषण वर्मा, गुरु लाल, डॉ राजेश सिन्हा उपस्थित रहे। इस मौके पर अधिवक्ता सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि होली एक बहाना है। खासकर इस अवसर पर एक दूसरे के शिकवा शिकायत को भुलाकर एक दूसरे से मिलाप का अवसर है होली। यह एक दूसरे के साथ सद्‌भावना, प्रेम और समागम का प्रतीक है। यह सनातन संस्कृति को जिन्दा रखने की अपील करता है। होली रंगों का त्योहार है और यह एक रंग में रंगने की आगाज करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, मनन जी श्रीवास्तव, जयन्त कुमार सिन्हा, रवि लाल, आदित्य कुमार वर्मा, नीरज लाल आदि थे।

# 'तार काटो, तरकुल काटो' गीतों से बांधा समा

**अंतराष्ट्रीय महिला दिवस**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन शनिवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीएम तनय सुल्तानिया, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत), अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर) द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर भोजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। डीएम द्वारा इन महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं




मोमेंटो भेंट कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। वहीं, कावेरी मोहन ने 'दहेज गीत' एवं 'जागो बहनों, जागो बहनों' की प्रस्तुति देकर महिलाओं को जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा, 'नारी कविता', 'तार काटो तरकुल काटो' जैसे प्रेरणादायक गीतों ने समां बांध दिया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, खेल, जीविका, स्वच्छता और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पुष्पांजलि शर्मा (प्रखंड समन्वयक), शिवानी जायसवाल, रंजू कुमारी (स्वच्छता पर्यवेक्षक) और शीला देवी (स्वच्छताकर्मी) को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एयर बैलून उड़ाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर आरा), अपर समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी व अन्य कर्मी मौजूद थे।

# प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चे हुए पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोइलवर।** बिहार शिक्षा परियोजना, भोजपुर के तत्वावधान में बिहार दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तर पर कक्षा एक से पांच, छह से आठ एवं नवीं से बारहवीं तक के बच्चों की प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन, बीआरपी राजाराम सिंह ने किया। उक्त प्रतियोगिता में गणित ओलंपियाड, क्विज एवं चित्रांकन/पेंटिंग में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान के लिए चयनित विद्यार्थियों ने प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। बिहार दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय बालक




कोइलवर में किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निर्णायक मंडल के मो. रफी, देवेन्द्र कुमार पांडेय, किरण कुमारी, प्रभा कुमारी, जयश्री सुप्रिया, स्नेहा सिंह राम तपस्या राय, राजू प्रसाद सिंह, मो. जफर आलम, योगेंद्र राय, श्रीराम प्रसाद के हाथों प्रशस्तिपत्र देकर पुरस्कृत व प्रोत्साहित किया गया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के तहत गणित ओलंपियाड में कक्षा एक से पांच में साक्षी कुमारी, मवि जलपुरा, छह से आठ में अतुल कुमार, उमवि बालक कोइलवर नौ से बारह में करना शर्मा, मवि जोगता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में एक से पांच में दिव्या प्रकाश, बालिका मवि कुलहड़िया, छह से आठ में स्वीटी कुमारी, मवि नया हरिपुर, नौ से बारह में सुशीला कुमारी, उच्च विद्यालय जोगता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं चित्रांकन/पेंटिंग में एक से पांच में प्रिया कुमारी, बालिका मवि कुलहड़िया, छह से आठ में शक्ति कुमारी एवं नौ से बारह में सोनाक्षी कुमारी, उच्च विद्यालय चांदी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया। मौके पर समन्वयक, शमीम अख्तर, शशि भूषण कुमार, नीतेश्वर कुमार, विनोद कुमार, फूल मुहम्मद, बदरु दोजा सहित सैकड़ों विद्यार्थियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## पुत्रों पर जमीन कब्जा करने से संबंधित थाने में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के एकवना गांव में जमीन विवाद को लेकर पीड़ित स्व सत्यनारायण सिंह की पत्नी भागमनी देवी ने अपने पुत्र, बहू और नाती को गाली गल्लौज, लात-मुक्का से मारने का आरोपी बनाते हुए थाना में आवेदन दिया है। बताया है कि मेरे छह पुत्र हैं। लव कुश सिंह उर्फ मुकेश सिंह, अनिल सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शलेंद्र सिंह, राहुल सिंह उर्फ धीरेंद्र सिंह। आवेदन में लिखी है कि मैं अपने तीन पुत्रों धर्मेंद्र सिंह, शलेंद्र सिंह, राहुल सिंह उर्फ धीरेंद्र सिंह के पास रहती हूं। तीनों मेरा खर्चा उठाते हैं 6 मार्च 2025 को जब मैं अपने गांव एकवना शैलेंद्र सिंह के साथ आई। सुबह 9 बजे लवकुश सिंह उर्फ मुकेश सिंह पिता स्व सत्यनारायण सिंह, कीर्तन सिंह उर्फ बिट्टू सिंह पिता उपेंद्र सिंह, अनामिका सिंह पति लवकुश सिंह उर्फ मुकेश सिंह, कन्हैया सिंह व किशन सिंह दोनों पिताजी जितेंद्र सिंह पहले से जमीन जायदाद पर कब्जा किए हुए हैं। हम दोनों के देखते ही घर से खदेड़ने के लिए गाली गलौज करने लगे। मना करने पर अनामिका सिंह धका देकर मुझे जमीन पर पटक दिया तथा लात मुका से मारने लगी। झगड़े का बीच बचाव करने मेरा लड़का सलेंद्र सिंह आया। तो उलझ गए। धमकी देने लगे कि यहां तुम लोगों का हिस्सा नहीं है। तुम लोग यहां मत आया करो।

## एक नजर

### महिलाएं समाज की होती हैं रीढ़

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऐपवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हिंदु सिंह ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। उनके सशक्तिकरण न केवल परिवारों और समुदायों को मजबूत बनाता है बल्कि प्रगतिशील राष्ट्र की नींव भी रखता है। यह बातें भाकपा (माले) कार्यालय जगदीशपुर में महिलाओं के बीच संवाद के दौरान कही। बिहार के संघर्षशील ताकतों की लोकप्रिय मांगों को दरकिनार करने वाले 2025 -26 के बिहार सरकार के बजट में आशा, जीविका, रसोइया, आंगनबाड़ी माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से जुड़ी महिलाओं की कर्ज माफी आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे सफाईकर्मी और स्कीम स्कीम वर्क करो आदि के सवालों पर बजट में संबोधित नहीं किया गया है। बिहार के इस डबल इंजन की सरकार में महिलाओं पर हिंसा जारी हैं मुख्यमंत्री के गृह जिला में 5 मार्च को 25 वर्षीय युवती को निर्माता से दोनो पैरों में 9 इंच का चाइनीज किल ठोकर हत्या की गई है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के योगी सरकार में रोहतास की छात्रा स्नेहा जो बनारस में अध्ययन कर रही थी उनके नामजद हत्यारों को गिरफ्तार नहीं हुई है। इस महिला संवाद में ज्ञानती देवी, फुलवंती, देवी फुल झरो देवी, बिकनी देवी, प्रमिला देवी समेट अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

### लापता मासूम के परिजन से मिले समाजसेवी

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गीधा थाना क्षेत्र के पचैना मुसहर टोली निवासी सुनील चौधरी मांझी के 3 वर्षीय सुपुत्र अखिलेश मांझी बिगत दो दिनों से लापता है। काफी खोज-बीन के बावजूद नहीं मिला। इसके बाद परिजनों द्वारा गीधा थाना में अज्ञात लोगों पर केश दर्ज कराया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही राजद नेता सह बड़हरा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रघुपति यादव पचैना गांव पहुंचकर पिड़ीत परिजनों से मिले और गम्भीरता पूर्वक भोजपुर एसपी एवं थाना प्रभारी गीधा से दुरभाष पर बातचीत कर इस केश कों हल करने का आग्रह किया। ताकि मासूम बच्चे का पता लग जाए और अपने माता-पिता परिवार को मिल जाए। एसपी ने भरोसा दिया की जल्द इस केश का उद्‌भेदन कर लिया जाएगा। इस मौके पर मनोज पाण्डेय, किशुन यादव, टपू कुमार, संतोष ठाकुर, मदन यादव, अनिल रानावत इत्यादि मौजूद रहे।

### करेह नदी में मिला युवक का शव

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कांकर गांव समीप शनिवार को करेह नदी में तैरता मिला एक अज्ञात युवक का शव मिला। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद रोसड़ा और शिवाजी नगर की पुलिस घटना स्थल पहुंचकर लोगों से पूछताछ कर शव को नदी से बाहर निकाल मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इधर देर शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी था। शव को देखने पुल पर लोगों की काफी भीड़ थी।

### सीडीपीओ को किया गया सम्मानित

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिवाजी नगर सीडीपीओ को बाल विकास सेवा के छेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मानित होने के बाद प्रखंड के पदाधिकारी, कर्मियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ प्रियंका को बधाई दिया है।

### पैक्स चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के दसौत पंचायत में पैक्स चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए वीडियो आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कल 55% मतदाताओं ने वोट किया। सुबह 7 से शाम 4:30 बजे तक कुल 588 मतदाताओं ने वोट किया। मतदान को लेकर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय जगदर में दो बूथ केंद्र बनाए गए थे। शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर काफी संख्या में पुलिस वल की तैनाती की गई थी। मतदान समाप्ति के बाद प्रखंड कार्यालय में देर शाम तक मतगणना का कार्य जारी था।

### अपहृत छात्र सकुशल बरामद

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार की दोपहर को हुए अपहृत छात्र को शेखपुरा पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही इस घटना में शामिल रहे एक अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए शेखपुरा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कसार थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव निवासी विद्यानन्द चौहान ने शेखपुरा थाना में आवेदन दिया था कि उनका पुत्र अमित कुमार शहर के वाईपास स्थित मेहूंस मोड़ जाने के लिए निकला था, लेकिन अब तक वापस घर नहीं लौटा है। उसे आशंका जाहिर किया था कि अज्ञात लोगों के द्वारा उनके पुत्र का अपहरण कर लिया गया है। अपहृत के पिता के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार, कुमारी शुभम सिन्हा एवं डीआईयू टीम के सहयोग से एक टीम का गठन किया गया। जिसके बाद टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी के क्रम में अपहृत अमित कुमार को रसलपुर गांव के बहियार से बरामद कर लिया। साथ ही अपहरणकर्ता मेहुस थाना अंतर्गत मुबारकपुर चितौड़ा निवासी पप्पू प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार को भी गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य तीन अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना में संलिप्त सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है। साथ ही मौके से पुलिस ने दो बाइक को भी जब्त किया है।

### महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नाबार्ड भोजपुर और जन विकास क्रांति ने नयका टोला में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी और जन विकास क्रांति व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र की प्राचार्या स्नेहा सिंह ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि महिलाओं के विकास के बिना समाज की उन्नति संभव नहीं। प्रमुख ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सम्मान को बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा नेत्रियों ने की सेनेटरी पैड, आयरन और कैल्शियम टैबलेट्स का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** स्थानीय प्रखंड के छोटका नुआंव गांव में शनिवार को सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

बता दे कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 08 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में उत्साह से मनाया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रानी चौबे, लोकसभा सह संयोजक



लाभार्थी संपर्क अभियान संध्या पाण्डेय, एवम चौसा मंडल अध्यक्ष सविता देवी ने छोटका नुआंव गांव में सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में महिलाओं और बच्चियों के साथ 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया।

उपस्थित बुजुर्ग महिलाओं को माला और अंगवस्त्र से रानी चौबे, संध्या पाण्डेय और सविता देवी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी भाजपा नेत्रियों को माला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम के बीच मे रानी चौबे, संध्या पाण्डेय तथा सविता देवी ने महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकार और कर्तव्य के साथ साथ अपने शारीरिक संरक्षण की उपयोगिता को बड़ी ही सूक्ष्मता से उनकी ही भाषा में समझाते हुए कहा की नारी शक्ति ही इस दुनिया की जननी है। अपने अपने सम्बोधन में भाजपा नेत्रियों मे रानी चौबे, संध्या पाण्डेय और सविता देवी ने कहा की नारी सशक्तिकरण के लिए तो बहुत लोग काम करते हैं लेकिन हम लोगों ने निश्चय किया है कि महिलाओं और बच्चियों के शारीरिक सक्षमता को बढ़ावा दिया जाय।

खासकर ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को ताकि ये स्वस्थ रहकर एक स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण कर सकें। यह अभियान निरंतर ग्रामीण महिलाओं के बीच चलता रहेगा।

उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं ने ताली बजाकर उनके बातों का समर्थन किया और महिला दिवस जिन्दाबाद का नारा लगाया। उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं के बीच इन भाजपा नेत्रियों के द्वारा 500 सेनेटरी पैड, आयरन और कैल्शियम टैबलेट्स वितरित किया गया।

# महिला सभा में मुखिया ने दिलाया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कैथवां व पाक पंचायत में एक महिला सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया योगेंद्र पासवान व संगीता कुमारी के द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तनूजा पाठक, सहयोगी संस्था यूएनएफपीए एवं पीसीआई इफात अंजुम पप्पू कुमार, पंकज कुमार, मुनचुन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि पुष्पेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य, पंच एवं 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिला सभा का उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण, महिलाओं को शिक्षित और बराबर भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में स्थानीय मुख्य संगीता देवी के द्वारा पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने, पंचायत मे लैंगिक हिंसा रोकने, हर किशोरियों को 12वी तक शिक्षा सुनिश्चित करने तथा महिलाओं का अस्पताल मे प्रसव सुनिश्चित कराने का संकल्प दिलाया गया। महिला सभा के पश्चात महिलाओं के द्वारा एक रैली भी निकाली गई, जो आसपास के क्षेत्र में घूम-घूम कर विभिन्न प्रकार के नारों के साथ महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया गया। साथ ही महिलाओं ने संकल्प लिया कि हम अपने पंचायत को महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत के रूप में विकसित करेंगे। वहीं, मुखिया ने पंचायत को महिला एवं बालिका हितैषी बनाने, महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने एवं महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प लिया। बता दें कि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत बनाने के लिए यूएनएफपीए एवं पीसीआई द्वारा तकनीकी सहयोग शेखपुरा के 35 पंचायत में प्रदान किया जा रहा है। इसी को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में स्पेशल महिला सभा का आयोजन किया जा रहा है, जहां महिलाओं को अधिकार के बारे में बताया गया ताकि उनको सशक्त बनाया जा सकें।

# सेना जब देश की रक्षा करती है तब ही हम अपने घरों में चैन की नींद सोते : उपमुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सेना के जवान जब देश की रक्षा करते है तब ही हम अपने घरों में चैन की नींद सोते है। वे आज भारतीय सशस्त्र बलों की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन के दौरान दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव के समापन समारोह को गांधी मैदान में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस धरती पर बापू ने देश की आजादी के लिए सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की थी, अब राधामोहन सिंह ने तीनों सेना के जवानों को ला प्रदर्शन कराया, इसके लिए उन्होंने सांसद राधामोहन की जमकर सराहना की। वही सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चैयरमैन स्टैंडिंग कमिटी डिफेंस राधामोहन सिंह ने अपने संबोधन में



कहा कि जैसा कि हम सभी को विदित है कि इस दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव का आयोजन किया गया है, इसमें तीनों सेनाओं के उपकरणों तथा विस्मयकारी प्रदर्शनी लगाई गई है, जिससे नवयुवकों एवं आम जनमानस को सेना के साजो सामान को अवलोकन करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ हैद्य उन्होंने कहा कि आज का दिन विशेष रूप से हमारी बहनों, बेटियों और महिलाओं को सम्मानित करने का दिन है, जो हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, समर्पण और संघर्ष के साथ देश को गर्वित करती हैं। हम सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर एकत्रित हुए हैं, ताकि हम महिलाओं के अद्वितीय योगदान को पहचानें और उनके समर्पण को सलाम करेंद्य जिन्होंने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका को और भी सशक्त किया है। भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना ने महिलाओं को हर एक क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज भारतीय सेना में महिला अधिकारियों की संख्या 3,000 से अधिक हो चुकी है। ये महिला अधिकारी अब सेना, वायुसेना और नौसेना में युद्धक भूमिकाओं से लेकर चिकित्सा, इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स, और प्रशासनिक कार्यों तक में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचय दे रही हैं और सेना के प्रत्येक मोर्चे पर अपने योगदान से न केवल अपनी पहचान बना रही हैं, बल्कि देश की सुरक्षा और समृद्धि में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। भारत सरकार ने इस दिशा में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। महिला अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुलभ और समान बनाने के लिए सरकार ने कई उपाय किए हैं, जैसे महिला अधिकारियों के लिए अस्थायी सेवा के स्थान पर स्थायी कमीशन का प्रावधान, जिससे महिला अधिकारी अधिक उच्च पदों तक पहुंच सकें और सेना में अपने कार्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा दिखा सकें।

मौके पर नगर विधायक प्रमोद कुमार, मधुबन विधायक ईंध राणा रणधीर, गोविन्द गंज विधायक सुनील मणि तिवारी सहित भाजपा के सभी विद्यायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज मौजूद थे।

## एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक कुमार गौरव की हत्या, अधिकारियों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** झारखंड के हजारीबाग जिले स्थित एनटीपीसी के केरेदारी कोयला खनन परियोजना में तैनात उप महाप्रबंधक कुमार गौरव की अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना की अखिल भारतीय एनटीपीसी कार्यपालक पदाधिकारी महासंघ (नेफी) ने कड़ी निंदा की है और एनटीपीसी के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग केंद्र सरकार से की है। नेफी के महासचिव स्वानि गोकुल ने बताया कि एनटीपीसी के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी अधिकारी की इस तरह निर्मम हत्या कर दी गई हो। उन्होंने कहा कि अपराधियों ने कुमार गौरव को ऑफिस जाते समय घेरकर गोली मार दी। इस घटना से देशभर में स्थित एनटीपीसी की 102 परियोजनाओं के अधिकारियों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि देशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने वाले एनटीपीसी अधिकारियों की सुरक्षा अगर नहीं होगी, तो वे अपनी ड्यूटी कैसे करेंगे? उन्होंने केंद्र सरकार से एनटीपीसी परियोजनाओं में कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। नेफी के क्षेत्रीय सचिव (पूर्वी) बीरेंद्र कुमार ने कहा कि देशभर में एनटीपीसी के किसी भी परियोजना में ऐसी वीभत्स घटना पहले नहीं हुई। इस घटना के विरोध में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल स्थित एनटीपीसी परियोजनाओं में काला दिवस मनाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई और सुरक्षा की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। घटना के बाद एनटीपीसी कोल माइंस परियोजना के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। मृतक कुमार गौरव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा के रहने वाले थे और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। हाल ही में उन्हें हजारीबाग कोल माइंस परियोजना में पदस्थापित किया गया था। इस घटना पर झारखंड एवं केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# नारी शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण के विविध आयामों पर हुआ मंथन महिलाओं के लिए वर्ष के 365 दिन महिला दिवस के समान विशेष होने चाहिए। जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी, तब तक समाज का विकास अधूरा रहेगा। नारी शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है'' प्रो. संजय श्रीवास्तव, कुलपति, एमजीसीयू महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 08 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, समानता और




अधिकारों के विविध पक्षों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि 'महिलाओं के लिए वर्ष के 365 दिन महिला दिवस के समान विशेष होने चाहिए। समाज महिलाओं की भूमिका को अक्सर सीमित करने का प्रयास करता है, लेकिन हमें उस अवरोध को तोड़ना होगा। महिलाओं के योगदान और उनकी विशिष्ट पहचान को सम्मान देना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।'0' उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का सतत प्रयास रहेगा कि नारी सशक्तिकरण के लिए और अधिक कार्य किए जाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के आईसीडीएस (समेकित बाल विकास सेवा) की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता कुमारी ने शिरकत की। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। बेटियों को शिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही समाज के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'कन्या उत्थान योजना' और 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' जैसी कई सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाषा एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का वैदिक इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे देश में प्रारंभ से ही स्त्रियों को समाज में समान स्थान प्राप्त था। प्राचीन काल में सभा और समितियों में महिलाओं की भागीदारी दर्शाती है कि भारतीय समाज में नारी शक्ति का कितना ऊंचा स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को अब पुनः अपनी सोच बदलने और महिलाओं के प्रति समानता और सम्मान का भाव विकसित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि सुसंस्कृत समाज एवं सशक्त भारत को आकार देने में नारी शक्ति का योगदान अतुलनीय है। जब-जब भारत को दिशा और नेतृत्व की आवश्यकता पड़ी, तब-तब महिलाओं ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। नारी शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी गारंटी है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का दायित्व है कि महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों के प्रति पूर्णतः समर्पित रहें।

# पीपीएम किड्स स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पीपीएम किड्स स्कूल में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लोकजनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह विद्यालय की निदेशिका डॉ इंदु कश्यप, अध्यक्ष डॉ एस के सुनील एवं प्राचार्य नीतू कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को डॉ इंदु कश्यप ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान के बिना देश और समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे




बढ़ रही हैं लेकिन महिलाओं की सम्पूर्ण भागीदारी के लिए उन्हें शिक्षित करना सबसे जरूरी है। इस अवसर पर होली मिलन समारोह में सभी शिक्षिकाएं, माताएं एवं नन्हे नन्हें बच्चों ने एक रंगों में रंगकर समानता का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका जिया शेख, राधिका शर्मा, विद्या शर्मा, जेसी शर्मा, जयश्री कुमारी, सुरुचि कुमारी, मुस्कान कुमारी सहित अभिभावक एवं बच्चें उपस्थित थे।

## एक नजर

### होमगार्ड जवान पर हमला कर भागा चोर

**मोतिहारी / सुगौली।** थाने से एक चोर के फरार होने की घटना सामने आई है। उत्तरी मनसिंघा पंचायत के ग्रामीणों ने एक बाइक चोर को चोरी की बाइक और देसी कट्टा के साथ पकड़ा था। ग्रामीणों ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस जब चोर को थाने में गाड़ी से उतार रही थी, तभी उसने होमगार्ड सुदर्शन पर हमला कर दिया। इस हमले में होमगार्ड घायल हो गए। चोर मौके का फायदा उठाकर थाने से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी स्वर्ण प्रभात ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। मामले की जांच सदर डीएसपी को सौंपी गई है। डीएसपी ने सुगौली थाना पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर रोष है। उनका कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण चोर फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों ने चोर की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। पुलिस महकमे में इस घटना को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

### गांजा के साथ अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर हरपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल सीमा से सटे सैनिक रोड नायक टोला पुल के पास से 25 किलो गांजा के साथ एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते ही दलालों की मदद से सुरक्षित पहुंचाया जा रहा था, लेकिन पुलिस को इसकी भनक पहले ही लग गई और तस्कर को दबोच लिया गया। हरपुर थानाध्यक्ष किशन पासवान ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाल परसा जिले के जगन्नाथपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। वह निशान कंपनी की फोर-व्हीलर गाड़ी में 25 किलो गांजा लेकर रक्सौल के रास्ते अन्यत्र ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।

### टोल प्लाजा पर यात्रियों को फूल और चॉकलेट वितरित किए गए

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को परसौनी खेम गांव के निकट एनएच 28 स्थित टोल प्लाजा से गुजरने वाले यात्रियों के बीच प्लाजा कर्मियों द्वारा गुलाब के फूल और चॉकलेट वितरित किए गए। इसके माध्यम से टोल प्लाजा प्रबंधन ने महिला यात्रियों के प्रति सम्मान व समर्थन व्यक्त किया। साथ हीं बताया गया कि यह दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का उत्सव है। मौके पर कोटवा- मुजफ्फरपुर टोलवे के परियोजना प्रमुख वरुण कुमार मिश्रा, टोल प्लाजा प्रबंधक सरोज कुमार आदि समेत टोल प्लाजा कर्मी मौजूद थे।

### शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए उत्पाद पुलिस सक्रिय

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पाद पुलिस की टीम ने शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए काफी सक्रिय है। इसके लिए सूचना तंत्र को काफी मजबूत किया गया है। उत्पाद सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद के नेतृत्व पर होली पर्व पर नशाबंदी नियंत्रण को लेकर सीमावर्ती एरिया में तीन लेयर पर सुरक्षा चक्र स्थापित किया गया जैसे भेलाही, रक्सौल, नकरदेई, आदापुर, छौड़ादानों सहित कई जगहों पर उत्पाद पुलिस टीम की चेकिंग हो रही है, ताकि कोई शराब तस्कर व शराबी बच कर निकल न पाये।वही कई जगहों पर उत्पाद पुलिस द्वारा सादे लिबास व वर्दी में चेकिंग की जा रही है। जैसे रक्सौल मेन रोड रेल फाटक संख्या 33 ए, बाटा चौक व लक्ष्मीपुर चेक पोस्ट पर उत्पाद जावनों जो संधिग्ध तस्करों पर नजर रखे हुये है। इसके साथ होली तक गश्ती दल को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के खरभैया पंचायत के सरथुआ गांव में शनिवार को चलो चलें कलम की ओर एक अभियान के तहत युवाओं को जागरूक करने के लिए युवा संवाद कार्यक्रम अभियान चलाया गया।अभियान में ग्रामीण युवाओं ने हिस्सा लिया। अभियान के अध्यक्ष शिक्षाविद डॉ रवि रंजन ने बताया कि युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है ताकि समाज मे सामाजिक समरसता और सद्भावना स्थापित हो। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने घरों और गांव में जाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।संस्कार से सबका विकास होता है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया जगदीश प्रसाद, सुनील कुमार, विमलेश कुमार, सूर्यदेव प्रसाद, बमशंकर, शिशुपाल, कमलकांत उर्फ कर्नल, राहुल पटेल, सुभाष कुमार, संजय कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार व अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## नशे में धुत्त बीइओ ने महिला शिक्षिका से की अभद्रता, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद सरकारी अधिकारी शराब के नशे में पाए जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला पूर्वी चंपारण के कोटवा प्रखंड से सामने आया है, जहां प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (उक्त) उपेंद्र कुमार सिंह को नशे की हालत में महिला शिक्षिका से अभद्र व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, बीईओ उपेंद्र कुमार सिंह बीआरसी कार्यालय में शराब के नशे में धुत थे। इसी दौरान उन्होंने एक महिला शिक्षिका से अभद्रता की और उसे परेशान करने लगे। शिक्षिका ने तुरंत इसकी शिकायत कोटवा थाना पुलिस से की। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजरूप राय के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उपेंद्र कुमार सिंह को मेडिकल जांच के लिए भेजा, जहां उनकी शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत हिरासत में ले लिया गया। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग की साख पर सवाल उठने लगे हैं। एक तरफ सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ विभाग के अधिकारी ही कानून तोड़ते हुए पाए जा रहे हैं।

# लैंगिक समानता के लिए निर्णायक कदम उठयें : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिला में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। रैली एवं शपथ ग्रहण समारोह में महिला पुलिस पदाधिकारी /कर्मी, समाहरणालय के विभिन्न शाखा एवं शिक्षा विभाग के सैकड़ो, महिला एवं बालिकाएं शामिल हुई। रैली में शामिल होने वाली सभी प्रतिभागियों को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का लोगो युक्त टी - शर्ट एवं कैप का वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा रैली को संबोधित करते हुए लैंगिक समानता के लिए निर्णायक कदम उठाने पर जोर दिया गया तत्पश्चात रैली को सुबह 7:30 पूर्वाह्नन में हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया, जो समाहरणालय मुख्य द्वार से बलुआ होते हुए वापस समाहरणालय परिसर में संपन्न हुआ। रैली का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक कुमारी दुर्गा शक्ति द्वारा किया गया जो स्वयं साईकिल रैली में भाग लेकर



बालिकाओं एवं महिलाओं को जीवन में आगे बढने कि लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बताया गया कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नही है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी - सह - नोडल पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम कविता कुमारी द्वारा रैली में भाग लेने वाली सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम 'सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए: अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' को सुनिश्चित करने का संदेश देता है। जिससे प्रत्येक महिला और बालिका को समान अवसर एवं सम्मान मिले। जिला साइकलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा, संयुक्त सचिव अशोक मेहरा सहित कई साइकलिस्ट रैली में सम्मिलित हुए। उक्त रैली में पुलिस विभाग, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, आईसीडीएस एवं अन्य विभागों के सभी पदाधिकारियों / कर्मियों ने जोश उमंग के साथ बढ चढ कर रैली में हिस्सा लिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रधानाचार्य मुजीब कन्या उच्च विद्यालय एवं प्रभावती गुप्ता उच्च विद्यालय, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मोतिहारी सदर एवं कोटवा, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, जिला मिशन समन्वयक, केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास निगम के सभी कर्मी एवं आई.सी.डी.एस. के सभी कर्मी एवं महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 156 वादों का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पालीगंज।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बैंक और विभागों के 156 वादों का निपटारा किया गया। इन मामलों में 87.38 लाख रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें से 15.13 लाख रुपये की वसूली की गई।

**विभिन्न बैंकों और विभागों का योगदान**

पंजाब नेशनल बैंकः 58 वादों का निपटारा, 56.20 लाख रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें से 2.55 लाख रुपये वसूले गए। इंडियन बैंकः 17 वादों का निपटारा, 17.30 लाख रुपये की समझौता राशि में से 77,000 रुपये वसूले गए। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंकः 32 वादों का निपटारा, पूरी 9.56 लाख रुपये की समझौता राशि वसूल की




गई। भारतीय स्टेट बैंकः 32 वादों का निपटारा, 39.50 लाख रुपये की समझौता राशि में से 1.96 लाख रुपये की वसूली हुई। बीएसएनएल, पालीगंजः 14 वादों का निपटारा, 36,447 रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें से 27,556 रुपये वसूले गए। लोक अदालत में एक आपराधिक मामला और बिजली विभाग से जुड़े दो मामलों का भी निपटारा हुआ। दोनों पक्षों की उपस्थिति में समझौता कर विवाद सुलझाया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारी पवन कुमार चौधरी, गैर-न्यायिक अधिकारी हृषिकेश, लिपिक मुकेश कुमार चौधरी, चपरासी मनोज कुमार सिंह और कोर्ट कर्मी चंदन कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित निपटारा कर जनता को राहत दी गई, जिससे लोग लंबी कानूनी प्रक्रिया से बच सके।

## वेतन के अभाव में संस्कृत शिक्षकों की होली का रंग पड़ा फीका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में कार्यरत संस्कृत शिक्षकों एवं कर्मियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण इस बार रंगों का त्यौहार होली उनके लिए फीकी रहने वाली है। जिले में प्रस्वीकृत 10 विद्यालय में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों एवं कर्मि वेतन के अभाव में इस वर्ष होली मनाने से वंचित रह जाएंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि जहानाबाद जिले में संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में पिछले छह माह से संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन भुगतान आवंटन के अभाव में नहीं हो पाया है। अब जबकि वित्तीय वर्ष का अंत मार्च में हो रहा है, ऐसी स्थिति में शिक्षकों को वेतन के लिए और कई महीने तक इंतजार करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि राशि आवंटन के लिए 22 नवम्बर 2024 को शिक्षा विभाग ने वित विभाग को संचिका भेजी है, जिसपर अभी तक कोई करवाई वित विभाग की ओर से नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव किया जा रहा है। अब जबकि होली के एक सप्ताह से भी कम समय रह गया है, संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों में होली जैसे बड़े पर्व पर वेतन नहीं मिलने की उम्मीद से निराशा की स्थिति देखी जा रही है।

## गैस सिलेंडर विस्फोट में महिला झुलसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रमडीहां गांव वार्ड दो स्थित एक घर में गैस सिलेंडर में आग लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई साथ हीं सिलेंडर के भयानक विस्फोट से ईंट के मकान के कमरे की दीवार भड़भड़ाकर गिर गई। परिजन घायल महिला को आनन- फानन में उपचार के लिए चकिया के एक निजी क्लीनिक में ले गयें, जहां उपचार चल रहा है। इस बाबत मो मकसूद की घायल पत्नी इशरत परवीन ने बताया कि रमजान पर्व को लेकर रात्रि तीन बजे खाने के लिए सेहरी बनाने किचेन में गई। इसी दौरान गैस लिक होने से सिलेंडर में आग लग गई।

## साहित्यकार रामाज्ञा प्रसाद सिंह विकल को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** भोजपुरी विकास मंच के तत्वावधान में आर्यसमाज मंदिर परिसर में शनिवार को एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर प्रसिद्ध साहित्यकार रामाज्ञा प्रसाद सिंह विकल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता त्रिभुवन प्रसाद व संचालन रामकुमार गिरि ने किया। सर्वप्रथम साहित्य सेवियों द्वारा दिवंगत विकल जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं उन्हें याद करते हुए शोक व्यक्त की गई। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

# सफलता गंतव्य नहीं बल्कि एक यात्रा : डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बेथेल स्कूल, रूपडीह, मोतिहारी में रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, वरिष्ठ सहायक प्रोफ़ेसर, मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी और विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार थे। अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन राजेश कुमार सिंह की। स्वागत वक्तव्य स्कूल के निदेशक कुमार अमन सिंह एवं गतिविधियों की प्रस्तुति प्रधानाचार्य विश्वजीत रॉय ने दी। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने कहा कि हम सभी के लिए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिये गये गीता का उपदेश अनुकरणीय है। मनुष्य के जीवन में कर्म सबसे महत्त्वपूर्ण है। डॉ. मिश्र ने कहा कि सफलता का कोई गंतव्य नहीं होता। सफलता एक यात्रा है, जिसमें निरंतर प्रयत्न और स्वयं सुधार जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज हमारे जीवन में तकनीकी का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। हम सभी के जीवन में दो तरह के एक पॉजिटिव और दूसरा निगेटिव इंफ्लूएंसर देखे जा सकते हैं। माता-पिता, शिक्षकों और शुभचिंतकों का हमारे प्रति पॉजिटिव इन्फ्लुएंस तो वहीं मोबाइल फोन, गेमिंग आदि के निगेटिव इंफ्लूएंस देखे जा सकते हैं। विशेषकर विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनके जीवन में पुस्तकों और भौतिक खेल की जगह मोबाइल फोन, गेमिंग और चैटिंग ने ली है।

डॉ. मिश्र ने जोर देकर कहा कि तकनीकी का संतुलित और बेहतर उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मूल्यांकन करने का भी है कि हमने एक वर्ष में क्या किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह ने कहा कि समाज को सही रास्ता गुरु ही दिखाता है। गुरु व्यक्ति, समाज और राष्ट्रनिर्माता होता है। डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षा आत्मविश्वास पैदा करती है, जो प्रत्येक मनुष्य के लिए जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, पढ़ाई के प्रति ईमानदारी और मूल्यनिष्ठ होना जरूरी है। विद्यालय के चेयरमैन राजेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय अपने स्थापना काल 2017 से ही उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वागत व्यक्तव्य में निदेशक कुमार अमन सिंह ने कहा हमारा प्रयास होता है कि विद्यार्थी आधुनिक जरूरतों के अनुसार शिक्षा ग्रहण करें और बेहतर इंसान बनें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बाइक सवार दंपत्ति और बेटे को ऑटो ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार दंपति और उनके बेटे को एक ऑटो ने टक्कर मार दी, जिसके बाद पीछे से आ रहे कंटेनर ने महिला को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पति को मामूली चोटें आई हैं।




घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार के पास की है। मृतका की पहचान बेला देवी (झारखंड, हजारीबाग के कुम्हार टोली विशुनपुरी निवासी) के रूप में हुई है। उनके पति चंद्रकांत पांडेय और बेटा विश्वजीत पांडेय इस हादसे में घायल हुए हैं।

परिजनों के अनुसार, परिवार औरंगाबाद में अपने रिश्तेदार विजय पाठक के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहां से वे बाइक से हजारीबाग लौट रहे थे, तभी मुख्य बाजार के पास अचानक एक तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर गए और पीछे से आ रहे कंटेनर ने बेला देवी को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस ने कंटेनर जब्त किया, चालक फरारः** घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई राहुल कुमार और अजय पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है, लेकिन चालक फरार होने में सफल रहा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल घायल बेटे विश्वजीत पांडेय का इलाज जारी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कंटेनर जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है और आगे की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## स्कॉलर्स क्रिकेट लीग के फाइनल मैच में बीएसएस वॉरियर की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वीर कुंवर सिंह पार्क में कैवल्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्कॉलर्स क्रिकेट लीग का फाइनल मैच वाटर थंडर और बीएसएस वॉरियर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करती हुई बीएसएस वॉरियर की टीम पंद्रह ओवर में सात विकेट खोकर 109 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में वाटर थंडर की पूरी टीम मात्र 89 रन ही बना सकी। दस रन देकर तीन विकट लेने वाले रोहित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को चितंजन शर्मा, संयुक्त सचिव द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रीतम कुमार, नीरज कुमार, संतोष कुमार साहु, सहायक निदेशक, शिव शंकर श्रीवास्तव, सेवानिवृत उपसचिव, राम सुंदर, प्रकाश फाउंडेशन के अध्यक्ष अंजना गुंजन इत्यादि उपस्थित रही।

## यूआर कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा में स्थापित अनुमंडल विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में 8 मार्च (शनिवार) को प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में कांफ्रेंस हॉल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। डॉ. राय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का थीम 'एक्सीलरेट एक्शन' रखा गया है। यह थीम लैंगिक समानता को तत्काल आगे बढ़ाने पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनकी गरिमा, जागरुकता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इसे दुनिया के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार व्यक्त करते हुए महिलाओं की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों और कठिनाइयों को याद करने के लिए एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। विधिक सेवा समिति की ओर से अधिवक्ता बिनोद कुमार सिंह ने कानून से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी दी। कॉलेज के प्राध्यापक डॉ विनय कुमार, डॉ अमन ओबैद, डॉ सतीश कुमार, डॉ संतोष राम, डॉ रंजन कुमार, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ रोहित कुमार, डॉ जाकिर हुसैन, डॉ संजय कुमार के साथ-साथ छात्रा आरती कुमारी, प्रिया कुमारी, निखिल कुमार आदि ने भी सभा को संबोधित किया। डॉ अमन ओबैद ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।



# पूर्व मध्य रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

## रेल परिचालन सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिला रेलकर्मियों की रही उत्कृष्ट भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा आज कई कार्यक्रम आयोजित किए गए । रेल परिचालन सहित यात्री सुरक्षा, सेवा सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की उत्कृष्ट भागीदारी रही जो न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पूरी दक्षता और समर्पण के साथ कार्य कर सकती हैं। इस विशेष अवसर पर महिलाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करने और उनकी कार्यक्षमता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के कई स्टेशनों पर महिला रेलकर्मियों ने विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।



समस्तीपुर स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 13226 जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन महिला लोको पायलट कंचन कुमारी तथा सहायक लोको पायलट अर्चना रानी द्वारा किया गया। इस ट्रेन ट्रेन मैनेजर के कार्य को भी महिला गार्ड द्वारा निभाया गया। टिकट जांच का कार्य महिला टीटीई सरिता कुमारी द्वारा किया गया, जो रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। महिला सुरक्षा के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को सशक्त करते हुए, रेल सुरक्षा बल की महिला पुलिस कर्मियों ने समस्तीपुर स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला सफाई कर्मियों ने समस्तीपुर स्टेशन पर साफ सफाई का जिम्मा संभाला तथा अपनी दक्षतापूर्ण सफाई स यात्रियों को एक खुशनुमा अनुभव दिया। दानापुर मंडल के पटना जंक्शन जैसे बड़े यार्ड का संचालन महिला रेल कर्मचारियों द्वारा संचालित किया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दानापुर मंडल के महिला (क्रू- मेंबरों) रिचा कुमारी/लोको पायलट, टिंकी कुमारी, सहायक लोको पायलट, तथा मनीषा कुमारी/ट्रेन मैनेजर (गार्ड) द्वारा गाड़ी सं. 63326 पटना-इस्लामपुर मेमु ट्रेन का परिचालन किया गया। इसी क्रम में धनबाद स्टेशन को आज दिनांक पूर्णतया नारी शक्ति द्वारा संचालित किया गया। धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय, टिकट चेकिंग से लेकर सुरक्षा की व्यवस्था एवं ट्रेनों के परिचालन तक की बागडोर महिला रेलकर्मियों द्वारा संभाली गई। सिन्द्री टाउन पैसेंजर (53334) का संचालन धनबाद से सिन्द्री टाउन के मध्य पूर्णतः महिला रेलकर्मियों द्वारा किया गया। वहीं पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा आरक्षण कार्यालय /डीडीयू मे महिला कर्मचारी द्वारा सफलतापूर्वक सभी कार्यों का निष्पादन किया गया। मंडल में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला रेल कर्मचारियों द्वारा अन्य कार्यों का भी निष्पादन किया कुशलतापूर्वक किया गया।

## ग्रामीणों ने रोका बाईपास निर्माण कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाइवे 139 पर पोला गांव में निर्माण कार्य कराने पहुंचे अंचल अधिकारी और कुटुंबा थानाध्यक्ष को ग्रामीणों के बहिष्कार का सामना करना पड़ा। शनिवार को बाईपास निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश और कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह दलबल के साथ पोला गांव पहुंचें। जहां ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद कर दिया। ग्रामीणों के विरोध के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर जबरन निर्माण कार्य कराना चाहते हैं। अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को न तो मुआवजा दिया गया है और न ही अंचल कार्यालय से कागजात संबंधित कोई सहयोग प्राप्त हो रहा है। अधिग्रहण से प्रभावित किसान रैयती करण की समस्या लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं। अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने कहा कि जमीन का उचित मुआवजा दिए बगैर निर्माण कार्य नहीं होने देंगे।

# समाजसेवियों ने नवनियुक्त इंसपेक्टर को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना को अंचल बनाये जाने के बाद हसपुरा अंचल में नव नियुक्त सर्कल इंस्पेक्टर का जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। नव नियुक्त इंस्पेक्टर सुनील कुमार को समाजसेवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम के नेतृत्व में पंसस धनंजय कुमार, समाजसेवी डा.देवलाल पासवान, कामाख्या नारायण सिंह, मगही साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार विचारक , सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार ने अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। समाजसेवियों ने कहा कि पहले अंचल स्तरीय अनुसंधान या काम के लिए दाउदनगर जाना पड़ता था। हसपुरा में सर्कल इंस्पेक्टर के होने से सारा काम यहीं हो जाएगा।

# प्रभात फेरी के तहत प्रगति यात्रा में घोषित योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान किए गए घोषणाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी जिले के गांधी मैदान से नगर भवन तक प्रभात फेरी के द्वारा तख्ती एवं बैनर के माध्यम से जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अगुवाई में किया गया। इस प्रभात फेरी एवं रैली में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रिदर्शनी एवं मेराज जमील, श्वेता प्रियदर्शी, रितेश यादव, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, जिला स्तरीय अन्य अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य महिलाएं शामिल रही।



# पटना में वीएलसीसी का विस्तार, उन्नत सौंदर्य और वेलनेस सेवाएं शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वीएलसीसी, सौंदर्य और वेलनेस में एक अग्रणी, ने पटना में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए चार स्थानों पर अपनी सेवाएं शुरू की हैं। इससे वीएलसीसी की उन्नत बॉडी स्कल्प्टिंग, एंटी-एजिंग, और स्किन सॉल्यूशंस अब और भी सुलभ हो गए हैं। इस विस्तार के साथ, वीएलसीसी अपने मिशन को जारी रखता है, जिसमें विज्ञान-आधारित, विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले वेलनेस समाधान प्रदान करना शामिल है जो जीवन को बदलते हैं। ब्रांड अपने प्रीमियम होम केयर रेंज को भी पेश कर रहा है, जिसमें विशेषज्ञ उत्पाद शामिल हैं जो दैनिक दिनचर्या में पेशेवर-ग्रेड देखभाल लाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

इस मील के पत्थर का जश्न मनाने के लिए, वीएलसीसी प्रसिद्ध विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डॉक्टरों के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जो सौंदर्य और वेलनेस में नवीनतम प्रगति के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। कार्यक्रम वीएलसीसी की विशेषज्ञता के माध्यम से प्रेरक परिवर्तनों को भी उजागर करेगा।

# रंग-गुलाल लगाकर पूर्व विधायक ने किया खुशी का इजहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित काली मंदिर के समीप शनिवार को स्वराज पार्टी के द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। समारोह का नेतृत्व ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह तथा संचालन स्वराज पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कुमुद रंजन ने किया। इस दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ता समाजसेवी बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि होली मिलन समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारा का प्रतीक माना गया है। प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी स्वराज पार्टी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। वहीं कलाकारों ने फागुन गीत की प्रस्तुति दिया। जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर अवधेश यादव, हरिहरनाथ सिंह, कमल गुप्ता, जन्मदिन पासवान, रामाधार कवि, सुनील पांडे, बबन यादव, जगनरायण यादव, लाल बाबू, रामबचन सिंह, कामता प्रसाद, नीलकमल कुमार, मिथिलेश सिंह, विनोद यादव, अशोक मेहता समेत उपस्थित थे।



# होली में हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोह(औरंगाबाद)।** शनिवार को देवकुंड थाना में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने होली व रमजान पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में जितने भी संवेदनशील स्थान है वहां पुलिस की तैनाती की जाएगी। असमाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर कारवाई की जाएगी। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब तस्करी से संबंधित जानकारी आप लोग खुलकर पुलिस प्रशासन को दें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हुड़दंगियों से कड़ाई से निपटेगी। इस मौके पर एसआई मायाशंकर सिंह, एसआई अनिल कुमार, एएसआई आरके अली, सरपंच नशीम खान, पंसस रामकुमार पासवान, सरपंच सत्येंद्र कुमार, रामकृपाल विश्वकर्मा, शेर अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



**मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज**

देवकुंड थाना क्षेत्र के हथियारा गांव में शुक्रवार को नमाज पढ़ने गए लोगों व मस्जिद में सीसीटीवी कैमरे लगाने वालों के साथ मारपीट की। घटना में मुस्लिम कमिटी अध्यक्ष मुजाहिद आलम व अलगीर अंसारी ने लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उल्लेख है कि मुस्ताक अंसारी उसके तीन लड़के व घर की महिला सदस्य हाथ में लाठी, डंडा व तलवार लेकर आत्मघाती हमला कर दिया जिसके कारण विवाद बढ़ी और मारपीट हो गई। मामले में चार महिला समेत कुल आठ लोगों को आरोपित किया गया है। आरोपितों में मुस्ताक अंसारी, फिरदौस अंसारी, असलम अंसारी, फिदा अंसारी के साथ चार महिलाएं भी शामिल है।

# अवैध राशि मांगने के आरोप में आवास सहायक सहित चार लोगों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आवास योजना सर्वे में नाम जोड़ने के नाम पर अवैध राशि मांगने मामले में आवास सहायक, विकास मित्र एवं वार्ड सदस्य के खिलाफ कार्रवाई की गई। मामले में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के वाट्सअप पर रफीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बौर निवासी चंदन कुमार के द्वारा परिवाद प्राप्त हुई थी जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जांच की गई जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा समर्पित अपने जांच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि बौर पंचायत के बहादुरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत योग्य नये परिवारों को जोड़ने हेतु चल रहे सर्वेक्षण कार्य में अवैध राशि की मांग किये जाने के आरोप में बौर पंचायत के आवास सहायक तथा विकास मित्र के पति इंद्रजीत राम एवं बौर पंचायत के बहादुरपुर निवासी महेंद्र पासवान के पुत्र अरविंद पासवान, वार्ड नंबर 5 के वार्ड सदस्य स्व. करीमन साव के पुत्र सुदर्शन साव एवं वार्ड नंबर 04 के वार्ड सदस्य उमेश पासवान को दोषी पाते हुए उनपर कठोर कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। समीक्षोपरांत सभी संबंधित कर्मी एवं व्यक्तियों को दोषी पाते हुए आज रफीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी।

# ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रखंड के पीरू पंचायत के नाला स्थित सामुदायिक भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया गोपाल सिंह ने की। ग्राम सभा में पंचायत सचिव अविनाश कुमार सिन्हा ने सभा के उद्देश्यों पर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। कहा कि महिलाओं के लिए सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है। गांव में रहने वाली महिलाएं योजनाओं से अनभिज्ञ हैं। उन्हें कल्याणकारी योजनाओं को जरूर बताना है। ग्राम सभा में शामिल पैक्स अध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा, ग्राम कचहरी सचिव श्रीनाथ कुमार, सेविका मनोरमा कुमारी, कुसुम कुमारी, शाहीना परवीन, विनिता दास, प्रतिमा कुमारी, विकास मित्र मुनि कुमारी ने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को टीम बनाकर गांव में रहने वाली महिलाओं तक पहुचाना होगा। मुखिया गोपाल सिंह ने कहा सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी हो रही है। ग्राम सभा के माध्यम से महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। बताया जाता है कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अंतरा राष्ट्रीय महिला महिला दिवस पर कल्याणकारी योजनाओं को जानकारी के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है।



# 22-23 मार्च को आयोजित विष्णु धाम महोत्सव के लिए रूपरेखा तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम के प्रांगण में 22 एवं 23 मार्च को होने वाली विष्णु धाम महोत्सव के विधिवत तैयारी के निमित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने किया। सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श किया एवं दोनों दिन के कार्यक्रम के लिए उप समिति का गठन किया गया। कलश यात्रा, शोभा यात्रा एवं 22 मार्च को षोडशोपचार विधि से पूजा पाठ कराने की जिम्मेवारी श्रीराम प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष नवनीत कुमार, गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राम ध्यान प्रसाद एवं अशोक कुमार शौंडिक को दी गई। ग्यारह आचार्यों के सान्निध्य में रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा पाठ के लिए आचार्य छोटेलाल पांडेय को अधिकृत किया गया। महोत्सव का उद्घाटन प्रांतीय स्तर के अधिकारी से कराने का निर्णय लिया गया। वहीं विचार गोष्ठी में इतिहासकारों, बुद्धिजीवियों सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए गठित उप समिति का संयोजक समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र को बनाया गया। प्रथम दिन संध्या में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे इसकी जिम्मेवारी संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी को दी गई। जिसमें विद्यालयी बच्चों की विशेष सहभागिता होगी। साथ ही साथ जिला स्तर के सांगीतिक संस्था दानिका, कपिल देव संगीत विद्यालय निखिल डांस क्लासेस सहित अन्य लोगों को बुलाया जाएगा। 23 मार्च को संकीर्तन, चैता आदि की जिम्मेवारी के उपाध्यक्ष बाबूराम सिंह को दी गई। रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसकी जिम्मेदारी डॉ राम विकास सिंह एवं डॉ सुरेश कुमार विद्यार्थी को दी गई। सम्मान समारोह में जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न महोत्सव से तीन-तीन सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। संध्या में शंकर कैमुरी एवं उनके टीम के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वहीं रात्रि में स्थानीय कलाकारों के द्वारा शानदार प्रस्तुति होगी। बैठक में पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यचंडी धाम के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महासचिव संजय गुप्ता, सुजीत कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, कुंदन कुमार सोनू, पवन विश्वकर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार सिंह मंटू, अधिवक्ता राम पुकार ओझा, उपेंद्र कुमार, विष्णु धाम के वर्तमान महंत बालकानंद ब्रह्मचारी, मधुसूदन त्रिवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी ने की महिला सशक्तिकरण के कार्य की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय औरंगाबाद की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला थाना प्रभारी आरती बहन एवं औरंगाबाद संचालिका बीके सविता दीदी के द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला थाना प्रभारी ने नारी शक्ति के बारे में एवं संस्था के सशक्तिकरण के बारे में महिलाओं द्वारा संचालित कार्य की सराहना की। बीके सविता दीदी ने कहा कि नारी परमात्मा से दिव्य योग लगा कर आत्मिक स्वरूप से सशक्त हो जाती है।

वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अम्बा शाखा की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रखंड कार्यालय अम्बा में मनाया गया। बीडीओ, बीपीआरओ, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार एवं अम्बा संचालीका बेबी दीदी ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालिका बेबी दीदी ने कहा कि हमें



आत्मा समझ कार्य व्यवहार में आना चाहिए तब पुरुष महिला का भान समाप्त हो सकता है। तभी नारी अबला से सबला बन सकती है, सभी पदाधिकारियों ने ब्रह्माकुमारीज के कार्य की प्रशंसा की। नशामुक्ति के क्षेत्र में हो या नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, खेल, चरित्र निर्माण में अव्वल कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में जीविका दीदी, आशा दीदी, आंगनवाड़ी, महिला थाना, बाल विकाश, प्रखंड महिला कर्मी, कुटुंबा शिक्षा विभाग की शिक्षिका तथा अन्य महिलाएं भाग ली।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का नया सभागार जनता को समर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन शनिवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। मंच पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, सचिव पुरुषोत्तम अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मौके पर अतिथियों का स्वागत करते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की स्थापना वर्ष 2014 में एक किराये के मकान में सैदपुर में हुई थी। वहां पर जगह की कमी थी। वर्ष 2022 में सोसाईटी के सदस्यों ने सोसाईटी अस्पताल के लिए अपना भवन राजेन्द्र नगर रोड न. 7 में बनाया और तब से यह यही पर कार्य कर रहा है। इस मौके पर डॉ. गौतम मोदी और डॉ. अमित बंका ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में चिकित्सा क्षेत्र में मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार सुलतानिया जिनके सौजन्य से इस सभागार का निर्माण किया गया है, ने मारवाड़ी समाज की सेवा भावना और सोसाइटी की उपलब्धियों की सराहना की। वहीं मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह सभागार स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में काफी मददगार साबित होगा। मुख्य अतिथि अशोक चौधरी ने कहा कि यह पहल समाज के लिए एक मिसाल बनेगी। उद्घाटनकर्ता नंद किशोर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ गीता जैन द्वारा किया गया। समारोह के अंत में पुरुषोत्तम अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




CMYK

# शक्ति, सम्मान व करुणा की संगम है नारी : सांसद

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांसद ने महिलाओं को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** नारी आदि काल से ही सम्मान और आदर के रूप में मानी जाती है। भारतीय संस्कृति में नारी को आदिशक्ति के रूप में पूजनीय मानी गई है।

शास्त्रों तथा वेदपुराणो में स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारी को सम्मान दिया जाता है वहीं देवताओं का निवास होता है। इसलिए मातृ शक्तियों के सम्मान तथा आदर के लिए सदैव जागृत रहनी चाहिए। आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम सभी को संकल्पित होना चाहिए कि अपने घर परिवार तथा समाज में मातृ शक्तियों के सम्मान के लिए तत्पर रहनी चाहिए। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय




महिला दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अपने उदगार व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कही। दरभंगा भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सपना भारती की अध्यक्षता में एमएलएसएम कालेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आधी आबादी के शिक्षित और जागृत हुए वगैर सुंदर परिवार तथा सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जाती सकती है। इस मौके पर सपना भारती के द्वारा सांसद डा ठाकुर को पाग अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया जबकि महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने वाली विजयश्री कमल के द्वारा सांसद डा ठाकुर को वसुधैव कुटुंबकम् पुस्तक भेंट की गई।

वहीं बेनीपुर में अयाची मिथिला महिला महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सांसद डा ठाकुर ने कहा कि आज केंद्र सरकार तथा पीएम मोदी की देन है कि आधी आबादी को सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिला है। केंद्र सरकार के नारी शक्ति वंदन योजना लखपति दीदी योजना पीएम पोषण योजना, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की जमकर सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिला आरक्षण के बदौलत महिलाओं को सत्ता शीर्ष पर पहुंचाया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पत्रकार को किया गया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जिले के चर्चित ईश्वर अस्पताल के निदेशक डा. संजय कुमार ने दो महिला पत्रकारों को सम्मानित किया। शनिवार को अस्पताल परिवार की ओर से राष्ट्रिय सहारा हिंदी के पत्रकार रिमझिम कुमारी एवं राष्ट्रिय सहारा उर्दू की तबस्सुम खान को मोमेंटो और चादर देकर अस्पताल के निदेशक ड संजय कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यह दिन महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। महिलाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है। साथ ही लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। हर साल, महिला दिवस पर महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक नई थीम होती है। इस बार महिला दिवस की थीम एक्सिलरेट एक्शन (कार्रवाई में तेजी) है।

## एक नजर

### एकमा में डाउन रेल लाइन के पास से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**एकमा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड पर स्थित एकमा व चैनवा स्टेशनों के बीच आमडाढ़ी रेलवे गुमटी से पूर्व डाउन रेल लाइन के पास एक 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद हुआ। एकमा रेलवे स्टेशन से सूचना मिलने के बाद एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय चरवाहों के अनुसार शनिवार की सुबह किसी ट्रेन की चपेट में आने से उक्त वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रेन से टक्कर लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ने जींस पैंट व टी-शर्ट पहन रखा था। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है।

### महिला दिवस पर जीविका दीदी सम्मानित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के अतरूआ स्थित मनीषा जीविका संकुल संघ की ओर से महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आहुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समन्वयक सुजाता कुमारी और गणेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर के किया। विभिन्न समूहों की महिलाओं ने रंगोली कार्यक्रम, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के बाद महिलाओं को संबोधित करते हुए सुजाता कुमारी ने कहा कि महिलाएं आदि शक्ति होती हैं। हमें मिलकर एकजुट हो क्षेत्र और राज्य के विकास में योगदान देना होगा। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित गणेश कुमार, रश्मि भारती, संजीव कुमार एवं संकुल संघ के गायत्री देवी,पिंकी देवी आर्या, विनीता देवी द्वारा विजेता महिलाओं को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### महिला दिवस पर ग्राम सभा

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** साहेबपुर कमाल प्रखंड क्षेत्र के सनहा पश्चिम पंचायत भवन में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता मुखिया पूनम देवी ने की। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि बेटी और बेटा में भेदभाव करना गलत है। ऐसा देखा जाता है कि बेटा और बेटी को पढ़ाने में माता -पिता बेटा के प्रति अधिक सकारात्मक सोच रखते हैं। जबकि बेटी को पराई घर जाने की बात कह बेटा की तुलना में बेटी के प्रति रूझान कम होता है। कलेजे के टुकड़े के साथ ऐसा बर्ताव किसी भी तरह से उचित नहीं है। एक शिक्षीत बेटी पूरे परिवार को शिक्षीत बनाने का हौसला रखती है। अनुभव कुमार प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने पंचायत की विकास के लिए हर संभव मदद की आश्वासन दिए तथा महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का शुभकामना संदेश दिए। मनोज कुमार पूर्व प्रमुख ने कहा हमारे पंचायत के विकास के लिए पंचायत सरकार भवन खेल का मैदान जीविका दीदी का भवन निर्माण पावर हाउस के लिए प्राप्त एनओसी के जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्य अभिलंब कराया जाए। इस अवसर पर दर्जनों महिलाओ को सम्मानित किया गया।

### आवेदन पर की गई सुनवाई

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर थाना के प्रतिक्षालय भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि पुर्व का 12 व नया 1 आवेदन सहित कुल 13 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से एक भी आवेदन को निष्पादित नहीं किया जा सका। शेष बचे हुए आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा। मौके पर थाना के पुअनि माया कुमारी, अंचल के सी आई कमल किशोर वर्मा सहित कई फरियादी मौजुद थे।

### आरक्षण नहीं सम्मानित अधिकार चाहिए : डा. सहर

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सेहत केंद्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जहां पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल ऑफिसर डा. सहर अफरोज को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज ने कहा कि वाकई में ये पल काफी भावुकता भरा हुआ पल है। जहां पर हमारे बच्चों ने हमारे लिए सरप्राइज प्लान किया। स्वयंसेवक को समझाते हुए ड सहर ने कहा कि हम महिलाओं को कोई आरक्षण की जरूरत नहीं है। हम सभी को सम्मान के साथ सारे अधिकार चाहिए क्योंकि समाजको आगे ले जाने में महिला व पुरुष दोनों का बराबर योगदान हैं।पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने कहा कि नारी शक्ति को आगे बढ़ने, उनकी उपलब्धियों को गिनाने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत की गयी। स्वयंसेवक नीतीश कुमार ने कहा कि सिर्फ एक दिन ही महिलाओं का सम्मान करने से कुछ नहीं होगा। बल्कि हर दिन महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर खुशी, सुमित कुमार, नीतीश कुमार, आशा, रानी, मोनी, गुलशन, नयनसी, सोनी, श्री राम कुमार सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

### महादलित टोला का किया गया निरीक्षण

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के गेंहरपुर व नौला में वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी ने शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें नौला पंचायत के महादलित टोला का निरीक्षण किया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सोनाली सिंह, मनरेगा के पीओ कुलानंद सहनी आदि ने बताया कि। निरीक्षण के दौरान महादलित परिवारों की राशन कार्ड,आवास,जल निकासी की व्यवस्था सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं से अवगत हुए। वहीं गेनहरपुर मे जीविका भवन का प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

## रामनाथ को वैश्य समाज का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** अखिल भारतीय मिथिला संघ, दरभंगा के तत्वाधान में रौशन झा के आवास पर सम्मान कार्यक्रम संघ के संयुक्त सचिव, शैलेंद्र कुमार कश्यप की अध्यक्षता में एवं फूल कुमार झा टेकटारिया के द्वारा संघ के उपाध्यक्ष, रामनाथ पंजियार को वैश्य सूढ़ी समाज का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पाग चादर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने रामनाथ पंजियार के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार कश्यप ने रामनाथ पंजियार को वैश्य सुड़ी समाज का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर ख़ुशी व्यक्त करते हुए कहा इनके द्वारा कई सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेते रहे है। वहीं उनके समाज के द्वारा सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे बढ़ चढ़कर सहयोग करते रहे हैं। सम्मानित किए जाने के बाद श्री पंजीयार ने कहा कि मै अपने अखिल भारतीय मिथिला संघ दरभंगा परिवार का इस सम्मान के लिए आभारी रहूंगा। हमारे समाज के पूर्वजों द्वारा सामाजिक क्षेत्र में जैसे शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़कर हिस्सा लिया है। जिसमें सभी जाति धर्म के लिए सामाजिक एवं विकास के काम किया गया है। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन एम के चौधरी किया गया। मौके पर संघ के प्रवक्ता रौशन कुमार झा, फूल कुमार झा उर्फ टेकटारिया, विकास कुमार झा उर्फ छोटू, एम के चौधरी, हरि महतो, गणेश कुमार, सुप्रिया, श्रवण कुमार झा, हुसैन मंसूरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मतदाता सूची अद्यतन को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विधान सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर तैयारियों से संबंधित एवं मतदाता सूची के सतत अद्यतनीकरण की समीक्षा हेतु कारगिल विजय सभा भवन मे डीएम तुषार सिंगला ने बैठक की। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को बीएलओ के साथ प्रपत्र 6, 7 एवं 8 तथा 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं विशेषकर महिलाओं को जोडने हेतु साप्ताहिक बैठक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी संभावित बूथों को पूर्व से ही निरीक्षण कर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं से संबंधित सभी तयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने मतदान केन्द्र की दूरी मतदाताओं से 2 किलोमीटर के अंदर हो, इस बात पर ध्यान देने हेतु सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया। जिला




पदाधिकारी ने पूर्व के लोक सभा चुनाव में जिस-जिस बूथ पर मतदान की प्रतिशत कम थी। वहां अभी से बीएलओ के साथ जाकर मतदान संबंधी जागरूकता लाने का निर्देश दिया गया। दलित-महादलित बस्ती में विशेष रूप से कैम्प लगाकर विकास मित्रों, आवास सहायकों, टोला सेवकों, जीविका दीदियों एवं अन्य के माध्यम से प्रचार-प्रचार करने हेतु प्रखड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया। बीएलओ के भुगतान फरवरी तक का पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं बीएलओ के साथ नियमित बैठक करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सभी अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय एवं तेघड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, सभी अवर निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अररिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन अररिया के तत्वाधान में जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में सम्मान समारोह के साथ किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार, अपर समाहर्ता राज मोहन झा, उप विकास आयुक्त श्रीमती रोजी कुमारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वसीम अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया अनिकेत कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया सोनी कुमारी, वरीय उप समाहर्ता अररिया अरविंद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## समाज में महिलाओं की सहभागिता आवश्यक : सत्र न्यायाधीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिनोद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सिविलकोर्ट प्रांगण स्थित मध्यस्थता भवन में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने दिवस विशेष पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी करुणा निधि प्रसाद आर्य के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को न्यायिक पदाधिकारी आरती कुमारी, मोहिनी कुमार, कुमारी कर्णिका यादव, प्रिया कुमारी, न्यायालय कर्मी मनीषा कुमारी समेत सभी नवपदस्थापित महिला न्यायिक पदाधिकारी,




न्यायालय कर्मी, सभी न्यायिक पदाधिकारियों की पत्नियों ने संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधान जिला जज श्री तिवारी ने महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की सहभागिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राधिकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो को लेकर क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, कार्यालय दरभंगा के कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नगर, दरभंगा, और बिहार शिक्षा परियोजना के लेखा सहायक नुतन कुमारी तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए सविता कुमारी एवं कल्याणी देवी को सम्मानित किया गया। वहीं एडीजे श्रीराम झा, सुमन कुमार दिवाकर, शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, जिला जज श्री तिवारी समेत प्राधिकार के सचिव रंजन देव समेत पुरुष न्यायिक पदाधिकारियों ने महिला जज, समेत उपस्थित महिलाओं को बुके और उपहार देकर सम्मानित कर एक अनोखा मिशाल पेश किया।

## लोक अदालत में 172 मामलों का निपटारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेनीपुर (दरभंगा)।** व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत में 172 मामलों के निपटारे के साथ पक्षकारों के बीच 1 करोड़ 20 लाख 78 हजार 297 रुपये का समझौता हुआ। लोक अदालत में दो बेंच का गठन किया गया था जिसमें पहले बेंच में न्यायिक सदस्य जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ऋषि गुप्ता एवं अधिवक्ता सदस्य रामकुमार झा ने 8 आपराधिक मामले, एक विद्युत मामले का निष्पादन किया वहीं बैंक ऋण संबंधी पंजाब नेशनल बैंक के 12 मामले, ग्रामीण बैंक के 77 मामले एवं इंडियन बैंक के 5 मामलों में कुल 94 लाख 71 हजार 887 रुपये का समझौता कराकर मामलों को सुलझाया। दूसरे बेंच पर न्यायिक सदस्य अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता रानी एवं अधिवक्ता सदस्य अमोल कुमार झा ने 15 आपराधिक मामलों, 7 विद्युत मामले एवं एक मापतौल के वाद का निपटारा किया। विद्युत विभाग में 55 हजार 760 रुपये तथा मापतौल विभाग में 5 हजार रुपये समझौता राशि सह जुर्माना जमा किया गया। वहीं बैंक ऋण संबंधी स्टेट बैंक के 32 मामलों, सेंट्रल बैंक के चार व बैंक आफ इंडिया के चार मामलों में 25 लाख 45 हजार 650 रुपये के समझौते पर मामलों को निपटाया गया।

## शराब तस्करी करते फर्जी दारोगा गिरफ्तार, पांच लाख की शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा/कोइलवर।** उत्पाद विभाग की टीम को शनिवार के दिन बड़ी सफलता मिली है। बक्सर-पटना फोरलेन के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर के समीप एक सफारी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब संग एक फर्जी दारोगा व शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर रवि किसन है। वह सारण जिला के जलालपुर निवासी पशुपतिनाथ का पुत्र है। वह दारोगा के वर्दी में तस्करी करते पकड़ाया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश के बलिया से बिहार में पटना की ओर लाया जा रहा है। अवर निरीक्षक मद्यनिषेध राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित गई। जब एक सफारी कार को आये देखा गया। टीम ने रोकने की कोशिश की। तो कार में बैठे चालक जो की दारोगा की वर्दी में बैठा था। उसने गाड़ी रोकने से इंकार कर दिया तथा काफी तेजी से गाड़ी को लेकर भागाने लगा। कार संतुलन में नहीं रहने के कारण आगे सड़क के डिवाईडर से टकरा गई।

## महिला दिवस पर एबीवीपी ने किया नुक्कड़ नाटक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीडी कलेज एवं कोअपरेटिव कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जन सामान्य को नारी सशक्तिकरण के विभिन्न नारी सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि जब 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने की बात हो रही है तो उसमें नारी सशक्तिकरण की बड़ी भूमिका है। समाज की आधी आबादी को मजबूत किए बिना यह कतई संभव नहीं है। विद्यार्थी परिषद अपने प्रत्येक कार्य एवं गतिविधि में छात्राओं की भूमिका बढ़ा रही है ताकि आने वाले समय में समाज का नेतृत्व पुरुष के बराबर नारी भी कर सके। जीडी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राम अवधेश कुमार एवं कोआपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अवधेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से जन सामान्य में एक मानस का विकास होता है। जिसके आधार पर वह अपने परिवार और समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने हेतु प्रेरित होते हैं। विद्यार्थी परिषद का यह प्रयास सराहनीय है कि आज के दिन इन लोगों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता फैलाने का प्रयास किया है। अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कमलेश कुमार ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। जीडी कलेज इकाई अध्यक्ष प्रहलाद कुमार एवं कोअपरेटिव कलेज इकाई अध्यक्ष छोटू कुमार ने कहा कि जिस प्रकार महिला सशक्तिकरण की आर में आज कुछ संगठन एवं नारीवादी तत्व एक सिंडिकेट बनाकर नग्नता का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वह भारतीय परि.श्य में सही नहीं है। मौके पर नगर सह मंत्री सिद्धार्थ कुमार, नितीश कुमार, सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार, राहुल कुमार, कृष्ण कुमार, उज्जवल आशीष सत्यम ,मंगल माधव, उत्पल कांत, नयन, सौरभ, कोअपरेटिव कॉलेज उपाध्यक्ष अभिषेक, रौनक शुभम सहित कई कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थिति दी। नुक्कड़ नाटक के अभिनेता के रूप में सुमित कुमार, नीतीश कुमार, अंकित कुमार, मोनी, सोनी गुलशन, श्रीराम, नयनशी, खुशी ने अपनी भूमिका निभाई।

## जिले की 49 महिलाकर्मियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में महिला सम्मान समारोह का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। समारोह का विधिवत उद्घाटन डीएम, एसएसपी, एसडीओ पश्चिमी, प्रशिक्षु आईपीएस,डीपीएम जीविका, डीपीओ द्वददप, कला संस्कृति पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारियो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुष्मिता कुमारी ने की। विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने एवं उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करनेवाली 49 महिला कर्मियों को जिला पदाधिकारी के कर कमलों द्वारा अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी से सम्मान पायी ज्योति कुमारी ने साहसिक कदम उठाते हुए परिवार में बाल विवाह का विरोध की तथा अपनी पढ़ाई जारी रखी। जीविका दीदियों द्वारा स्वरोजगार द्वारा न सिर्फ अपना आर्थिक स्वावलंबन कर परिवार का भरण पोषण कर रही है बल्कि समाज के आर्थिक सशक्तिकरण का आधार बनी है। इनके द्वारा सोलर से सिंचाई, लखपति दीदी के रूप में प्रतिमान स्थापित करने, दीदी द्वारा ड्रोन उड़ाने, प्रोड्यूसर कंपनी खोलने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसी तरह से विविध क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करनेवाली बच्चियों एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं का स्वागत, अभिनंदन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में सभी को एक परिवार बताते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रही हैं तथा समाज में व्यापक बदलाव हो रहा है, इसे और अधिक बेहतर बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने बच्चियों एवं महिलाओं से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना आदि से लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने परिवार में बेटियों और महिलाओं की पढाई पर ध्यान देने तथा उन्हें अपनी रुचि के अनुरूप विकसित होने का मौका देने को कहा। साथ ही नशे की आदत से लोगों को मुक्त करने में माताओं और बहनों की प्रभावशाली भूमिका निभाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## देश के 112 जिलों में मुजफ्फरपुर बना नंबर वन

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिला को नीति आयोग द्वारा पुरस्कारस्वरूप मिली तीन करोड़ की राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से लेकर विकास कार्यों में काफी तेजी आई है। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर जिला को राष्ट्रीय स्तर पर 112 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए जिला पदाधिकारी ने सतत एवं प्रभावी प्रयास कर आकांक्षी कार्यक्रम के सभी सूचकांकों में प्रगति लाने हेतु नियमित समीक्षा बैठक करने तथा समय-समय पर स्थलीय विजिट कर कार्य में उत्तरोत्तर सुधार एवं प्रगति लाई गई जिसके परिणाम स्वरूप जिले को पूरे देश मे सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने जिले की उल्लेखनीय उपलब्धि एवं पुरस्कार को जिलावासियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को समर्पित किया है तथा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही जिला के विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणात्मक सुधार लाने तथा जिले के सर्वांगीण विकास हेतु रणनीतिक पहल करते हुए ठोस कार्य योजना तैयार करने, राशि का सदुपयोग कर जिले का चौमुखी विकास करने हेतु समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

विदित हो कि नीति आयोग द्वारा देश के 112 जिलों मे आकांक्षी जिला कार्यक्रम, 2018 से क्रियान्वित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिला ने स्वास्थ्य एवं पोषण थीम अंतर्गत भारत मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। फलस्वरूप नीति आयोग द्वारा मुजफ्फरपुर जिला को पुरस्कार स्वरूप 3 करोड़ की राशि देने की घोषणा की गई है। जिला पदाधिकारी ने जिला योजना पदाधिकारी को कार्य योजना तैयार कर प्रस्ताव नीति आयोग के अनुमोदन हेतु जल्द भेजने का निर्देश दिया है। नीति आयोग के सीईओ श्री बी भी आर सुब्रह्मण्यम ने जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन को बधाई दी है। जिला को नीति आयोग द्वारा पूर्व मे भी विभिन्न थीम मे सराहनीय कार्य प्रदर्शन स्वरूप प्रथम, द्वितीय, एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही इसके लिये नीति आयोग से जिला को पुरस्कार भी मिल चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### बानुछापर व चौतरवा में खुला एसबीआई का ब्रांच

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपभोक्ताओं के विश्वास पर खरा उतरने वाला भारतीय स्टेट बैंक सर्वश्रेष्ठ है। यहीं कारण है कि बेतिया रीजन को 36 एवं 37 वां जबकि मुजफ्फरपुर जोन का 299 वां ब्रांच का उदघाटन शनिवार को केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया। उक्त जानकारी भारतीय स्टेट बैंक के मुजफ्फरपुर जोन के



एजीएम मृणाल गौरव वर्मा ने बानुछापर में भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच के उदघाटन के मौके पर जानकारी दी। मौके पर बैठक में आये अतिथियों का स्वागत शाखा प्रबंधक मिथिलेश्वर कुमार ने की। जोनल एजीएम श्री वर्मा ने बताया कि बेतिया रीजन में बानुछापर और चौतरवा शाखा का उदघाटन किया गया है। यह आज से काम करना आरंभ कर दिया। चौतरवा में उदघाटन के मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक निरंजन कुमार पांडेय मौजूद रहे। बेतिया बानुछापर शाखा के उदघाटन के मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय में सहायक प्रबंधक जितेंद्र कुमार दूबे, प्रशांत कुमार समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### भू समाधान जनता दरबार में बैरंग लौटे फरियादी

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व कमीयी के हडताल व अंचलाधिकारी के अनुपस्थिति से शनिवार को थाना मे लगने वाला जनता दरबार कोरम मात्र का रह गया है। आज दर्जनों फरीयादी अपने जमीन सम्बंधित विवाद के निपटारे के लिए थाना परिसर मे आए जरुर लेकिन उनके समस्या का निराकरण नहीं हो सका। कर्मचारियों और अंचलाधिकारी के नही रहने से अंचल के तरफ से एक कार्यालय कर्मी व एक कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित हुए। वे भी मामले को निपटा नही सके सभी फरियादी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वापस अपने घर चले गये।

### शांति समिति की बैठक

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने किया। बैठक में उन्होंने होली और रमजान को सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में समाज के हर वर्गों की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने सभी वर्गों के लोग से अपील किया कि आपसी सौहार्द कायम कर एक दूसरे से मिलजुल कर होली और रमजान मनाएं। मौके पर दरोगा मनोज कुमार, शशिकांत शर्मा, बिपिन कुमार, जिला परिषद् कलीम गफार, पूर्व पत्रकार सतेन्द्र तिवारी,समाजसेवी अभिषेक सराफ,मनमोहन प्रसाद,सरपंच गोबिंद दुबे,भाकपा नेता गंगा वर्मा, इंसान वेलफेयर डायरेक्टर शोएब कमाल, सेमरी मुखिया पति इमदादुल हक, भेड़िहरवा मुखिया अभिजीत कुमार उर्फ सन्नी दुबे, चौकीदार धनंजय पासवान विनोद यादव मनोज कुमार यादव,सुरेश राम,शेषनाथ हजारा बिरेंद यादव,विनोद राम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के अत्याचार पर रोक लगाने की मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर एपवा की ओर से समाहरणालय के गेट पर प्रर्दशन किया गया। प्रर्दशनकारी महिलाएं माइक्रोफाइनांस कंपनियों के कर्ज के मकड़जाल में फंसी महिलाओं को कर्जमुक्त कराने की मांग की गयी। साथ हींसाथ आरोप लगाया गया कि ये कंपनियां अत्याचार कर रही है। प्रर्दशन के दौरान एपवा नेत्री संगीता कुमार, माले नेता सुनील कुमार राव, सुनील कुमार यादव, सुगान्ती देवी, गीता देवी, हसन तारा, सलमा खातुन, शान्ति देवी जसिया देवी आदि ने भी सम्बोधित किया।

### 75.11 लाख का महापौर ने बांटा कार्यादेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में 75.11 लाख से अधिक की नौ विकास योजनाओं का कायादेश महापौर गरिमा देवी सिकारियां ने शनिवार को वितरित किया। श्रीमती सिकारिया कहा कि नगर निगम की सभी विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में गुणवत्ता और समयबद्धता अनिवार्य है। इसकी अनदेखी पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### जिलाधिकारी ने सीडी रेशियो बढ़ाने के दिए निर्देश

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले के बैंकों की ऋण स्थिति पर चर्चा की गई। समीक्षा में पाया गया कि कुछ बैंकों ने ऋण वितरण में बेहद कमजोर प्रदर्शन किया है। इंडियन बैंक (14.56%), यूनियन बैंक और पीएनबी (25.76%) का सीडी रेशियो बेहद कम पाया गया, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को 50% सीडी रेशियो लक्ष्य के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। पीएमईजीपी और पीएम एफ एम ई जैसी योजनाओं के तहत स्वीकृत आवेदनों को शीघ्र वित्तपोषित करने को कहा गया। स्टार्टअप इंडिया के तहत भी कम से कम एक प्रोजेक्ट को फंडिंग देने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्रांच मैनेजरों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट (पीओपी) में प्रियॉरिटी सेक्टर लोन की उपलब्धि को जोड़ा जाएगा। साथ ही, सभी प्रखंडों में त्रैमासिक बैंकिंग बैठकें अनिवार्य रूप से कराने और दो माह में एक बैंकिंग शिकायत निवारण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भगवान पैलेस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जिला के स्वावलंबी महिलाओं के सम्मान के लिए महिला दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्च जिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में सर्व प्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी,नगर परिषद की सभापति सैम्पी गुप्ता,नगर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वंदना कुमारी,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता एवं जिला पार्षद अनीता देवी कुशवाहा द्वारा किया गया.इसके बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

आगत अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र एवं माला , पुष्प गुच्छ एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित सभी महिलाओं को बधाई दिए और सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किए गए कार्यों का पर प्रकाश डाला.नगर परिषद सभापति सैंपल गुप्ता ने कहा कि महिलाएं आज आत्मनिर्भर हो रही है समाज में आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है और सभी क्षेत्रों में इसका प्रभाव भी दिखाई दे रहा है.बंदना कुमारी ने कहा कि महिलाओं की भूमिका समाज में शुरू से लेकर अंतिम तक महत्वपूर्ण रहती है और वह अपने दायित्व का निर्माण कर समाज को और सशक्त बनाकर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं.जिला पार्षद अनीता देवी कुशवाहा ने कहां की बिहार की नीतीश कुमार की सरकार महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में स्थापित करने के लिए आरक्षण की समुचित व्यवस्था की जिससे महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में भी बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सोनी गुप्ता ने कहा कि आज भारत सरकार द्वारा और बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक लोक कल्याणकारी कार्यों को किया जा रहा है. महिलाओं को योजनाओं की जानकारी लेकर और उसमेंअपना सर्वस्व योगदान देकर भारत को अग्रणी देश के रूप मेंआगे बढ़ाना है.

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित**

जिले जिले में अलग-अलग श्रेणियां में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी जेपी विश्वविद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी,अधिवक्ता के क्षेत्र में आशा कुमारी श्रीवास्तव अधिवक्ता, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टर वंदना कुमारी, समाजसेवा के क्षेत्र में रूपल आनंद, खेल के क्षेत्र में ग्रेपलिंगके क्षेत्र में एशियाई खेलों में सलेक्टेड प्लेयर कविता कुमारी,पुलिस - मित्र के रूप में शिल्पा शाह, राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में जिला परिषद अनिता कुशवाहा को भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा द्वारा मेमोंटो,शाल,माला पुष्प गुच्छ एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना सिंह जिला उपाध्यक्ष आशा रंजन, सुनीता जायसवाल ,नगर पार्षद गायत्री गुप्ता,महिलामोर्चा मीडिया प्रभारी प्रेम पालंक श्रीवास्तव , प्रीति पटवा प्रेक्षा श्रीवास्तव, सुभावती सोनी, अनामिका सिंह, श्रेया कुमारी, सुमंजन चौरसिया, सिमरन कुमारी, अनुष्का कुमारी, शगुफ्ता नाज, मिनी पटेल, चंदा यादव, निर्मला देवी, एवं मुन्नी पटेल इत्यादि उपस्थित थे.

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जीविका की सशक्त महिलाओं का सम्मान

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सारण जिला प्रेक्षागृह में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका परियोजना के तहत महिला उत्थान और



सामाजिक बदलाव में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। उपविकास आयुक्त श्री यतेन्द्र कुमार पाल ने इस अवसर पर बैंक सखी सुलेखा कुमारी और स्वास्थ्य मित्र इंद्रासनी देवी को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया।

**बैंक सखी सुलेखा कुमारी का योगदान**

सुलेखा कुमारी जीविका बैंक सखी के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से कई महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा गया, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनीं। बैंकिंग प्रक्रिया को आसान बनाने और महिलाओं को ऋण योजनाओं का लाभ दिलाने में उनका योगदान सराहनीय रहा है।

**स्वास्थ्य मित्र इंद्रासनी देवी की भूमिका**

इंद्रासनी देवी स्वास्थ्य मित्र के रूप में ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार में निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी देने, टीकाकरण सुनिश्चित करने और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार हुआ है और कई परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिला है।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में जीविका की पहल**

कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त श्री यतेन्द्र कुमार पाल ने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में जीविका के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीविका परियोजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और वित्तीय जागरूकता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से आई जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे जीविका परियोजना ने उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने और परिवार की स्थिति सुधारने में मदद की।

## पुरुषों से बढ़-चढ़कर महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में कर रही काम : डीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा है कि आज महिलाएं पुरुषों से कहीं ज्यादा सफल है। वे हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। वे शनिवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाहरणालय के सभागार में आयोजित महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का उदघाटन जिलाधिकारी



दिनेश कुमार राय के अलावे अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहा, अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार, आईसीडीएस की डीपीओ कविता रानी, शिक्षा विभाग की डीपीओ अल्का सहाय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डीएम ने कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों को याद करनेवाला दिन है। महिलाओं के सशक्तिकरण से समाज मजबूत हो रहा है। महिलाएं अब राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में मजबूत हो रही है। मौके पर अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही 38 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावे नायिका पुरस्कार से भी महिलाओं को स्मार्ट वाच, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीआरडीए के निदेशक अरुण प्रकाश, ओएसडी सुजीत कुमार, एसडीसी अहमद अली, जीविका डीपीएम आर के निखिल के अलावे प्रशिक्षु महिला अधिकारी भी मौजूद रहे।मौके पर शिक्षिका खुशबू मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत गान के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## केंद्रीय मंत्री ने एक-दूसरे को लगाया अबीर गुलाल, दी होली की शुभकामनाएं

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के हरसरी गांव स्थित केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के आवास पर शनिवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम में लौरिया विधायक विनय बिहारी, जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, नगर सभापति रीना देवी, भाजपा नेत्री रेणु देवी, समेत कई अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के योगदान के प्रति ध्यान आकृष्ट कराते हुए महिलाओं के सम्मान को लेकर बच्चों में नारी सम्मान की भावना को करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान होली पर्व पर भोजपुरी के हास्य कवि बादशाह तिवारी उर्फ बादशाह प्रेमी और मुन्ना मवाली ने अपनी हास्य कविताओ पर समा बांधकर लोगो को खूब हंसाया। इस दौरान नेता और कार्यकर्ता खूब ठहाके लगाए। वही केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का पर्व होली को प्रेम और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

## मरम्मती के लिए आज जिले में बंद रहेगी बिजली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पुरानी पीएसएस से जुड़े 11 केवी हॉस्पिटल फीडर में सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक 09 घंटे बिजली बंद रहेगी। वहीं 11 केवी बलेथा फीडर में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक 01 घंटे के लिए बिजली नहीं मिलेगी. जबकि 11 केवी माहपुर फीडर को सुबह 09:00 बजे से 10:00 बजे तक 01 घंटे के लिए बंद किया जाएगा.शहर के नयी पीएसएस से जुड़े 11 केवी टाउन-1 फीडर में सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक 01 घंटे बिजली बंद रहेगी.वहीं 11 केवी टाउन-2 फीडर को दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक 02 घंटे के लिए बंद किया जाएगा. 11 केवी आईबी फीडर में सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक 09 घंटे बिजली बंद रहेगी.जबकि 11 केवी इमरजेंसी फीडर को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक 03 घंटे बिजली नहीं मिलेगी. सीवान ग्रिड से जुड़े 33 केवी बड़हरिया व 33 केवी मैरवा को सुबह 09:00 बजे से 11:00 बजे तक 02 घंटे बिजली नहीं मिलेगी.

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता द्वारा महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र



एवं बुके से सम्मानित किया गया। वही दूसरे तरफ हरसरी पुरैनिया पंचायत में मुखिया अजित कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे ने पंचायत में कार्यरत महिला स्वच्छता कर्मियो समेत पंचायत के दर्जनों महिलाओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया और उनके योगदान की प्रसंशा की। मुखिया श्री दुबे ने कहा कि पंचायत को साफ सुथरा रखने में इन महिलाओं का अहम योगदान है। यह हो महिलाएं हैं जो अपने घर का कामकाज संभालते हुए प्रतिदिन सुबह पंचायत के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूम कर सफाई का ख्याल रखती है। इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि उनके सुख-दुख में सहभागी बने और महिलाओं का सम्मान करें। मौके पर प्रभारी बीपीआरओ अनपुरणा कुमारी, शिक्षिका मंजू सागर, एसआई कृति कुमारी तथा स्वच्छता कर्मी सरस्वती देवी, रंजू देवी, माया देवू, रेहाना खातून, ललिता देवी, सबिता, देवी, पूजा देवी, धुला देवि, मराछो देवी, गीता देवी समेत सभी वार्ड सदस्य व स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# बैंकिंग प्रणाली में सुधार हेतु जिलाधिकारी की सख्ती

**इंडियन बैंक और यूनियन बैंक को चेतावनी**



**सारण/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें जिले के सभी बैंकों की ऋण वितरण स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में खुलासा हुआ कि दिसंबर त्रैमास में जिले का सकल साख जमा अनुपात (सीडी रेशियो) 45.50 प्रतिशत रहा, जबकि इंडियन बैंक (14.56%) और यूनियन बैंक सहित कुछ अन्य बैंकों का प्रदर्शन अत्यंत खराब पाया गया। पीएनबी का सीडी रेशियो 25.76% तथा वार्षिक ऋण योजना लक्ष्य की उपलब्धि मात्र 3.64% रही। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और सभी बैंकों को 50% सीडी रेशियो लक्ष्य के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**स्वरोजगार योजनाओं में उदारता बरतने के निर्देश**

पीएमईजीपी योजना के तहत 1290 आवेदनों में से 218 आवेदन स्वीकृत हुए और 146 को वित्त पोषण मिला। वहीं, पीएम एफ एम ई के तहत 882 आवेदनों में से 245 आवेदन स्वीकृत किए गए। जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देश दिया कि सभी स्वरोजगार योजनाओं में ऋण वितरण को प्राथमिकता दें।

**बैंकिंग में जवाबदेही तय करने की पहल**

बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्रांच मैनेजरों की वार्षिक परफॉर्मेंस रिपोर्ट (पीओपी) में प्रियॉरिटी सेक्टर लोन का वेटेज तय किया जाएगा, जिससे उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, प्रत्येक प्रखंड में त्रैमासिक बैंकिंग बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने तथा दो माह में एक बार विशेष बैंकिंग शिकायत शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, आरबीआई प्रतिनिधि, नाबार्ड डीडीएम, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीजे बजाने को ले हुई मारपीट में केस दर्ज, दो गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र के धूमाटांड जसौली गांव में बारात में डीजे बजाने के लेकर हुई मारपीट में 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि धूमाटांड के समीर अंसारी एवं चोकट मियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। ज्ञात हो कि विगत 6 मार्च को धूमाटांड से संजीत दास के घर से जसौली बारात जा रही थी। इसी दौरान डीजे बजाने को लकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक महिला को गंभीर चोट आई थी। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने थाने पहुंचकर हंगामा कर आरोपियों गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसपी डॉ शौर्य सुमन समेत पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर मामले को शांत कराया था।

## टीबी अलर्ट इंडिया ने 178 टीबी मरीजों को लिया गोद

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीबी अलर्ट इंडिया ने अपने संजीवनी प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत सीवान जिले के 178 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है. प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर विष्णु प्रकाश द्वारा जिला यक्ष्मा विभाग को टीबी मरीजों को देने के लिए फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया है.शनिवार को जिला यक्ष्मा केंद्र में सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद की उपस्थिति में टीबी अलर्ट इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए गए फीड बास्केट को टीबी मरीजों के बीच वितरित किया गया.फूड बॉस्केट में सोयाबीन, दाल, चावल, बिस्किट, दूध का एक डिब्बा सहित प्रोटीन युक्त सामग्री का वितरण किया गया.सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि निक्षय मित्र योजना टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम छह माह के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं.उन्होंने कहा कि टीबी के खिलाफ जीतने के लिए सम्मिलित प्रयास किया जाना आवश्यक है. इसलिए उन्होंने सक्षम व्यक्ति, जिम्मेदार सरकारी व गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित निक्षय मित्र अभियान से जुड़ने की अपील की है.उन्होंने कहा कि टीबी की बीमारी कुछ वर्ष पहले तक खतरनाक मानी जाती थी. लेकिन अब इसका इलाज आसानी से हो रहा है. हालांकि सबसे अहम बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में इस बीमारी से संबंधित उचित परामर्श, जांच, इलाज के साथ ही दवा का वितरण पूरी तरह से निःशल्क किया जाता है.इस अवसर पर सीडीओ डॉ अशोक कुमार,मलेरिया पदाधिकारी डॉ ओपी लाल,मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेंद्र प्रसाद,राम सागर राम एवं रवींद्र प्रसाद उपस्थित थे.



## सारण जिला वैश्य महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिला वैश्य महासभा छपरा सारण ट्रस्ट (रजि.) द्वारा होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन नूतन पैलेस में किया गया। इस कार्यक्रम में वैश्य समाज की 56 उपजातियों का समावेश हुआ और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने इसमें भाग लिया। समारोह का शुभारंभ शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, गंगोत्री प्रसाद, श्याम बिहारी अग्रवाल, राजेश फैशन, धर्मेन्द्र साह, प्रदीप कुमार गुप्ता, वरुण प्रकाश, अमित कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता और भगवती प्रसाद जगाती ने दीप प्रज्वलित कर किया।



**संबोधन में होली के संदेश पर जोर**

शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त ने कहा कि होली जीवन में रंगों की महत्ता को दर्शाती है, जैसे रंग हमारे जीवन को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही रिश्ते और प्रेम भी इसे समृद्ध करते हैं। श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कि होली हमें अपने रिश्तों को मजबूत करने और समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। राजेश फैशन ने सभी को स्नेह, सहयोग और प्रेम के साथ मिलकर होली मनाने का संदेश दिया। धर्मेन्द्र साह ने इस अवसर को खुशियों और उत्साह के साथ मनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त ने की, संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल, स्वागत प्रदीप कुमार गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन राजेश फैशन ने किया।

**बनारस के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं**

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की रासलीला, देवों के देव महादेव की मसाने की होली और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद, प्रशासन ने संभाली स्थिति

**अमनौर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अमनौर थाना क्षेत्र के ग्राम परमानंद छपरा स्थित खाता नंबर-190, सर्वे नंबर-207 पर अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह कार्रवाई अहमद अली बनाम बिहार राज्य एवं अन्य से संबंधित वाद संख्या-02/24-25 के तहत माननीय न्यायालय के आदेशानुसार की जा रही थी। कार्यवाही के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन वहां पहले से मौजूद हनुमानजी की पिंडी को लेकर हिंदू समुदाय के लोगों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। स्थिति को बिगड़ते देख थाना स्तर से त्वरित कार्रवाई की गई और विवाद को शांत कराते हुए दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अनुमंडलीय सभागार में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

## बेतिया में होली मिलन की धूम, उड़े गुलाल, गीतों की बहार





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर में शनिवार को होली मिलन समारोह की धूम रही।नगर के गुलाबबाग पार्क में सुबे की पशु संसाधन एवं मत्स्य मंत्री रेणु देवी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें होली के गीत पर ढोलक की ताल पर कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता खुब थिरके। मौके पर मंत्री रेणु देवी ने जिलेवासियों समेत पुरे बिहारवासियों को होली की शुभकानाएं देते हुए कहा कि होली रंगो व प्रेम का पर्व है। इसे आपसी सौहार्द से मनाना चाहिए। मौके पर युवा भाजपा नेता राहुल कुमार, आंनद सिंह, राजन सोनी, हरेंद्र प्रसाद, रईलाल गुप्ता, सुरेश प्रसाद, धनंजय तिवारी, राहुलचतुर्वेदी, अजय झा समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर नेशनल सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की ओर से शहर के एक नीजी उत्सव भवन मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष संजीव कुमार पांडेय उर्फ मिंटु पांडेय, पूर्व अध्यक्ष गिरिन्द्र नाथ तिवारी, पूर्व अध्यक्ष भगवती प्रसाद, जिला सहाकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिंहा के अलावे जिले के विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष, प्रबंध समिति निदेशक मंडल के सदस्य आदि भी मौजूद रहे। वहीं पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद के कठैया स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद डा. संजय जायसवाल, विधायक नारायण प्रसाद, उमाकांत सिंह ने जिलेवासियों को सौहार्द पूर्ण माहौल में होली मानने की अपील की। मौके पर ओबीसी प्रदेश मंत्री नीरज उर्फ.बबलू, पन्नालाल साह, चंन्द्रमा सिंह, मंडल अध्यक्ष छोटे लाल कुशवाहा, अवधकिशोर सिंह, पप्पू सिंह, सत्येन्द्र सिंह, उपेंद्र राम अमीत कुमार तिवारी, राहुल कुमार, परमेस्वर साह, राजेश पासवान, विजय कुमार, नागेंद्र राव, आदि मौजूद रहे।

CMYK

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2382 वादों का हुआ निष्पादन

## 8 करोड़ रूपये से अधिक का कराया गया समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में 2382 वादों के निष्पादन के साथ कुल 8 करोड़ 91 हजार 967 रूपये का समझौता कराया गया जिसमें मोटर दुर्घटना वाद से संबधित 2 मामलों में 17 लाख 50 हजार, परिवारिक मामले 6, आपराधिक सुलहनीय मामलों से संबंधित 225 वाद, एनआई एक्ट के 04 मामले में 25 लाख 22 हजार का समझौता किया गया। इसके साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से संबधित 1079 वाद, टेलीफोन 10 मामले में 19 हजार 967 रूपये तथा बैंक ऋण से संबंधित 1056 मामलें का निस्तारण करते हुए कुल 7 करोड़



58 लाख रूपये का पक्षकारों को राहत दिया गया। इस तरह कुल मामलों का निस्तारण करते हुए कुल लगभग 8 करोड़ 91 लाख 9 सौ रूपये का समझौता कराया गया। यह लोक अदालत औरंगाबाद एवं दाउदनगर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में किया गया जिसका उद्घाटन जिला जज राजकुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री, पुलिस उपाधीक्षक बिनोद कुमार सिंह, प्राधिकार के सचिव सुकुल राम, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण बैंक, बीमा के पदाधिकारीगण अन्य विभागों के पदाधिकारीगण तथा बहुत संख्या में वादकारीगण उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के उप मुख्य अभिनन्दन कुमार के अधिवक्ता द्वारा किया गया। जिला जज राज कुमार ने कहा कि प्राधिकार द्वारा किये जाने वाले सभी गतिविधियों में लोक अदालत का आयोजन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने लोक अदालत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षो पुराने विवाद को आज के दिन दरकिनार करते हुए निस्तारण की जरूरत है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि यह बार-बार याद दिलाया जाता है कि लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसपर हमलोग भी सक्रिय हो जाते हैं और अधिक से अधिक लोगो तक प्रशासन की पहुंच एवं सूचना स्थापित कर लोगो को लोक अदालत में अपने छोटे-छोटे विवादों को समाप्त करने का प्रयास करते हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह ने लोक अदालत की प्रक्रिया में सभी की भूमिका एवं सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगो के द्वारा कई स्तरों पर कई दिनों से लगातार किये जा रहे प्रयास का प्रतिफल है कि आज न्यायालय में इतनी भारी संख्या में वादकारीगण आये हैं। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने में प्राधिकार के उप प्रमुख विधिक रक्षा परामर्श प्रणाली अभिनन्दन कुमार, कर्मी सुनील कुमार सिंह, परशुराम कुमार सिंह, संजय कुमार, टेक्निकल, अर्पणा सहाय, सुनील कुमार सिन्हा, सहयोगी नवरतन कुमार, गीता कुमारी, कुंदन कुमार सहित सभी अर्द्धविधिक स्वयं सेवकों की भूमिका भी सराहनीय रही।

# हर कदम पर सरकार महिलाओं के साथ : डीएम

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर भवन में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलााधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी एवं उपाध्यक्ष किरण सिंह तथा अन्य महिला शिक्षिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्षा प्रमिला देवी ने कहा कि आज हम सब महिलाओं के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आज 8 मार्च है और आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य महिला शिक्षिका एवं जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इतनी भीड़ आज तक इस हॉल में कभी नहीं देखने को मिला है, इसके लिए मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि माता और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है, यह बात सही है, जब माता नहीं रहेगी तो सृष्टि भी नहीं रहेगी। महिलाओं के सहयोग बगैर हम लोग आगे नहीं बढ़ पाएंगे। जिलाधिकारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कदम पर सरकार आपके साथ है। पंचायती एवं नगर निकाय चुनाव में भी 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अंत में वरीय उपसमाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रिदर्शनी एवं मेराज जमील, बेबी प्रिया, रितेश यादव, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज प्रियदर्शी, जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य महिलाओं की भागीदारी रही।

# महाराज जरासंध की प्रतिमा का अनावरण बिहार के लिए गौरवशाली क्षण : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** मगध की ऐतिहासिक धरती पर शनिवार को एक ऐतिहासिक क्षण साक्षी बना जब वीर योद्धा महाराज जरासंध की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री व अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इसे बिहारवासियों और समस्त चंद्रवंशियों के लिए गर्व का क्षण बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महाराज जरासंध भारतीय इतिहास के गौरवशाली योद्धा थे, जो भगवान कृष्ण के मामा और कंस के ससुर थे। उन्होंने वीरता, साहस और रणनीतिक कौशल से मगध को शक्तिशाली राज्य बनाया था। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार और केंद्र की मोदी सरकार को इस ऐतिहासिक प्रतिमा की स्थापना के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे बिहार का गौरव बढ़ेगा और देशभर के पर्यटकों को राजगीर आकर महाराज जरासंध के जीवन और योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन चंद्रवंशी, राष्ट्रीय मंत्री श्याम किशोर भारती, महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष भागवत चंद्रवंशी सहित हजारों की संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे। इस भव्य कार्यक्रम ने राजगीर की ऐतिहासिक पहचान को और सशक्त किया और आने वाले समय में यह स्थान पर्यटकों व इतिहास प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# बीआरबीसीएल में उत्साहपूर्वक मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) के महाबोधि सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीआरबीसीएल बीजेसी शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में बीआरबीसीएल की तीन महिला कर्मचारी और सीआईएसएफ की चार महिला कर्मचारी सम्मिलित हुईं, जिनके समर्पण और अमूल्य योगदान को सराहा गया। महिला कर्मचारियों ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए। अपने संबोधन में बीजेसी शास्त्री ने महिला कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कंपनी की सफलता में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया। सम्मान के प्रतीक स्वरूप, उन्होंने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को उपहार भेंट किए। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम बीआरबीसीएल की समावेशी और सम्मानजनक कार्य संस्कृति की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और महिलाओं के पेशेवर एवं सामाजिक योगदान को प्रोत्साहित करने के संकल्प को मजबूत करता है।

# ऑटो लिफ्टर गैंग के 2 कुख्यात पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पटना जंक्शन से ऑटो लिफ्टर गैंग के 2 कुख्यात को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों पटना के शहरी इलाके में पिछले करीब 1 वर्ष से भी अधिक समय से घटना को अंजाम देते थे। एक का नाम मोहम्मद करीमुद्दीन और दूसरे का नाम मोहम्मद नसीम है। दोनों सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जबकि इनके गैंग का तीसरा सदस्य फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है। गिरफ्तारी की पुष्टि कोतवाली के थानेदार राजन कुमार ने की है। थानेदार ने बताया कि तीनों अपराधी एक ही थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। तीनों ने एक गैंग बनाया और लूटपाट की घटना को अंजाम देना शुरू किया।

# कुमार गौरव की हत्या से हासेपुर में छाया मातमी सन्नाटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकंगरसराय (नालंदा)।** झारखंड के हजारीबाग में बिहार के नालंदा निवासी इंजीनियर कुमार गौरव की हत्या कर दी गई। नालंदा के पूर्व सांसद रामस्वरूप प्रसाद का नौ साल पहले निधन हो गया था। एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव उनके सगे भतीजे थे। एकंगरसराय प्रखंड के ओप पंचायत के हासेपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिंह के इकलौते पुत्र थे। घर में मां और पत्नी के अलावा 11 साल की एक बेटी है। सभी हजारीबाग में ही रहते थे। बाइक सवार अपराधियों ने जब उन्हें जिस तरह से गोली मारी, उससे साफ पता चलता है कि अपराधी उनकी हत्या के लिए पहले से रेकी कर रहे थे। कुमार गौरव की मौत की सूचना मिलते ही हासेपुर गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। एनटीपीसी में वह उप महाप्रबंधक के पद पर तैनात थे। झारखंड में तैनाती पिछले साल हुई थी। मृतक बिहार के नालंदा से पूर्व सांसद रामस्वरूप प्रसाद के सगे भतीजे थे। झारखंड की पोस्टिंग के पहले मध्य प्रदेश के सिंगरौली में थे। एनटीपीसी के अधिकारी संवर्ग में वह नेता के रूप में भी जाने जाते थे। पिता की इकलौती संतान थे। पोस्टिंग की जगह पर ही रहते थे। इसलिए, हत्या के तार झारखंड या मध्य प्रदेश से जुड़ें, तो आश्चर्य नहीं। कुमार गौरव के पिता स्व0 रामेशवर प्रसाद इलाके के प्रतिष्ठत समाजसेवी थे। गौरव ने बीआईटी सिंदरी से इंजीनियरिंग की थी। एनटीपीसी में वह 2006 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (इंजीनियर) थे।

# महिला सशक्तिकरण में बिहार अग्रणी राज्य : वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार बदल रहा है, इसमें सबकी भागीदारी की जरूरत है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकसित बिहार के संकल्प के साथ हैं। बिहार सरकार महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए विशेष वेंडिंग जोन, महिलाओं की फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 'जिम ऑन व्हील्स' की पायलट परियोजना, 'पिंक टॉयलेट्स' की स्थापना कर रही है। बिहार देश में सबसे अधिक महिला पुलिस अधिकारियों वाले राज्य के रूप में उभरकर लैंगिक समावेशन और सुरक्षा की दिशा में अग्रणी बना हुआ है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को ग्राम संपर्क यात्रा के



दौरान कही। जदयू के बारून प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खैरा ग्राम पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने खैरा, सोनाही, ईटहट, मुकुन्द, बड़कागांव, तेंदुआ गनपत, कंचनपुर, बिशुनपुर, कदोखरी, मंगुराही, गम्हारी, खैरा बिगहा, भलुआही एवं कोशडीहरा (जनकोप) गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद को माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, बारून पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, नागेश्वर सिंह, पंचायत अध्यक्ष मुन्ना सिंह, पूर्व सरपंच राजेश कुमार, मनोज कुमार राम आदि उपस्थित रहे।

# सुलह से समाप्त हुआ वर्षों पुराना विवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधान जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकुमार ने जिलेवासियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोक अदालत के न्यायधीशों को निर्देश दिया कि महिलाओं से जुड़े सुलहनीय वादों में पक्षकारों को अधिकतम लाभ दिलाने का प्रयास करें। प्रधान जिला जज की प्रेरणा से एडीजे उमेश प्रसाद की पीठ पर वर्षो पुराने विवाद को सुलझाते हुए देव थाना कांड संख्या 07/19 का शांतिपूर्ण समाधान निकला। इस मामले में दोनों पक्षों– सूचक कमलेश देवी और अभियुक्त चमेली देवी, नेहा देवी ने आपसी सहमति से झगड़ा समाप्त करने का संकल्प लिया। लोक अदालत में हुए इस फैसले के



बाद प्रधान जिला जज राजकुमार वन, सचिव न्यायधीश सुकूल राम और एडीजे उमेश प्रसाद ने दोनों महिला पक्षकारों को वाद निष्पादन का पंचाट सौंपा। मामला 16 जनवरी 2019 को दर्ज हुआ था, जब कमलेश देवी ने देव थाना में चमेली देवी और नेहा देवी के खिलाफ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वर्षो तक चले इस विवाद का समाधान लोक अदालत में आपसी सहमति से निकला, जिससे दोनों पक्षकार संतुष्ट नजर आए।

# बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर दिया बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस में शनिवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भोपतपुर मुखिया प्रभावती देवी थी। इस कार्यक्रम में जिला के 200 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लोकगीत के माध्यम से समाज में चल रही कुरीतियों के विरूद्ध लड़ने का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा समाज में बेटियों को पढ़ाने एवं हर क्षेत्र में उनको आगे बढ़ाने तथा बराबर के अधिकार पर बल दिया गया साथ ही




अभिभावकों को बेटा-बेटी में भेद न बरतने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया गया साथ ही लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात के गंभीर मुद्दे पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन मृदा वैज्ञानिक डॉ प्रतिभा कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा और समानता को बढ़ावा देना है। यह एक सरकारी पहल नहीं है बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। डॉ सुनीता कुमारी ने महिलाओं को आगाह किया कि बेटी एवं बहु में भेदभाव नहीं बरतें। भ्रूण जांच कर गर्भ में ही बेटियों को न मारें। समाज में कुरीतियों को रोकने के लिये बेटों को गलत रास्ते पर जाने से बचायें। धन्यवाद ज्ञापन दिनेश कुमार ने किया।

# गायब महिला का शव जमीन से निकाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के पालीगंज में दहेज के लिए एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। वारदात के 5 महीने बाद महरिया नदी किनारे से शव को निकाला गया है। महिला की लाश को नदी के पास दफना दिया गया था। मृतक महिला के मायके के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान गौरीचक निवासी गनौरी चौधरी की पुत्री पिंकी देवी के तौर पर हुई है।

# महिला पुलिस कर्मियों एवं चिकित्सकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रफीगंज इकाई के नगर मंत्री किशु गुप्ता के नेतृत्व में रफीगंज थाना में पदस्थापित महिला पुलिसकर्मियों एवं महिला चिकित्सक रश्मि वर्मा को सम्मानित किया गया। नगर मंत्री किशु गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी परिषद छात्र समस्याओं के निष्पादन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। डॉ रश्मि वर्मा ने बताई की महिलाएं अब हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। सरकार भी महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। डॉ0 संगम वर्मा ने बताया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद के द्वारा सम्मानित करने का कार्य किया गया। आज महिलाएं रेलगाड़ी से लेकर हवाई जहाज तक चल रही



है। सभी लोगों को अपनी बच्चियों को पढ़ने लिखाने का कार्य करना चाहिए। इस मौके पर रफीगंज थाना में पदस्थापित एसआई सोनाली कुमारी, सिपाही मानसी भारती, पीटीसी कंचन सिंह, संगीता कुमारी, रंजना कुमारी, लवली आनंद, नवादा सदर अस्पताल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदेश के समिति सदस्य प्रांशु सिंह राजपूत, नगर मंत्री किशु गुप्ता, नगर सह मंत्री सनी कुमार, रोहन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ : राजेश आनंद

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एलआईसी की महिला अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के एक निजी रिसॉर्ट में एलआईसी के महिला अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पटना मंडल प्रबंधक राजेश आनंद, प्रबंधक त्रिभुवन लाल, सहायक शाखा प्रबंधक शक्ति सिंह एवं विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह के साथ महिला अभिकर्ताओं



ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पटना मंडल प्रबंधक राजेश आनंद एवं विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि महिलाएं हमारी समाज की रीढ़ हैं। आज महिलाओं के लिए हर क्षेत्र में उनके रोल को बढ़ाने की जरूरत है। यदि महिलाएं मजबूत होंगी तो देश और मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि काम के आधार पर 688 टीम के 150 से अधिक महिला अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इसमें अनिता कुमारी, कमला देवी एवं सुनीता देवी के साथ अन्य महिला अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करनेवाली एएनएम- जीएनएम हुई सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** रेफरल अस्पताल कुटुंबा में शनिवार को एएनएम की दूसरी साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आकांक्षा सिंह ने की। इस दौरान एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया और परिवार नियोजन कार्यक्रम 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एएनएम और जीएनएम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करने



के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एएनएम और जीएनएम विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती है। इनके द्वारा किए गए कार्य और प्रयास काबिले तारीफ है। पुरस्कार पाकर एएनएम और जीएनएम ने कहा कि कार्यों को सराहना मिलने से हमारा मनोबल बढ़ता है और हम उत्साह के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। सम्मान और पुरस्कार देने के लिए उन्होंने अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आकांक्षा सिंह, मैनेजर दीपक कुमार सिंह समेत सभी एएनएम और जीएनएम उपस्थित थे।

# बसंतोत्सव कार्यक्रम में देर शाम तक झूमे लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहर के भारतीय नृत्य कला मंदिर में कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं भारतीय कला संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन केलिए समर्पित प्राचीन कला केन्द्र चंडीगढ के तत्वावधान में बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग मंत्री मोती लाल प्रसाद ने उद्घाटन संबोधन के दौरान कहा कि शास्त्रीय संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुझे यह देख कर खुशी हो रही है कि इस भारतीय संगीत सहित कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्राचीन कला केन्द्र समर्पित है और आज हम साथ मिल कर इस बसंतोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कला संस्कृति विभाग इस तरह के आयोजन के माध्यम से प्रतिभावान कलाकारों को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर सबसे पहले मुख्य अतिथि मंत्री श्री प्रसाद के साथ केन्द्र के सचिव सजल कौसर, झारखंड से पधारे सतीश कुमार शर्मा एवं भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण कुमार ने केन्द्र के संस्थापक गुरू एमएल कोसर के समक्ष करतल ध्वनि के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं गुरू कोसर के तस्वीर पर माला अर्पित कर आयोजन को दिशा दी।

# हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की विशेष नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे किसी भी हालत में नहीं बजेगी। डीजे बजाते पकड़े जाने पर मालिक व झुमटा निकालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उक्त बातें थाना परिसर में थानाध्यक्ष नरोत्तम, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी एवं एसआई कमल किशोर यादव ने शांति समिति की बैठक में कही। अधिकारियों ने कहा कि कहीं भी अप्रिय घटनाओं की जानकारी मिले, सुचना तुरंत दें। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। झुमटा के लिए लाइसेंस लेना होगा। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने कहा सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात रहेंगे। इसके अलावा पुलिस भ्रमण कर जायजा लेते रहेंगे। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने होली का



त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, रालोमो प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिन्हा, मुखिया राकेश कुमार, सरपंच अरविंद सिंह, समाजसेवी डॉ. देवलाल पासवान, कौशलेंद्र शर्मा, मो.अब्दुल अजीज, पंसस धनंज्जय कुमार मुन्ना, प्रगति कुमार, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, राजकुमार, जयप्रकाश कुमार, रामजीत राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

CMYK